# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1840 : यूनाइटेड किंगडम ने पहला आधिकारिक डाक टिकट जारी किया।

1851 : रानी विक्टोरिया ने लंदन में महाप्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

1897 : स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

1908 : प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।

1923 : भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत में चेन्नई में हुई।


• 1 मई 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 337 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## शुभकामनाएं

श्रमिक दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज विशाल — स्थानीय संपादक

कमल किशोर — संपादक

## सूचना


श्रमिक दिवस के अवसर पर 01 मई 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 03 मई को प्रकाशित होगा।

संपादक

### नरेन्द्र मोदी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जाति जनगणना कराएगी सरकार : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर लगी है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और समाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी। कैबिनेट की बैठक में सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिल्चर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। यह मार्ग मेघालय में शिलॉन्ग के पास मावलिंगखुंग से शुरू होकर असम में सिलचर के पास पंचग्राम तक जाएगा। इससे गुवाहाटी, शिलॉन्ग, सिलचर, डिएंगपासोह, उम्मुलोंग, फ्रामेर, खिलएरियात, रताचेरा, उमकियांग, कलैन जैसे शहरों और कस्बों से निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। इसके अलावा गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है।

## महिला डॉक्टर की संदिग्ध मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के कदमकुआं इलाके में डॉक्टर कनु प्रिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह आत्महत्या है या हादसा, इसकी जांच करने में पुलिस जुट गई है। मामला कदमकुआं इलाके के राजेंद्र नगर रोड नंबर पांच की है। वहीं, डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला कदमकुआं इलाके के राजेंद्र नगर रोड नंबर पांच की है। वहीं, डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## झारखंड में बिजली औसतन 6.34 % महंगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में बिजली महंगी हो गई है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने नए टैरिफ की घोषणा कर दी है। बिजली की नई दर आज 1 मई से लागू कर दी जाएगी। कीमत के लिहाज से देखें तो बिजली की कीमतों में 20 से 40 पैसे तक की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं फीसदी के हिसाब से देखें तो यह 6.34 % महंगी हुई है। विद्युत नियामक आयोग कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इससे संबंधित जानकारी साझा की गई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रति यूनिट 40 पैसे ज्यादा चुकाने होंगे, जिससे दर 6.30 रुपए से बढ़कर 6.70 रुपए प्रति यूनिट हो गई है। वहीं, शहरी उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपए से बढ़कर 6.85 रुपए प्रति यूनिट कर दी गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बिजली दरों में बढ़ोतरी का असर कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर भी पड़ा है। ग्रामीण कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 10 पैसे अधिक, यानी 6.10 रुपए के बजाय 6.20 रुपए देने होंगे। वहीं, शहरी कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपए से बढ़ाकर 6.70 रुपए प्रति यूनिट कर दी गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि फिक्स्ड चार्ज में फिलहाल कोई वृद्धि नहीं की गई है। एचटी कैटेगरी के घरेलू कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 6.25 रुपए प्रति यूनिट के बजाय 6.40 रुपए प्रति यूनिट चुकाने होंगे। हालांकि, इस कैटेगरी में भी फिक्स्ड चार्ज यथावत रखा गया है। बिजली दरों में यह संशोधन उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डालेगा, लेकिन फिक्स्ड चार्ज स्थिर रहने से थोड़ी राहत बनी हुई है।

## अक्षय तृतीया पर बासुकिनाथ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दुमका।** वैशाख मास शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर लोगों ने बुधवार को बाबा फौजदारीनाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिर पुजारी ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना व शृंगार पूजा की। दान-ध्यान कर भक्तों ने अक्षय फल की प्राप्ति की। हिन्दू धर्म में इस दिन का काफी महत्व है और इस तिथि को बेहद मंगलकारी माना गया है। भक्तों ने बाबा फौजदारीनाथ की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडितों द्वारा षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना की गयी। करीब 35 हजार शिवभक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। चार बजे भोर से मंदिर प्रांगण में भक्तों का तांता लगा रहा। सरकारी पूजा के दौरान पुरोहित द्वारा षोडशोपचार विधि से बाबा की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। सरकारी पूजा के बाद मंदिर गर्भगृह का गेट भक्तों के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवगंगा में आस्था की डुबकी लगाकर बाबा फौजदारीनाथ की पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर अन्नदान करने का बहुत महत्व है। इस दिन किए गए दान का पुण्य कभी समाप्त नहीं होता है। अक्षय तृतीया पर मंदिर प्रांगण में गाजे-बाजे के बीच बटूकों का उपनयन संस्कार व विवाह कार्यक्रम किये गये। इस दिन दान-पुण्य के साथ किसी भी मंगल कार्यों को बिना किसी मुहूर्त देखे किया जाता है क्योंकि इस दिन के सारे मुहूर्तों को शुभ माना गया है। साथ ही सोने की खरीदारी का भी विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन सोने की खरीदारी करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## मुख्यमंत्री से मिले मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो एसपी शाही ने बुधवार को बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो शाही ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में हो रही हालिया अकादमिक उपलब्धियों, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, शोध परियोजनाओं, नवाचार केंद्रों तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से अवगत कराया। विशेष रूप से विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित एमएसएमई ट्रेनिंग सेंटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्कृष्टता केंद्र जैसे अभिनव प्रयासों को मुख्यमंत्री ने अत्यंत सराहनीय बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय बिहार की शैक्षणिक आत्मा है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय के नवाचारों को 'बिहार के शैक्षणिक पुनर्जागरण' की दिशा में प्रेरक कदम बताते हुए कुलपति प्रो शाही के नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री से कुलपति की यह मुलाकात निश्चय ही मगध विश्वविद्यालय को 'ज्ञान के वैश्विक केंद्र' के रूप में स्थापित करने के प्रयासों को गति प्रदान करेगी।

## 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पहुंचे सुशील सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अम्बिकापुर/ औरंगाबाद।** ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद के पूर्व भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह ने छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार से आए प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर गहन संवाद किया। श्री सिंह ने संवाद के दौरान आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए सभी बिहारवासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ''बिहार के लोगों के मन में भाजपा और एनडीए के प्रति जबरदस्त उत्साह है, जो चुनाव के दौरान वोट रूपी ऊर्जा में परिवर्तित होकर प्रदेश को स्थिर और विकासशील नेतृत्व देगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरगुजा भरत सिंह सिसोदिया, प्रदेश मंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा देवदत्त साहू, अभिषेक प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, अमरनाथ राय, डॉ. अनुराग कुमार, श्वेता नंदन, औरंगाबाद भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह तथा उपेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व सांसद श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसी पहल देश की एकता, सांस्कृतिक समरसता और भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करती है। बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के बीच इस प्रकार का सांस्कृतिक आदान-प्रदान न केवल राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है, बल्कि आपसी सहयोग और संवाद का नया मंच भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बिहार के हर मतदाता तक पहुंचें और उन्हें जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि लोकतंत्र की बुनियाद और मजबूत हो सके।

## दिल्ली हाट में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के किदवई नगर इलाके में बने दिल्ली हाट मार्केट बुधवार शाम भीषण आग लग गई है। रात 8.55 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली, जिसके बाद 13 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन करीब 25 से 30 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। यह मार्केट भारत के ग्रामीण बाजारों से प्रेरित है और इसमें देश भर के हस्तशिल्प के स्टॉल हैं। दिल्ली हाट एक लोकप्रिय आर्ट और क्राफ्ट मार्ट है और इसमें एक फूड प्लाजा भी है।अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग राज्यों के स्टॉल में आग लग गई है। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## महाबोधि अतिथिगृह के निर्माण से पर्यटकों को होगी सहूलियत : नीतीश

### मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बोधगया में महाबोधि अतिथिगृह का वेलकम होटल वाई आईटीसी के द्वारा संचालन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ के पश्चात् मुख्यमंत्री ने अतिथि गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दूसरे और सातवें तल पर जाकर अतिथिगृह के कमरों एवं अन्य भागों का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आठ एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बने अतिथिगृह में पर्यटकों के ठहरने के लिए 120 कमरे बनाये गये हैं। देश-विदेश से आनेवाले पर्यटकों की आवश्यकताओं और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस अतिथिगृह का निर्माण कराया गया है। इस अतिथिगृह में पर्यटकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बोधगया में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए देश-विदेश से आते हैं, जिन्हें अब ठहरने में काफी सहूलियत होगी। महाबोधि अतिथिगृह में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बोधगया का अतिथिगृह काफी अच्छा बना है। हमलोग चाहते थे कि यहां अतिथि गृह का निर्माण कराया जाए। बहुत पहले हमने इसको लेकर योजना बनाई थी। यहां देश और विदेशों से भारी तादाद में पर्यटक आते हैं। उनके ठहरने की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे लोग महाबोधि मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वापस लौट जाते थे। महाबोधि अतिथिगृह के बन जाने से पर्यटकों को यहां ठहरने में काफी सहूलियत होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। साथ ही उन्होंने बोधिवृक्ष की भी पूजा की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री को बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। इसके पश्चात् गया में मुख्यमंत्री ने बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में अवस्थित मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् उन्होंने इसके विभिन्न भागों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बिपार्ड स्थित ओपन एयर थियेटर तथा स्वीमिंग पूल का भी शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान स्वीमिंग पूल में खिलाड़ी ने तैराकी कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के तहत होनेवाले मुकाबलों की तैयारियों का जायजा लिया और खेल ट्रैक तथा खेल मैदान में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के शुभंकर का अनावरण किया। महाराष्ट्र के एक खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री के समक्ष मलखम्ब खेल का प्रदर्शन किया। साथ ही 11 वर्ष के एक बच्चे और बच्ची ने योग करतब का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान कहा कि आप लोग मन लगाकर अभ्यास करें और प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना के साथ अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन करें। ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किया जा रहा है। 4 मई से 15 मई तक 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का पटना, गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय में आयोजन होगा। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री डा. सुनील कुमार, विधायक अनिल कुमार एवं ज्योति देवी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी एवं कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मगध प्रमंडल की आयुक्त डा. सफीना ए. एन., पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।


BAYC Institute — बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

स्थापित 1972 — गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : 10th) | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10th)

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science (अवधि: 3 वर्ष, योग्यता :10+2) | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science (अवधि: 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2)

MD (Acu Yoga) | MD (TM) (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट) | MD (EH) (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : BEMS)

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

• एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डा. अजय प्रकाश — सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त — अध्यक्ष

Apply Online: www.bayc.in

9572607696, 9304942855, 9334278279

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# एक बार मौका देकर देखिए, तेली साहू समाज से तेजस्वी यादव की अपील

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियां जातीय समीकरण को साधने जुटी हुई हैं. इसी क्रम में राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वैश्य समाज के लोगों से अपील की है. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आप हमारा साथ दें और बिहार की सरकार को बदलें.

तेजस्वी यादव का चांदी के मुकुट से स्वागत- राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में राजद विधायक रणविजय साहू की अध्यक्षता में दानवीर भामाशाह की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था. साहू समाज के लोगों ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चांदी का मुकुट भेंटकर भव्य स्वागत किया. कार्यक्रम में एक कार्यकर्ता तराजू के साथ पहुंचा था. उस तराजू में एक तरफ लालू यादव, तो दूसरी तरफ तेजस्वी यादव की तस्वीर लगी हुई है.

**राष्ट्रीय जनता दल वैश्य समाज को बढ़ा रहा आगे:** तेजस्वी यादव ने दानवीर भामाशाह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल ही ऐसी पार्टी है, जो लगातार वैश्य समाज को ज्यादा से ज्यादा टिकट देकर आगे बढ़ाने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि साल 2020 में हमने वैश्य समाज के 15 लोगों को विधानसभा से उम्मीदवार बनाया था और 2024 में भी हमने 3 वैश्य समाज के लोगों को टिकट देने का काम किया है. वैश्य समाज के लिए हम लोग लगातार काम करते रहते हैं. बिहार में लगातार अपराध बढ़ रहा है, जिसमें हत्याएं और सबसे ज्यादा व्यापारियों की दुकानों को लूटा जा रहा है. बिहार में जो सरकार है, वह अपराध को रोकने में विफल साबित हो रही है. तेजस्वी यादव, नेताप्रतिपक्ष

**वैश्य समाज हमारा दे साथ:** तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि हम एक युवा नेता हैं और जब किसी सोने-चांदी की दुकान लूटी जाती है, तो काफी दर्द होता है. निश्चित तौर पर हम आप लोगों के दर्द को समझ रहे हैं और आप भी हमें ठीक से समझिए, क्योंकि बिहार में वैश्य समाज के लोगों का अगर कोई भला करने वाली पार्टी है, तो वो राष्ट्रीय जनता दल है.




**बिहार में बदलाव की जरूरत:** बिहार में इस बार बदलाव लाइये. बिहार में जब बदलाव आएगा, तो निश्चित तौर पर आपके समाज के लोगों के स्वाभिमान को ध्यान में रखा जाएगा. वर्तमान सरकार व्यापारियों और वैश्य समाज के लोगों के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रही है, वो उचित नहीं है. अपराधी व्यापारियों को निशाना बना रहे हैं और सरकार चुप्पी साधे हुए है.

भाजपा को मिलता है सबसे ज्यादा वैश्यों का वोट- बता दें कि बिहार में वैश्य समाज का वोट सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को मिलता है. ऐसे में राष्ट्रीय जनता दल पार्टी अपने विधायक रणविजय साहू के माध्यम से बीजेपी के इस वोट बैंक में सेंध लगाना चाहती है.

**वैश्य समाज के लिए आरजेडी सबसे अच्छी पार्टी:** इससे पहले भी पटना के मिलर स्कूल में साहू समाज द्वारा एक महासभा का आयोजन किया गया था, जिसमें भी तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि वैश्य समाज के हित को लेकर राष्ट्रीय जनता दल लगातार काम कर रही.

## संक्षिप्त समाचार

### गया जंक्शन पर पहली बार सीबीआई की 11 घंटे तक रेड, रेल डिपो इंचार्ज समेत 3 हिरासत में

**गया, एजेंसी।** गया जंक्शन के रेल डिपो से रेल सामग्री में गड़बड़ी किये जाने की शिकायत पर सोमवार को पटना सीबीआई तथा रेल विजिलेंस हाजीपुर की संयुक्त टीम की करीब 11 घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान डिपो इंचार्ज सीनियर सेक्शन इंजीनियर (ट्रैक डिपो) आरडी चौधरी और दो ग्रुप डी रेल कर्मियों की संलिप्ता को लेकर उन्हें हिरासत में लेते हुए पूछताछ के लिए साथ पटना ले गई। डेहरी स्टेशन पर कार्यरत सीनियर रेल सेक्शन इंजीनियर राजकुमार द्वारा करोड़ों रुपए का सामान चोरी कर बेचने का लगे आरोप को लेकर सीबीआई ने गया में यह कार्रवाई की है। दो दिन पहले डेहरी व सोननगर में सीबीआई व हाजीपुर रेल विजिलेंस ने छापेमारी कर रेल अधिकारी समेत चार रेल कर्मियों को गिरफ्तार किया था।

गया रेल डिपो इंचार्ज पर सीबीआई व रेल विजिलेंस टीम को यह शिकायत मिली कि रेलवे द्वारा ठेकेदार के माध्यम से जो सामग्री डिपो में आता था। उसे ग्रुप डी के कुछ कर्मियों के माध्यम से लेनदेन किया जाता है। जांच में टीम को गड़बड़ी की शिकायत मिली है। सूत्रों ने बताया कि आगे और भी जांच की जाएगी।

जांच में बड़े मामले का उजागर होने की संभावना है। जांच में मिली गड़बड़ी के तहत डिपो इंचार्य पर आय से अधिक संपत्ति का भी मामला दर्ज किये जाने की तैयारी हो रही है। सोमवार की सुबह 10 बजे से पटना सीबीआई के 5 सदस्यीय टीम में शामिल एक डीएसपी, तीन इंस्पेक्टर तथा एक स्टाफ तथा हाजीपुर जोन के दो विजिलेंस अधिकारी की टीम ने रात 9 बजे तक जांच की कार्रवाई में जुटे रहे।

बताया गया कि रेल संपत्ति की चोरी कर अवैध तरीके से करोड़ों रुपए की कमाई की सूचना पर सीबीआई की टीम ने रेल विजलेंस की टीम के साथ छापेमारी की कार्रवाई में जुटी है। सीबीआई की गया जंक्शन पर यह पहली कार्रवाई है। इस छापेमारी से रेलवे के लोगों में हड़कंप मच गया है।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना, एजेंसी।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज यानी 29 अप्रैल को दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शूरवीर दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### छात्रा को कुत्तों ने नोच-नोच कर किया जख्मी, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के बरगांव गांव वार्ड संख्या-7 में सोमवार सुबह शौच के लिए गई एक छात्रा को कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। मृतक छात्रा की पहचान गांव के स्वर्गीय हरेराम यादव की 10 वर्षीय पुत्री प्रतिका कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

गांव के रामबालक यादव ने बताया कि प्रतिका कुमारी दो अन्य बच्चियों के साथ सुबह शौच के लिए गई थी। लौटते समय लगभग 15-20 कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और हमला कर दिया। अन्य दो बच्चियां किसी तरह भागकर गांव पहुंचीं और लोगों को सूचना दी। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक प्रतिका बुरी तरह घायल हो चुकी थी।

## ऑपरेशन थिएटर में भी पढ़ाई से नहीं टूटा नाता, डॉक्टर करते रहे सर्जरी, मैथ्स की क्लास लेता रहा अनमोल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जब भी ऑपरेशन का नाम जहन में आता है, तो लोग सहम जाते हैं, लेकिन बिहार के मुजफ्फरपुर में अनोखा मामला सामने आया है. जहां एक बच्चा ऑपरेशन के दौरान भी अपने मोबाइल पर गणित की क्लास ले रहा था.



29 अप्रैल को हुआ था ऑपरेशन- अनमोल को बचपन से ही हर्निया की बीमारी थी. जब अनमोल के परिजन पिछले महीने सुपर स्पेशियलिटी में आए, तो डॉक्टरों ने उन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी, जिससे परिजन ऑपरेशन के लिए राजी हो गए. इसके बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की तारीख 29 अप्रैल तय की थी.

**अनमोल का हर्निया का हुआ ऑपरेशन-** मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में प्रमोद कुमार के 10 वर्षीय बेटे अनमोल कुमार तरियानी का लेफ्ट इनगुइनल हर्निया का ऑपरेशन चल रहा था. इसी बीच ऑपरेशन थिएटर में अनमोल की तल्लीनता देखकर डॉक्टर और नर्स हैरान रह गए.

**ऑपरेशन थिएटर में पढ़ता रहा अनमोल-** आमतौर पर बच्चे अस्पताल में भर्ती होने पर मोबाइल गेम में उलझे रहते हैं, लेकिन अनमोल ने अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दी और ऑपरेशन के दौरान भी गणित की क्लास ली. अनमोल के इस हौसले की डॉक्टर तारीफ कर रहे हैं. अनमोल को जब भर्ती कराया गया, तभी से वह मोबाइल में पढ़ाई से जुड़ा कंटेंट देख रहा था. मंगलवार को ऑपरेशन से पूर्व एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र कुमार ने जब अनमोल को लोकल एनेस्थीसिया दिया और उसे सर्जरी के लिए तैयार किया।

## गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा पटना, मोकामा में एसअस्त्र और अपराधियों में एनकाउंटर

**पटना, एजेंसी।** मोकामा और पंडारक थाना क्षेत्र के टाल इलाके में पुलिस और एसटीएफ ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया. एनकाउंटर के दौरान दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है. एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इन दोनों अपराधियों को दो देसी रायफल, एक देसी कट्टा और दर्जनों राउंड कारतूस के साथ पकड़ा गया है.



**दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार-** पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों में बेगूसराय का अर्जुन राय और मोकामा के मेकरा का उमेश राय शामिल है. दोनों अपराधी लंबे समय से पुलिस के रडार पर थे और इनके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. एएसपी राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दोनों कुख्यात अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने एक सटीक योजना बनाई थी. ये दोनों अपराधी एक बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे.

**घेराबंदी और मुठभेड़-** सूचना मिलने के बाद एसटीएफ और पंडारक थाना की पुलिस ने मोकामा थाना के साथ मिलकर इनकी घेराबंदी की. जब पुलिस ने उन्हें घेर लिया, तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की और आखिरकार दोनों को गिरफ्तार कर लिया.

**पूछताछ जारी, अन्य गिरोह की भी हो सकती है पहचान-** आगे एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों से फिलहाल पूछताछ जारी है. पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इन दोनों के गिरोह का अन्य अपराधियों से भी कनेक्शन हो सकता है, जो क्षेत्र में अपराधों को अंजाम दे रहे थे. पुलिस ने उनके साथियों को पकड़ने के लिए और भी कड़ी कार्रवाई की योजना बनाई है. इस ऑपरेशन से मोकामा और पंडारक क्षेत्र में अपराधों पर काफी हद तक काबू पाया जा सकेगा.

## भारत-नेपाल सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी, एसएसबी जवानों की बड़ी कार्रवाई

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बिहार के सीतामढ़ी से सटे भारत-नेपाल बॉर्डर की खुली 60 किलोमीटर सीमा पर जवानों ने गस्ती बढ़ा दी है. वहीं जवानों के गश्ती बढ़ाने के बाद लगातार तस्कर और अपराधियों की गिरफ्तारी हो रही है. ताजा मामला भारत नेपाल की सीमा से सटे सोनबरसा का है. जहां स्थानीय एसएसबी 51 बटालियन सोनबरसा कैंप के जवानों ने भारी मात्रा में गंजा के साथ एक तस्कर को दबोचा है.

एसएसबी जवानों ने गांजा तस्कर को दबोचा- पकड़े गए तस्कर की पहचान सोनबरसा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 निवासी लाल बहादुर महतो के बेटे जीतेन्द्र महतो के रूप में की गई है. कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर बाबू सिंह साहब के नेतृत्व में आरक्षी मनीष कुमार और विपुल कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर जांच शुरू की. इस दौरान पिलर संख्या 323/13 सोनबरसा वार्ड नंबर 2 के पास ये कार्रवाई की गई.





कैसे हो रही थी गांजा की तस्करी- बता दें कि तस्कर अपने सेन्ट्रो कार से सीतामढ़ी के तरफ जा रहा था. उसी बीच पहले से घात लगाएं जवानों ने गाड़ी को रोककर तलाशी लेनी शुरू कर दी. इस दौरान कार में एक लाल रंग के प्लास्टिक में 30 किलो ग्राम गंजा बरामद किया गया.

तस्कर को किया गया पुलिस के हवाले- कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर बाबू सिंह साहब ने गंजा और कार सहित तस्कर जितेंद्र महतो को स्थानीय थाना के हवाले कर दिया है. थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि गंजा और कार को जब्त करते हुए तस्कर के विरुद्ध मादक द्रव्य एवं मनोतेजक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. वहीं उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर बाबू सिंह ने बताया कि ÷सीमा पर लगातार गस्ती बढ़ा दी गई है और शक होने पर तलाशी ली जा रही है.

## शराबबंदी कानून पर फंस गई बिहार पुलिस! पटना हाई कोर्ट ने ठोका जुर्माना



**पटना, एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी कानून पर बिहार पुलिस फंस गई है. पटना हाईकोर्ट ने बिहार में शराबबंदी कानून के दुरुपयोग पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार पर दो लाख रुपये का हर्जाना लगाया है. यह आदेश बेगूसराय में एक एथेनॉल लदे टैंकर की कथित रूप से अनुचित जब्ती को लेकर दिया गया.

**शराबबंदी कानून में फंस गई बिहार पुलिस!-** जस्टिस पी.बी. बजनथ्री की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मधु ट्रांसपोर्ट की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया है. याचिकाकर्ता का कथन था कि उनकी टैंकर गाड़ी 40,000 लीटर एथेनॉल लेकर इंडियन ऑयल, बरौनी रिफाइनरी जा रही थी.

गाड़ी में आवश्यक वैध दस्तावेज मौजूद था - याचिकाकर्ता ने बताया कि गाड़ी में आवश्यक वैध दस्तावेज मौजूद थे. इसके बावजूद, पुलिस ने टैंकर को संदेह के आधार पर जब्त कर लिया और शराब अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर दी.

**कोर्ट ने कहा, एथेनॉल का दुरुपयोग नहीं हुआ था -** कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब्ती के समय टैंकर में पूरा 40,000 लीटर एथेनॉल बरामद हुआ और डिजिटल लॉक भी सुरक्षित स्थिति में था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि एथेनॉल का दुरुपयोग नहीं हुआ था. कोर्ट ने इसे अधिकारों का अंधाधुंध प्रयोग बताते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह इस मामले की विभागीय जांच कराए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे. साथ ही, ?1 लाख याचिकाकर्ता को और ?1 लाख अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा कराने का निर्देश दिया गया है.

**बिहार में शराबबंदी -** बता दें कि साल 2016 से बिहार में पूर्ण शराबबंदी है. 2015 विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने इसे उठाया था, फिर सरकार बनने के बाद साल 2016 में इसे लागू किया.

## पहलगाम हमले के बाद भारतीय वायुसेना में बड़ा बदलाव

### बिहार के नर्मदेश्वर तिवारी बनें आईएएफ के नये वाइस चीफ

**सिवान।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है. इसी बीच भारतीय सेना में बड़े बदलाव किए गए हैं. जिसमें गुठनी थाना क्षेत्र के सिकलपुर गांव निवासी एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को भारतीय वायुसेना का नया वाइस चीफ बनाया गया है.

1 मई को कार्यभार संभालेंगे नर्मदेश्वर तिवारी- एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी 1 मई को एयर मार्शल सुजीत पुष्पाकर धारकर की जगह लेंगे. एयर मार्शल सुजीत पुष्पाकर धारकर 30 अप्रैल को रिटायर्ड हो रहे हैं. उन्होंने 40 साल से ज्यादा अपनी सेवाएं दी हैं.

वो एयर स्टाफ के डिप्टी चीफ भी रहे- एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडिंग इन चीफ के पद पर 1 मई 2023 से हैं. इससे पहले वो एयरफोर्स हेडक्वार्टर में एयर स्टाफ के डिप्टी चीफ भी रह चुके हैं.

गोल्ड मेडलिस्ट हैं नर्मदेश्वर तिवारी- एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे से स्नातक की है. इसके अलावा उन्होंने नेशनल डिफेंस कॉलेज दिल्ली में प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल जीता. 7 जून 1986 को फाइटर स्ट्रीम में कमीशन मिला.

फाइटर जेट उड़ाने का 3600 घंटे से अधिक अनुभव - एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी 37 साल से अपनी सेवाएं दे रहे हैं. उन्हें फाइटर जेट उड़ाने का 3600 घंटे से अधिक का अनुभव है. नर्मदेश्वर तिवारी ने कारगिल युद्ध के दौरान अहम भूमिका निभाई थी.

बधाई देने वालों का लगा तांता- भारतीय वायुसेना में एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को नया वाइस चीफ बनाने की खबर मिलते ही पूरा गांव खुशी से झूम उठा. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के पैतृक गांव में बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया. नर्मदेश्वर तिवारी की इस उपलब्धि से सिवान जिला के साथ-साथ पूरा बिहार गौरवान्वित हुआ है.

बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने किया था हमला- 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने सैलानियों पर हमला कर दिया था. आतंकवादियों ने 26 सैलानियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे.

मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ लिए बड़े फैसले- घटना के बाद केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रूख लेते हुए पांच बड़े फैसले लिए थे. जिसमें पहला भारत और पाकिस्तान के बीच स्थित ऑटारी बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करना है, जबकि दूसरा फैसला पाकिस्तान में मौजूद भारत के दूतावास को बंद करना है.

सिंधू जल समझौता निलंबित- तीसरा फैसला सिंधू जल समझौते के निलंबित करना है, जबकि चौथे फैसले में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी राजनायिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने को कहा गया है. वहीं, पांचवां फैसला पाकिस्तानियों को भारत का वीजा नहीं देने का है.

# आरजेडी से गठबंधन या सिखाएंगे सबक? 100 सीटों पर ओबैसी की नजर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर हलचल बढ़ने लगी है. कई दलों ने 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. एक तरफ एनडीए तो दूसरी तरफ महागठबंधन में भी तैयारी जोर-शोर से चल रही है लेकिन असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने अब तक अपना पत्ता नहीं खोला है. 2020 में एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) ने सीमांचल में 5 सीटों पर जीत हासिल कर सबको चौंका दिया था. प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान के मुताबिक इस बार गठबंधन की कोशिश हो रही है. यदि बात बनी तो ठीक नहीं तो 100 से अधिक सीटों पर पार्टी ताकत दिखाएगी.

विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर काम शुरू- एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि जो भी पार्टी बिहार में दलित, पिछड़ों और आपसी सौहार्द की बात करती है, उन्हें एक मंच पर आ जाना चाहिए और एनडीए को सत्ता से बाहर निकालने की कोशिश करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है. वे कहते हैं कि तमाम दलों की नजर सिर्फ कुर्सी पर है.

एआईएमआईएम की क्या भूमिका होगी?- इस सवाल के जवाब में अख्तरुल ईमान कहते हैं कि उन लोगों की ओर से पूरी कोशिश है कि समान विचारधारा की जितनी भी पार्टियां हैं, सभी एक साथ हो जाएं. उनके मुताबकि अभी बिहार में कोई भी गठबंधन या दल एनडीए को सत्ता से बाहर करने में सक्षम नहीं है. हमने महागठबंधन के दलों को मजबूत बनाने का संदेश दिया है. सीएम तो आरजेडी के लोगों को ही बनना है. किन दलों के साथ गठबंधन की कोशिश?- हालांकि अख्तरुल ईमान ने कहा कि किन दलों के साथ हमलोग गठबंधन की कोशिश कर रहे हैं, उनके नाम बताने की जरूरत नहीं है लेकिन हमने आरजेडी और कांग्रेस को मजबूत संदेश दिया है. माइनॉरिटी वोटों के बिखराव को लेकर जिन्हें चिंता है, उनको इस दिशा में पहल करनी चाहिए. हमने धार्मिक और सामाजिक संगठनों से भी कहा है कि सेकुलर वोटों का बिखराव ना हो, इसके लिए एक सामंजस्य स्थापित हो. अगर ऐसा नहीं होता है तो इन मतों का बिखराव होगा, जिसका नुकसान ऐसे तमाम दलों को होगा. सबसे अधिका नुकसान उनका ज्यादा होगा, जो मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं.



100 सीटों पर लड़ सकती है एआईएमआईएम- अख्तरुल इमान ने कहा कि 25 जिलों में हमारा मजबूत संगठन है. ऐसे में हमलोगों ने बिहार की 100 से अधिक सीटों का चयन किया है, जहां पर चुनाव लड़ने की तैयारी है. वे कहते हैं कि हमारी कोशिश समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन की है लेकिन अगर बात नहीं बनेगी तो हम अपनी ताकत का प्रदर्शन जरूर करेंगे. क्या सीमांचल से बाहर भी चुनाव लड़ेंगे?- इस सवाल के जवाब में एआईएमआईएम विधायक अख्तरुल ईमान कहते हैं कि आप बचपन की बात कर रहे हैं. हमारी पार्टी अब बचपन से निकलकर जवानी में पहुंच चुकी है. हम मगध में चुनाव लड़ रहे हैं, शाहाबाद में लड़ रहे हैं, चंपारण में चुनाव लड़ रहे हैं और भागलपुर में भी मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं. इसलिए हमारी तैयारी बिहार के हर इलाके में जाने की है. 2020 वाला गठबंधन दोहराएंगे?- 2020 में बहुजन समाज पार्टी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली एआईएमआईएम क्या एक बार फिर पुराने सहयोगियों के साथ चुनाव लड़ सकती है? इस सवाल पर अख्तरुल ईमान ने कहा कि बसपा से गठबंधन हुआ था लेकिन चुनाव जीतने के बाद जमा खान जेडीयू में चले गए, जबकि उपेंद्र कुशवाहा से भी बहुत उम्मीद थी लेकिन उनकी राह भी अलग हो गई. ऐसे में अगर सेकंड ऑप्शन कामयाब नहीं हुआ तो हमलोग थर्ड ऑप्शन के साथ जाएंगे, नहीं तो फिर एकला चलो की राह अपनाएंगे. एआईएमआईएम के 4 विधायक आरजेडी में शामिल- 2020 में सीमांचल में आप लोगों ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन आपके 4 विधायक आरजेडी में चले गए. इस पर अख्तरुल ईमान ने कहा कि वे (आरजेडी) दलितों और वंचितों की बात करते हैं लेकिन सहयोग करने की बात आती है तो मुंह फेर लेते हैं. बीजेपी तोड़ लेती तो कोई बात भी थी लेकिन अपने आप को सेकुलर कहने वाली पार्टी भी दलितों और अकलियतों की आवाज उठाने वाली पार्टी के विधायकों को तोड़ लेती है, यह बेहद तकलीफदेह है.

# हॉकी की नर्सरी सिमडेगा की चमकदार बेटियां पर्थ में भारतीय टीम का बढ़ा रहीं मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा जिले की बेटियों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। 26 अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में चल रहे महिला हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम में सिमडेगा की पांच बेटियां–सलीमा टेटे, महिमा टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग और अंजना डुंगडुंग–शामिल हैं। इनमें से सलीमा और महिमा टेटे सगी बहनें हैं, जो सिमडेगा के छोटे से गांव बड़कीछापर की रहने वाली हैं। इन बेटियों की मेहनत और लगन ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती।

**जहां खून में बहता है हॉकी के लिए प्यार**

हॉकी को भारत का राष्ट्रीय खेल कहा जाता है, लेकिन सिमडेगा में यह सिर्फ खेल नहीं, एक जुनून है। यहां के बच्चों के लिए हॉकी जीवन का हिस्सा है–बांस की स्टिक और प्लास्टिक की गेंद से शुरू हुआ सफर अब अंतरराष्ट्रीय मैदानों तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि सिमडेगा को 'हॉकी की नर्सरी' कहा जाता है।

**इतिहास और परंपरा से जुड़ा है सिमडेगा का खेल प्रेम**

सिमडेगा जिला न सिर्फ अपनी आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, बल्कि हॉकी में इसके ऐतिहासिक योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। इस धरती ने देश को माइकल किंडो और सिलवानुस डुंगडुंग जैसे ओलंपियन दिए हैं। महिला हॉकी में सुमराय टेटे और असुंता लकड़ा जैसी कप्तानों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है।

**बेटियों ने बदली तस्वीर, बड़कीछापर बना प्रतीक**

बड़कीछापर गांव आज भारतीय महिला हॉकी का प्रतीक बन गया है। यह वही गांव है, जहां की बेटियां अब विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। हॉकी के लिए यहां ऐसा जुनून है कि आदिवासी लड़कियां भी सामाजिक चुनौतियों को पार कर मैदान में उतरती हैं और जीत की कहानियां लिखती हैं।

**सिमडेगा का सामाजिक संदेश**

जहां देश के कई हिस्सों में बेटियों को अभी भी सीमित नजरिए से देखा जाता है, वहीं सिमडेगा ने दिखाया है कि सही दिशा, सामुदायिक समर्थन और आत्मविश्वास से बेटियां किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं। सलीमा और महिमा की मां सुभानी टेटे अपनी बेटियों की कामयाबी पर भावुक हैं। उन्होंने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे गांव की बेटियां एक दिन देश के लिए खेलेंगी, वो भी विदेश में। ये सिर्फ हमारी नहीं, पूरे गांव की खुशी है।

# 9474 लोगों को मिली 22 सरकारी योजनाओं से राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के 193 अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोलों में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 9474 लाभार्थियों को राज्य सरकार की 22 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इन शिविरों का आयोजन जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। शिविरों में लाभान्वित हुए लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें पहली बार इतनी योजनाओं की जानकारी और सहायता एक ही स्थान पर मिली। जिला कल्याण पदाधिकारी दिवेश दिवाकर ने बताया कि अब तक जिले में चार चरणों में ऐसे शिविरों का आयोजन हो चुका है, जिनके माध्यम से न सिर्फ लाभ वितरण हुआ है, बल्कि समाज के कमजोर तबकों में जागरूकता की एक नई लहर भी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सरकार की ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। इस बीच जिला प्रशासन ने शिविरों में पदाधिकारियों की उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं कि नामित कर्मियों की अनुपस्थिति की स्थिति में एक दिन का वेतन काटा जाएगा और अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी। शिविरों की निगरानी लगातार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है, ताकि कार्य में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बना रहे। इस पहल से न केवल योजनाओं का लाभ समय पर जरूरतमंदों तक पहुँचाया गया, बल्कि ग्रामीण इलाकों में लोक कल्याणकारी नीतियों के प्रति भरोसा भी और मजबूत हुआ है।

# मुखिया पति को झूठे केस में फंसाने पर, सर्किल इंस्पेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड क्षेत्र के चौबे पंचायत के मुखिया पति को एक केस में बेवजह नामजद किए जाने पर मुखिया ने सर्किल इंस्पेक्टर को लिखित आवेदन देकर गहन जांच कर केस से अपने पति का नाम हटाने की गुहार लगाई है। चौबे पंचायत की मुखिया कमला देवी ने बताई कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के मुखियागणों को ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद भेजा जा रहा था। इसी क्रम में मेरे पति ब्रह्मदेव राजवंशी हमें बीते 24 अप्रैल को गया स्थित हवाई अड्डा पर छोड़ने साथ गए थे। इस दौरान कुछ अन्य पंचायतों के मुखिया पति भी साथ में अपनी पत्नी को छोड़ने गए हुए थे। हमें छोड़ने के बाद मेरे पति लगभग 9 से 10 बजे के बीच अपने गांव भेलवाटांड़ पहुंचे थे किंतु मेरे पति के विरुद्ध एक साजिश के तहत मारपीट एवं छिनतई के मामले में सिरदला कांड संख्या 156/25 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मुखिया ने बताई कि दर्ज प्राथमिकी में समय का जिक्र संध्या लगभग 7 बजे का बताया जा रहा है,जबकि उस समय मेरे पति गांव पर थे ही नहीं,बावजूद रंजिश के कारण उन्हें जबरन झूठे केस में फंसा दिया गया है। मुखिया ने बताया कि वे अपने लेटर पैड पर सर्किल इंस्पेक्टर रजौली को लिखित आवेदन देकर मामले की गहनता से जांच कर पति के नाम हटाने की गुहार लगाई हूं।साथ ही बताई कि उन्हें कानून व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास है और उन्हें न्याय मिलेगा। इस बाबत सर्किल इंस्पेक्टर अब्दुल गफ्फार ने बताया कि मुखिया द्वारा लिखित आवेदन मिला है, जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अक्षय तृतीया पर सर्राफा व्यापारियों की रही बहार, ग्राहकों ने जमकर की खरीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** अक्षय तृतीया पर जहानाबाद के सर्राफा बाजार में काफी तेजी देखने को मिल रही है। अक्षय तृतीया से एक दिन पूर्व ही सोने और चांदी की खरीदारी में ग्राहक जुट गए थे जिससे सर्राफा बाजार में रौनक देखने को मिल रहा है। अक्षय तृतीया को सोना- चांदी की वस्तुओं, गहनों एवं गाड़ी की खरीद को शुभ माना जाता है। इस दिन सोना-चांदी खरीदना समृद्धि और सौभाग्य लाने वाला माना जाता है। इसलिए, कई लोग इस दिन सोना और चांदी की खरीदारी करते हैं। इस बार सोने की कीमतें भी पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। सोने के आसमान छूते भाव के बावजूद सोने- चांदी की चीजें निवेश की दृष्टिकोण से उपयुक्त मानी जा रही है लिहाजा लोग जमकर खरीदारी किए। जैसा कि ज्ञात हो पिछले एक वर्ष के अंतराल में सोना लगभग 20 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से उछाल पर रहा है। वहीं आगे भी इसमें और तेजी आने की संभावना है। हालाकि देखा जाए तो पिछले दो -तीन दिनों में सोना के भाव में गिरावट भी आई है, इससे भी खरीदार काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अक्षय तृतीया पर जहानाबाद के शराफा बाजार में सोने और चांदी की खरीदारी करने वाले लोगों की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर कुछ लोग नई गाड़ियां, कपड़े, और अन्य चीजें भी खरीद रहे थे। शराफा बाजार में अक्षय तृतीया के दिन की बिक्री पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा होने की उम्मीद है। शहर के दो प्रमुख ज्वेलरी शॉप कल्याण ज्वेलर्स और तनिष्क के शो रुम को ग्राहकों के लिए आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इन दुकानों में अक्षय तृतीया के अवसर पर मेकिंग चार्ज में छूट के साथ-साथ कुछ आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। छोटे शराफा व्यापारी भी इस दिन को खास बनाने के लिए ग्राहकों को आकर्षक ऑफर दे रहे हैं। जिले में कई वाहन कंपनियों के शो रुम भी हैं जहां ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दिया जा रहा है।अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक दिख रही थी, वहीं खरीदार भी अपनी जरूरत और हैसियत के हिसाब से बाजार में खरीदारी के लिए जुट गए हैं।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए गुरू पुरोहितों को दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जिलो में अक्षय तृतीया के अवसर पर कई प्रखंड में धर्म गुरु पुरोहितों को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ। आइडिया संस्थान ने इस अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले कई मंदिरों पर विशेष अभियान चलाई। देश मे नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन आइडिया की ओर से बाल विवाह के रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है अभियान काफी सफल रहा। अभियान में धर्म गुरु व पुरोहितों का साथ पूर्णतः मिला। अभियान में शामिल सभी धर्म गुरु पुरोहितो ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन के लिए हाथ बढ़ाकर बाल विवाह जैसी कुरूतियों को हटाने के लिए शपथ भी लिया। यह अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन वर्ष 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन चला रहा है। अभियान में राजगीर तीर्थ पुरोहित सचिव विकास उपाध्याय दिवाकर पंडा राजीव पंडा महेश पंडा दीपू पंडा पिंटू पंडा आइडिया समन्वयक मंटू कुमार उज्ज्वल कुमार विवेक अस्विनी गंगोत्री शुशीला देवी मनीराम अखाड़े के पुजारी आदि मौजूद थे।

# संदीप चुन्नु छठी बार बने नवादा जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा निवासी संदीप कुमार चुन्नू को जदयू ने व्यवसायिक प्रकोष्ठ का छठी बार जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर दर्जनों लोगों ने बधाई दी है। जदयू बिहार विधान परिषद के उप नेता ललन सर्राफ और बिहार सरकार के मंत्री शीला मंडल ने संदीप कुमार चुन्नू को नवादा जिला व्यवसायिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनयन पत्र समर्पित किया है। गौरतलब है कि इससे 5 बार पहले भी संदीप कुमार चुन्नू को व्यवसायिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनयन किया गया था। संदीप कुमार चुन्नू को बधाई देने वालों में मुरारी कुमार, लल्लन कुशवाहा, राजेंद्र विशाल, राजन कुमार, चाणक्य कुमार मुन्ना आदि लोग शामिल हैं।

# 100 नर्सिंग प्रशिक्षुओं को दिया जा रहा व्यावहारिक प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में माता सुशीला इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन नर्सिंग, सैदबहरी के 100 नर्सिंग प्रशिक्षुओं का तीन माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण बुधवार से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र-छात्राओं को चिकित्सा सेवा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे आने वाले समय में एक कुशल, संवेदनशील और दक्ष स्वास्थ्यकर्मी के रूप में कार्य कर सकें। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एस. के. सुधाकर ने बताया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति एवं रोगी कल्याण समिति के माध्यम से निःशुल्क और बेहतर चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को मरीजों की सेवा के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन, शिष्टाचार, स्वच्छता और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। डॉ. अभिजीत कुमार गौतम ने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के बाद व्यावहारिक प्रशिक्षण किसी भी नर्सिंग छात्र के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इससे उनमें अनुशासन, मानसिक संतुलन और सहयोग की भावना का विकास होता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रसव प्रबंधन, वॉर्ड ऑब्जरवेशन, कचरा प्रबंधन, रजिस्टर लेखन, ऑक्सीजन थेरेपी, इन्फ़ेक्शन कंट्रोल, आपातकालीन सेवाओं की प्रक्रिया समेत स्वास्थ्य सेवा के विविध तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

# बाल विवाह से होने वाली हानि और इसे रोकने को लेकर निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के तारगीर गांव स्थित रामलाल इंटर विद्यालय में बुधवार को बाल विवाह से होने वाले हानि और बाल विवाह रोकने के उपाय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में 9वीं,10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चेतना सत्र के समय हीं भाषण के साथ ही बाल विवाह रोकना है,बेहतर बेटी समाज को आगे बढ़ाना है, 21 वर्ष में बिटिया की शादी, उज्जवल भविष्य संवारना है,जन-जन की आई आवाज, बेटी पढ़ाओ,बनाओ महान जैसे नारे का गुंजायमान हुआ और तालियों के साथ स्वागत बच्चों ने किया। कार्यक्रम में चयनित बच्चों को अगले शनिवार को आयोजित होने वाले सजग कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य राणा रणजीत आजाद ने कहा कि बेटियां को बढ़ावा दिया जाए,तो कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, द्रौपदी मुर्मू, सरोजनी नायडू, लक्ष्मीबाई जैसे महान व देश का होनहार हो सकते है। इस मौके पर शिक्षक ब्रजेश कुमार,अरविंद ,कमला कुमारी, विकास, संदीप, सुरेंद्र, सोनी कुमारी, मयंक सागर, विजय शंकर पाठक, रविशंकर कुमार के साथ छात्रा प्रिया, रिया, अनुपम, खुश्बू, ऋतु,रानी, काजल, सोनाली, सुहानी, पूनम, रचना आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया वहीं सजग के प्रभारी रविशंकर ने कहा कि हजार्ट हंट अर्थात जोखिम की खोज के संदर्भ में जानकारी को लेकर निबंध,भाषण,पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से अभिभावक एवं छोटे बच्चों में जागरूकता अभियान के साथ मॉक ड्रिल कराया जाएगा।

# डॉ. अशोक कुमार वर्मा के चौथे श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा के पिता डॉ. अशोक कुमार वर्मा के चैथे श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिरकत करने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हवाई मार्ग से बिहारशरीफ पहुंचे। सीएम के आगमन से पूर्व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान बिहार सरकार के जलसंसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चैधरी, मंत्री अशोक चैधरी, सासंद कौशलेंद्र कुमार, विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, कौशल किशोर, प्रेम मुखिया समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा डॉ. अशोक कुमार वर्मा के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिवार वालों से मुलाकात की। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं कहां से चुनाव लड़ूंगा, इस बात का फैसला पार्टी करेगी। इसमें व्यक्ति विशेष का कोई रोल नहीं होता है। मैं पार्टी का एक सिपाही हूं, जो पार्टी का आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा। अगर पार्टी मुझपर विधानसभा चुनाव में भरोसा करती है तो मैं निश्चित तौर पर चुनाव लड़ूंगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार, कुमार रवि, पूर्व विधायक ई. सुनील, चंद्रसेन पूर्व एमएलसी राजू यादव, जिलाध्यक्ष मो. अरशद के अलावे जदयू नेता भारत भूषण प्रसाद, रिशु कुमार, अनुपम कुमार, बबलू कुमार, अमरेंद्र कुमार मुन्ना, अकबर अली, अविनाश मुखिया अनिरुद्ध कुमार, विजय कुमार, कमल किशोर, अजय कुमार, राजा मुखिया, अवध किशोर चैधरी, अरुण कुमार वर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा तनुजा कुमारी, डीएम, एसपी, डीडीसी, एसडीपीओ मौजूद रहे।

# शराब के शौकीन मुखिया की खुली पोल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सिलाव प्रखंड क्षेत्र के करीयन्ना पंचायत के मुखिया राजकुमार रजक व पुर्व पंचायत समीति सदस्य रामोतार पासवान का शराब सेवन करते बीडीओ क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुर्व में भी मुखिया राजकुमार रजक पर दलित महिला के साथ अश्लील बातचीत का बीडीओ क्लिप वायरल हुआ। मुखिया राजकुमार रजक एवं गांव के नीतीश कुमार के बीच रंजिश, मतभेद की बात सामने आ रही है दोनो पक्ष एक दूसरे को पछाड़ने के लिए दाव पेंच लगा रहे है। शासन प्रशासन तमाशबीन बन बैठी है। शराब व शवाव के शौकीन मुखिया को प्रतिद्वंदी ने सीटिंग ऑपरेशन कर पोल खोल दिया लोगों में चर्चा का विषय बना है। मुखिया ने भी पुर्व मे केस-मुकदमा कर रखे थे। शासन प्रशासन दोनो के बीच पनप रहे तनाव को कम करने के लिए कोई कार्रवाई की सूचना नही है। अनहोनी की घटना से इंकार नही किया जा सकता है।

# डॉ. एस. के. एस. विमेंस कॉलेज में आयोजित हुआ एल्युमिनाई मीट 2025, पूर्व छात्राओं ने साझा किए अनुभव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** डॉ. एस. के. एस. वीमेंस कॉलेज, मोतिहारी में बुधवार को एल्युमिनाई मीट 2025 का भव्य आयोजन प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार, पूर्व प्राचार्य प्रो. किरण कुमारी, मंच संचालन कर रहीं डॉ. अर्पणा एवं जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आकृति रानी शामिल रहीं। दीप प्रज्वलन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण राजनीति शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. विपिन दूबे द्वारा किया गया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ठेका प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के जरिये ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- **नीलामी की श्रेणी:** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : एएसएन-एडीवीटी-14-05। नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 14.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **स्टेशन/लोकेशन का नाम/ट्रेन संख्या एवं एसएलआर:** आरडीएन: (i) **आसनसोल में:** प्लेटफॉर्म संख्या 3/4 तथा 5/6 के कालका छोर पर स्टेशन के अंदर नॉन-डिजिटल मीडिया के जरिये विज्ञापन। (ii) **जसीडीह में:** जसीडीह स्टेशन के अंदर 02 एफओबी तथा प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2/3 पर उसके पिलरों पर नॉन-डिजिटल मीडिया के जरिये विज्ञापन। **कुल 05 परिसंपत्तियां:** आरडीएन परिसम्पत्तियों की संख्या: 02। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सम्पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-31/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[मंडल अभियंता/4/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या: 12_2025-26, दिनांक: 28.04.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन एसएसई/पी.वे/पाकुड़ के खंड में पाकुड़ क्वैरी लाइन से क्वैरी सामग्रियों/धूल की सफाई। **अनुमानित लागत:** रु. 87,43,965.40। **बयाना राशि:** रु. 1,74,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छः) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 20.05.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-53/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बाइक सवार अपराधियों ने युवक से दो लाख रुपये लूटे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** गोंछी-केसरिया मुख्य मार्ग पर स्थित नहरी पुल के समीप बुधवार को तीन हथियारबंद अपराधियों ने अपाची बाइक पर सवार होकर एक युवक से दो लाख रुपये लूट लिए। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित राहुल गिरी अपने गांव गोंछी से रुपये लेकर बैंक में जमा कराने जा रहे थे। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही वह नहरी पुल के पास पहुंचे, पीछे से बिना नंबर की अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उनकी बाइक में टक्कर मार कर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद हथियार दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया और गोंछी की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की ओर से थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी ली जा रही है और पुलिस टीम छानबीन में जुटी है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा की रद्दगी**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/अभियांत्रिकी/जीएसयू, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा संख्या: 02_2025-26**, जिसके बंद होने की तारीख एवं समय 19.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे थी। प्रशासनिक कारणों के चलते उपर्युक्त निविदा को **रद्द कर दिया** गया है।

(HWH-56/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ठेका प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के जरिये ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- **नीलामी की श्रेणी:** एटीएम। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या: एटीएम-एएसएन-13-05। नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 13.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **स्टेशन/लोकेशन का नाम/ट्रेन संख्या एवं एसएलआर:** 11 स्टेशनों के निम्नलिखित 13 लोकेशनों पर एटीएम की स्थापना: आसनसोल (ट्रैफिक जिम्नेजियम के पास एवं वीआईपी रोड के प्रवेश), गिरिडीह, दुमका, बासुकीनाथ, देवघर, चित्तरंजन, कुल्टी, सीतारामपुर, सिमुलतला (स्टेशन के पूर्वी एवं पश्चिमी तरफ), बराकर एवं कुमारधुबी। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सम्पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-32/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# बाइक पेड़ से टकरायी, दो सवारों की मौत

## बाइक के उड़े परखच्चे , एक अन्य गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर**। जिले में भीषण सड़क हादसे का शिकार तीन दोस्त हो गए, जिनमें से दो की मौत हो गई। वहीं, एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना कुढ़नी थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान गुड्डू कुमार पिता धर्मेंद्र सहनी उम्र लगभग 17 वर्ष बताई गई है। वहीं, रितिक कुमार पिता मुकेश साहनी उम्र 16 वर्ष के रूप किया गया है। जबकि एक अन्य पंकज कुमार पिता लाल सहनी उम्र लगभग 18 वर्ष के रूप में किया गया है। इस घटना में बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि एक हाई स्पीड बाइक केटीएम से तीन दोस्त जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बाइक सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने इलाज के दौरान में दम तोड़ दिया।

वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से इलाजरत है। घटना कुढ़नी थाना क्षेत्र इलाके के जिमदार चौक के पास की बताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही कुढनी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। वहीं, घायल को लेकर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले में कुढ़नी थाना प्रभारी ने बताया, हाई स्पीड बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं, तीसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। घायल का इलाज कराया जा रहा है। सभी लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं और बाइक अधिक तेज होने के कारण से घटना घटी है।

# चेहरा प्रमाणीकरण की उपलब्धि हासिल नहीं करने पर सीडीपीओ व सुपरवाइजर का रूकेगा वेतन : डीडीसी

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार कर बच्चों को दें शिक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने समाज कल्याण विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभागार में समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने टीएचआर व पोषाहार की समीक्षा की। वही विभागीय दिशानिर्देश के तहत सभी लाभुकों का चेहरा प्रमाणीकरण (चेहरा सत्यापन) करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने 10 मई तक 50 प्रतिशत व मई माह के अंत तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए चेहरा प्रमाणीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मई माह के अंत तक उपलब्धि हासिल नहीं करने की स्थिति में संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व पर्यवेक्षकों का वेतन अवरूद्ध करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पोषण ट्रेकर के सभी इंडिकेटर पर शत प्रतिशत प्रविष्टि का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सीएएस लाभुक का सत्यापन दस दिनों के अंदर हर हाल में करने एवं नये लाभुकों का प्रविष्टि लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार कर बच्चों को शिक्षा देने, अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों को स्कूल भेजने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका चयन पंजी विभागीय निर्देश के तहत किसी परियोजना ने सात दिनों के अंदर कार्यवाही पंजी जमा नहीं किया तो उसे जिला में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी रिक्त पदों व 30 अप्रैल को सेवानिवृति उपरांत रिक्त पदों के लिए 3 मई तक सूचना प्रकाशित करते हुए 31 मई तक चयन कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।उप विकास आयुक्त ने सभी केन्द्रों का पोषक क्षेत्र का सीमांकन दो मई तक करने का निर्देश दिया। इससे चयन के समय किसी तरह का विवाद नहीं हो सकेगा। उन्होंने जाति बहुलता का भी सर्वे कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक प्रतिदिन केन्द्र निरीक्षण करने व जीयो टैगिंग के संबंध में फोटो भेजने का निर्देश दिया। इससे उसका अनुश्रवण किया जा सकेगा। उप विकास आयुक्त ने केन्द्रों को उपलब्ध कराए गए प्री-स्कूल किट की जांच करने व टीवी इंस्टॉल कराने का निर्देश बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व पर्यवेक्षकों को दिया। ऐसा नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने आधारभूत संरचना का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने, जहां भवन बना हुआ है, वहां हस्तगत करवाते हुए केन्द्र का संचालन करने व किराया पर संचालित केन्द्रों के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया।

# उत्कृष्ट अंक एवं सर्वोच्च उपस्थिति पर छात्र हुए सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया**। बुधवार को मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में प्रातः वंदना सभा पर सत्र 2024-25 के परीक्षा में उत्कृष्ट अंक एवं सर्वोच्च दैनिक उपस्थिति में छात्रा निकिता सिंह एवं शिवम कुमार को निदेशक डॉ. संजय प्रधान, प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी, उप-मुख्य पार्षद गौतम साह व अन्य अभिभावकों की उपस्थिति में नई साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान ने कहा की विद्यालय समय-समय पर विभिन्न अवसरों पर छात्रों को प्रोत्साहित करते रहती है। ज्ञात हो कि इस वर्ष भी वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशन के अवसर पर बाल वर्ग से नवम के बच्चों को मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी ने कहा कि छात्रों को नियमित विद्यालय आने से ज्ञान का विकास होता है । विद्यालय के अध्यक्ष आर. एस. रुंगटा एवं उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रूंगटा ने छात्र-छात्राओं को दिए गए पुरस्कार पर शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने दोनों छात्र को पुरस्कृत होने पर बधाई दी।

# बिहार की बेटी बनेगी त्रिनिदाद की पीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर**। कैरिबियन द्वीप समूह त्रिनिदाद और टोबैगो में एक बार फिर से बिहार के बक्सर जिले के इटाढ़ी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव भेलुपुर की बेटी कमला परसाद बिसेसर प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। इस खबर ने न केवल भेलुपुर, बल्कि पूरे भारत को गौरवान्वित कर दिया है। उनके पुरखों के गांव भेलुपुर में जमकर खुशियां मन रही हैं।

त्रिनिदाद और टोबैगो में संपन्न हुए हालिया लोकसभा चुनाव में यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस (यूएनसी) ने निर्णायक बहुमत हासिल किया है।

73 वर्षीय कमला, इससे पहले 2010 से 2015 तक देश की पहली महिला प्रधानमंत्री रह चुकी है। तब वह अपने पुरखों की जड़ें खोजते हुए भेलुपुर पहुंची थीं।

कमला के पूर्वज भेलुपुर गांव से त्रिनिदाद पहुंचे थे। उनके परदादा रामलखन 1889 में कोलकाता से एक स्टीमर के जरिए त्रिनिदाद गए थे।

ब्रिटिश शासन के दौरान विदेश जाने वाले मजदूरों के रिकार्ड में भेलुपुर गांव का जिक्र मिला, जिसके आधार पर कमला अपने पैतृक गांव तक पहुंची थीं।

2010 में प्रधानमंत्री बनने के बाद, उन्होंने अपने पुरखों की जड़ें तलाशने की ठानी और 2012 में अपने पुरखों के गांव तक पहुंच गईं।

इस यात्रा ने न केवल उनकी निजी जिंदगी को भावनात्मक रूप से समृद्ध किया, बल्कि भारत और त्रिनिदाद के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत किया।

2012 की उस ऐतिहासिक यात्रा में कमला ने भेलुपुर गांव में अपने दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात की। गांव वालों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने गांव के मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपने पूर्वजों को याद किया।

उन्होंने गांव के स्कूल और सामुदायिक केंद्र के लिए आर्थिक मदद का वादा भी किया था, जिससे गांव में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ।

कमला ने उस दौरान कहा था, यह मेरे लिए सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने का एक भावनात्मक अनुभव है। भेलुपुर मेरे दिल में हमेशा रहेगा।

उनकी यात्रा का फायदा यह हुआ था कि इस सुदूरवर्ती गांव में पक्की सड़क बन गई थी। हालांकि बाद के दिनों में यहां बदलाव की गति थोड़ी धीमी पड़ गई।

कमला की इस जीत पर बिहार, खासकर भेलुपुर गांव में खुशी की लहर है। रिश्ते में उनके चाचा लगने वाले जगदीश मिश्रा ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का पल है।

# हाजीपुर कोर्ट पहुंचे बाहुबली मुन्ना शुक्ला

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे बेउर जेल में

- बृजबिहारी हत्याकांड में सुनाई गयी है सजा
- बड़ी संख्या में कोर्ट पहुंचे उनके समर्थक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। हाजीपुर कोर्ट ने कहा, बाहुबली पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला हाजिर हो और मुन्ना शुक्ला हाजीपुर कोर्ट पहुंचे। वे एक मामले में हाजिरी देने पहुंचे थे। बताया गया कि पुराने मामले में मुन्ना शुक्ला को कोर्ट ने हाजिर होने का आदेश दिया था। उसके बाद बाहुबली पूर्व विधायक हाजीपुर पहुंचकर हाजिरी लगाया। बताया गया कि मुन्ना शुक्ला अभी पटना जेल में बंद हैं।

बता दें कि लगभग 26 साल पहले बृजबिहारी हत्याकांड हुआ था। उस समय बृजबिहारी प्रसाद विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री व राजद के वरिष्ठ नेता थे। उनकी हत्या पटना के आईजीआईएमएस में गोलियों से भूनकर कर दी गई थी। इस हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला और सूरजभान सिंह सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था।

इस कांड में अब कोर्ट फैसला आने के बाद मुन्ना शुक्ला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके बाद मुन्ना शुक्ला पटना कोर्ट में सरेंडर कर दिए। जहां से उनको पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है। लेकिन जैसे ही कोर्ट में मुन्ना शुक्ला के आने की खबर फैली, वैसे ही भारी संख्या में समर्थक हाजीपुर कोर्ट पहुंचे और मुन्ना शुक्ला के साथ फोटो और वीडियो बनाते दिखे।

वहीं, हाजीपुर कोर्ट में भारी संख्या में पहुंचे समर्थक और मुन्ना शुक्ला का समर्थन के प्रति प्यार झलक रहा था।

वहीं, मुन्ना शुक्ला बारी-बारी से कोर्ट में मौजूद समर्थकों से मुलाकात किए, जिसके बाद कोर्ट में हाजिरी हुई, फिर वापस पटना लौट गए। मुन्ना शुक्ला को भारी सुरक्षा के बीच हाजीपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। मुन्ना शुक्ला मीडिया से बात करने से बचते दिखे।

# परीक्षा की तिथि घोषित, छात्रों को दिये गये कई आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इन्टरमीडिएट एवं मैट्रिक विशेष तथा कम्पार्टमेन्टल परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। यह परीक्षा 2 मई से प्रारंभ होगी, जो दो पालियों में ली जाएगी। इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा में 6,628 परीक्षार्थी तथा कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में 45,762 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कुल 52,390 परीक्षार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा है, जिनके लिए परीक्षा का आयोजन राज्य के 110 परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा।

परीक्षा के पहले दिन 02 मई को प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए हिन्दी विषय की परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक विज्ञान संकाय के परीक्षार्थियों के लिए जीव विज्ञान (इङ्ग्'ड्ढॅ८) विषय, कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए इतिहास (ऌ२३ङ्ग१८) विषय तथा वोकेशनल के परीक्षार्थियों के लिए अंग्रेजी (एल्लॅ'२ँ) विषय की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

मैट्रिक विशेष परीक्षा में 7,621 परीक्षार्थी तथा कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में 54,652 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार मैट्रिक विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कुल 62,273 परीक्षार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा है, जिनके लिए परीक्षा का आयोजन राज्य के 141 परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। परीक्षा के पहले दिन 02 मई को प्रथम पाली में सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक मातृभाषा के अंतर्गत हिन्दी, बांग्ला, उर्दू एवं मैथिली विषय की परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक द्वितीय भारतीय भाषा के अन्तर्गत संस्कृत, हिन्दी, अरबी, फारसी एवं भोजपुरी विषय की परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा के लिए पटना जिला में 3,001 परीक्षार्थियों के लिए कुल 05 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा में 15 मिनट का आरंभिक समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है।

सभी परीक्षार्थी भीड़-भाड़ से बचने के लिए तथा ससमय अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने के लिए निर्धारित समय से 01 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश कर लेंगे। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व बंद कर दिया जायेगा। अर्थात प्रथम पाली में पूर्वाह्न 08:30 बजे से परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश प्रारंभ हो जायेगा तथा 09:00 बजे पूर्वाह्न में परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय पाली में अपराह 01:00 बजे से परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश प्रारंभ हो जायेगा तथा 01:30 बजे अपराह्न में परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से विलंब से पहुँचने के कारण चहारदीवारी से कूदकर अथवा गेट पर जबरदस्ती एवं अवैध रूप से परीक्षा में प्रवेश करने के मामले को आपराधिक गतिविधि को मानते हुए संबंधित परीक्षार्थी को 02 वर्ष के लिए परीक्षा से निष्कासित किया जाएगा तथा उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही, ऐसे परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति देनेवाले उस परीक्षा केन्द्र के केंद्राधीक्षक एवं अन्य चिन्हित व्यक्ति के विरूद्ध निलंबन एवं प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी अथवा मैगनेटिक घड़ी पहनकर आना भी वर्जित किया गया है।

# ड्राप आउट बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति सुनिश्चित कराएं : बीडीओ

## स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को ले प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)**। विश्रामपुर नगर परिषद स्थित रेहला जेबी हाई स्कूल के सभागार में बुधवार को स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को ले प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव सिंह व संचालन शिक्षक मनोज कुमार द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ राजीव सिंह, जिला परिषद बिजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय, बीईईओ महेंद्र प्रजापति, बीपीएम सतीश तिवारी, बीआरपी मनोज पाठक, अखिलेश दुबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना व शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के संकल्प को मजबूत बनाना था। बीडीओ राजीव सिंह ने अपने




संबोधन में कहा कि स्कूल रुआर 2025 एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य 5 से 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने कार्यक्रम की मुख्य बिंदुओं पर विशेष जोर दिया, जिसमें 5 वर्ष से ऊपर सभी बच्चों का आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना। विद्यालय में नामांकित 5 से 18 वर्ष के बच्चों की नियमित उपस्थिति दर्ज करना। विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति सुनिश्चित करना है।अप्रवासी, अनामांकित व विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन कर नामांकन व उपस्थिति सुनिश्चित करना। पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक नामांकित बच्चों का अगले कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित करना। सभी बच्चों की उपस्थिति को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर दर्ज करना व नियमित अनुश्रवण करना। नव-नामांकित बच्चों की सतत उपस्थिति सुनिश्चित करना आदि शामिल है। बैठक में पंचायती राज प्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों व विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया व औपचारिक रूप से शपथ भी ली कि वे शिक्षा के क्षेत्र में इस महाअभियान को सफल बनाने हेतु हरसंभव योगदान देंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रशासन, पंचायत, शिक्षक व समुदाय मिलकर स्कूल रुआर 2025 को एक जनआंदोलन का रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर शिक्षक विनोद दीक्षित, भोला राय, हर्षवर्धन चतुर्वेदी, रंजीत सिंह सहित शिक्षक व सीआरपी मौजूद थे।

# भीड़ ने की पीट-पीटकर युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी**। मधुबनी में ग्रामीणों ने पीट-पीट कर एक युवक की हत्या कर दी। घटना राजनगर थाना क्षेत्र के राघोपुर बलाट गांव की है। मृतक की पहचान मधुबनी गिलेशन बाजार निवासी बिरजू शाह के पुत्र नंद किशोर शाह (25) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि मधुबनी नीलम चौक निवासी प्रेम कुमार ,शक्ति झा सहित कुछ दोस्तों के साथ रात्रि में राघोपुर बलाट गांव गया था, जहां उनकी वहां के कुछ युवकों से झड़प हो गई। इस घटना में प्रेम कुमार का सिर फट गया, जिसके बाद उसके बाद मधुबनी शहर से कुछ युवक के साथ नंदकुमार तकरीबन 12 बजे के आसपास गांव में घटना की जानकारी लेने के लिए गया था। इसी बीच गांव के लोगों को लगा कि यह लोग फिर मारपीट करने आया है। इसी बात को लेकर भीड़ ने उन लड़कों पर हमला कर दिया। इस हमले में नंद कुमार मोटा होने के कारण भाग नहीं सका, जिस वजह से ग्रामीणों ने नंद किशोर शाह की जमकर पिटाई कर दी। गंभीर स्थिति होने पर लोगों ने गंभीर रूप से घायल नंदकिशोर शाह को सड़क के किनारे पफेंक कर फरार हो गये। इस बात की सूचना किसी ने राजनगर थाना अध्यक्ष विकास कुमार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल नन्द कुमार को राजनगर पीएचसी में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

नंद किशोर की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन उसके शव को लेकर सड़क जाम कर दिया। हंगामा और सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुलिस भी वहां पहुंची और फिर परिजनों को काफी समझाने के बाद जाम को हटाया जा सका। फिर शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। राजनगर थाना की पुलिस मृतक के घायल दोस्त प्रेम कुमार और उनके अन्य दोस्तों के बयान पर आरोपियों की पहचान में जुट गई है।

# अस्पताल अधीक्षक पर महिलाकर्मी ने लगाया गंभीर आरोप, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। बिहार में गया जिले के प्रभावती अस्पताल अधीक्षक द्वारा महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ अश्लील हरकत और गंदी बातें करने का मामला सामने आया है। फिलहाल, महिला थाने में आरोपी अधीक्षक के खिलाफ पीड़िता ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत दर्ज होने के बाद महिला थाने की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि, महिला थाने में मामला आने के बाद आरोपी अस्पताल अधीक्षक फरार हो गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, गया शहर में प्रभावती अस्पताल के अधीक्षक सत्येंद्र चौधरी पर प्रभावती अस्पताल की महिला स्वास्थ्य कर्मी ने अश्लील और गंदी बात करने का आरोप लगाया है। साथ ही उनकी बात नहीं मानने पर अभद्र व्यवहार किया गया। पीड़िता ने गया जिले के महिला थाने में आरोपी अस्पताल अधीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। महिला थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रभावती अस्पताल के आरोपी अधीक्षक डॉक्टर सत्येंद्र चौधरी फरार हो गए हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी अधीक्षक न तो अस्पताल आ रहे हैं और न ही अपने आवास पर है। कार्रवाई की डर से भूमिगत हो गए हैं।

वहीं, पीड़िता ने बताया कि प्रभावती अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी के रूप में कार्यरत हूं। पिछले कई महीने से प्रभावती अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सत्येंद्र चौधरी मुझे हर दिन मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। बिना कारण के हमें अपने चैंबर में बुलाकर कहते थे, तुम खुश कर दो, तुम्हें प्रभावती अस्पताल में कोई कुछ नहीं बोलेगा। तुम जब चाहो, अस्पताल आओ और जब चाहो चली जाओ। जब मैं इसका विरोध करती थी तो मुझे गाली-गलौज और धमकी देते थे।

## बस की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला है। जहां एक बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्करर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक सवार युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया गया है।

मृतक युवक की पहचान रोह प्रखंड के सम्हरीगढ़ पंचायत के गेवाली गांव के प्रदीप यादव के 24 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के रंधावा गांव निवासी मदन यादव का पुत्र आनंद यादव के रूप में किया गया है। युवक अपने मौसेरे भाई की शादी के बाद अपने ननिहाल लौट रहा था कि कौआकोल के सरौंनी मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही पांडव बस ने टक्कर मार दिया।

टक्कर के बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से बस को पकड़ लिया गया। सरौंनी के छोटेलाल मुखिया ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया, जिसके बाद पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

परिजनों ने बताया कि युवक मननिया से रधवा अपने नानी घर जा रहा था। मौसरे भाई की शादी में मननिया कौआकोल गया था। वहां से वह अपने नानी घर बाइक से जा रहा था कि सरौनी मोड़ पर पांडव बस ने जोरदार टककर मारा, जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। युवक की शादी एक साल पहले हुई थी।

# युवक की गोली मारकर हत्या, शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया**। बिहार में अररिया जिले के फुलकाहा में अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इसको लेकर फुलकाहा बाजार के ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। मंगलवार शाम से ही दीपक लापता था। बुधवार सुबह नहर किनारे युवक दीपक का शव मिला, पोस्टमॉर्टम में गोली लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

अररिया के फुलकाहा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर दो निवासी दीपक कुमार (21) की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी और शव को फेंक दिया। दरअसल, दीपक मंगलवार शाम पांच बजे बाजार जाने के लिए घर से निकला और छह बजे के बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा। रात भर परिवार वालों ने दीपक की तलाश की। सुबह दीपक का शव मदुरा नहर किनारे बरामद हुआ है।

पोस्टमॉर्टम कर रहे मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर आदित्य ने बताया है कि कनपट्टी के पास गोली लगने से दीपक की मौत हुई है। वहीं, इस घटना से आक्रोशीत ग्रामीणों ने फुलकाहा बाजार में सड़क पर आगजनी कर अज्ञात अपराधी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## नशेड़ी प्रधान शिक्षक स्कूल से गिरफ्तार

**मोतिहारी**। मोतिहारी में शराब के नशे में धुत प्रधानाध्यापक को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरुही बारा फरीद उर्दू विद्यालय से पुलिस ने मंगलवार को ग्रामीणों की सूचना पर कुंडवा पुलिस ने विद्यालय परिसर पहुंच कर प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर लिया। नशेबाज प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय के शिक्षकों से दारु पीकर बच्चों की फर्जी उपस्थिति बनाने के दबाव बना रहा था। साथ ही बकझक और गाली गलौज कर रहा था।

## मुख्यमंत्री ने जातीय गणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का किया स्वागत

# योजनाओं को बनाने में होगी सहूलियत : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश में जनगणना के साथ जातीय गणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना कराने की हम लोगों की मांग पुरानी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले से योजनाओं को बनाने में सहूलियत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आने वाले समय में जाति जनगणना कराने का फैसला ऐतिहासिक व



अत्यंत स्वागत योग्य है। यह उन नेताओं के लिए भी एक सबक है जो जातीय जनगणना का राग तो बहुत अलापते रहे, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने पर भी कुछ किया नहीं। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान एवं विकास के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन तथा धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में जातीय आधारित जनगणना को मंजूरी देकर देशहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मेरी और मेरी पार्टी की एक लंबे अर्से से मांग रही थी कि देश में जातीय आधारित जनगणना कराई जाए , आज इस मांग को स्वीकृति मिल चुकीं है। इसको लेकर मैं देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। पिछले कुछ वर्षों में जातीय जनगणना को लेकर मेरे और केंद्र सरकार के बीच कई भ्रांतियां फैलाई गईं। आज का निर्णय इन सभी अफवाहों का स्पष्ट जवाब है। केंद्र सरकार का यह कदम देश के समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाएगा। जातीय जनगणना से नीतियों को अधिक न्यायसंगत और लक्षित बनाने में मदद मिलेगी। इससे वंचित तबकों को सशक्त करने की दिशा में ठोस जानकारी और आधार मिलेगा। जो लोग मोदी सरकार की नीयत पर शक करके जाति जनगणना के मुद्दे पर दिन रात राजनीति करते थे वो अब कौन सा नया पैंतरा अपनाएंगे ये देखना दिलचस्प होगा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की कैबिनेट द्वारा 'जातिगत जनगणना' कराने का निर्णय ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया मोदी सरकार की योजनाओं को प्रभावी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार की तीन महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को आम जनजीवन में परिवर्तनकारी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में ठोस पहल की है। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना- ये तीनों योजनाएं देश के करोड़ों नागरिकों को



आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दे रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत अब तक 30.57 करोड़ से अधिक लोगों का पंजीकरण हो चुका है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 14.02 करोड़ से अधिक लोग बीमा सुरक्षा से जुड़े हैं। इसके साथ ही अटल पेंशन योजना में 5.13 करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, इन योजनाओं ने न केवल लोगों को जीवन में सुरक्षा दी है, बल्कि जीवन के बाद भी उनके परिवारों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। यही है मोदी जी का कमाल, जिसने हर गरीब और कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की यह सोच है कि हर नागरिक का जीवन खुशहाल और सुरक्षित हो और इन योजनाओं के माध्यम से वह सपना अब साकार हो रहा है।

# मिट्टी की जांच से किसानों को मिलेगा उर्वरक उपयोग का सही मार्गदर्शन : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि मिट्टी की जांच से किसानों को उर्वरक उपयोग का सही मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के तहत बिहार राज्य में वर्ष 2025-26 के लिए किसानों के खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता जांचने एवं उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कुल तीन लाख मिट्टी नमूनों की जांच कर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना किसानों को उर्वरकों के संतुलित और वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को उनके खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति की जानकारी मिलेगी जिससे वे कार्ड में उल्लिखित अनुशंसित मात्रा के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग कर सकेंगे। इससे न केवल खेती की लागत में कमी आएगी, बल्कि पैदावार में भी बढ़ोतरी होगी जिससे किसानों की आय में सुधार होगा। विजय सिन्हा ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 11,841 मिट्टी नमूनों का संग्रहण किया जा चुका है। यह कार्य विभिन्न मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 में राज्य के सभी पंचायतों में प्रत्यक्षण (डेमोंस्ट्रेशन) का कार्य किए जाने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह प्रत्यक्षण एक हेक्टेयर के ग्रिड के आधार पर किया जाएगा जिसमें आने वाले सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इससे किसानों को अपने खेत की मृदा संरचना और आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी सुलभ होगी।

# नौकरी के बाजार का हो रहा विकास : शशि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वित्त वर्ष 2025 में भारत के नौकरी बाजार में तेजी बनी हुई है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत में नियोक्ताओं द्वारा विशेषकर टेक प्रतिभाओं और फ्रेशर्स की नियुक्ति पर दोगुना जोर दिया जा रहा है। इनडीड की लेटेस्ट 'हायरिंग ट्रैकर' रिपोर्ट के अनुसार 82 प्रतिशत नियोक्ताओं द्वारा जनवरी से मार्च, 2025 के बीच नियुक्तियां की गईं तथा अक्टूबर और दिसंबर 2024 के मुकाबले नियुक्तियां 3 प्रतिशत बढ़ीं। इनडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा नौकरी के बाजार का विकास हो रहा है।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में वार्षिक हिंदी ई-पत्रिका का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में आज भव्य समारोह के दौरान वार्षिक हिंदी ई-पत्रिका 'पूर्वायन' का विमोचन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), सुदीप नाग ने विधिवत रूप से इस पत्रिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री नाग ने राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में इस प्रकार की रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी



है। उन्होंने पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं की गुणवत्ता एवं विविधता की विशेष प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायक प्रयास बताया। यह वार्षिक ई-पत्रिका पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, उपलब्धियों और नवाचारों को दर्शाती है। साथ ही इसमें कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की मौलिक एवं स्वलिखित कविताएं, कहानियां, लेख एवं अन्य साहित्यिक रचनाएं भी सम्मिलित की गई है जो इस पत्रिका को विशेष बनाती हैं। इस अवसर पर एनटीपीसी के क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार चावला, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शुभदीप सोम, एनटीपीसी-प्रवक्ता विश्वनाथ चन्दन, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. पी. सामंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन राजभाषा अधिकारी पवन कुमार पांडेय द्वारा किया गया। एनटीपीसी, भारत सरकार का एक 'महारत्न' उपक्रम होने के नाते, न केवल विद्युत क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि राजभाषा हिंदी को संस्थागत कार्यप्रणाली में प्रभावशाली ढंग से समाहित कर अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रतिबद्धताओं का भी निर्वहन कर रहा है।

# एफआरयू को सुदृढ़ कर प्रसूति एवं नवजात शिशु देखभाल को बेहतर बनाने की कवायद : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एफआरयू की क्रियाशीलता बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता दोनों है। सरकार क्रियाशील एफआरयू पर सिजेरियन प्रसव को लेकर सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। राज्य में अगस्त 2024 से दिसंबर 2024 के बीच राज्य में क्रियाशील एफआरयू की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुयी है। प्रदेश में अगस्त 2024 में 69 क्रियाशील एफआरयू थे, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 106 हो गए हैं। यह मातृ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव है जिससे ग्रामीण और दूरदराज की आबादी को भी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानक के अनुरूप प्रत्येक एफआरयू पर 5 से 10 सिजेरियन प्रसव कराने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में माताओं और नवजातों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए चिकित्सकों को पदस्थापित कर समस्या का समाधान करने पर भी जोर दिया गया है। साथ ही एफआरयू पर रात्रि में सिजेरियन प्रसव की सुविधा को स्वास्थ्य विभाग बेहतर करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए जिलों के सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रात्रि में सिजेरियन प्रसव बढ़ाने के लिए सुधारात्मक कार्यवाही करेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि आम-जनों को एफआरयू की सेवाओं के बारे में अवगत कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी जिला अस्पतालों में सूचनात्मक बोर्ड लगाने का निर्देश दिए गए हैं।

# बंधन बैंक का कुल कारोबार 11% बढ़कर 2.88 लाख करोड़ हुआ

## कुल जमा राशि सालाना 12% बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए पहुंची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंबई।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इस दौरान बैंक का कुल कारोबार 11% की वृद्धि के साथ 2.88 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक में कुल जमा में रिटेल की हिस्सेदारी अब लगभग 69% है। बैंक के विस्तारित वितरण नेटवर्क, बेहतर संचालन क्षमता और अनुकूल व्यावसायिक माहौल के कारण पिछली तिमाही में वृद्धि दर्ज की गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 2,745 करोड़ रुपए रहा है।

बैंक अब भारत के 36 में से 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 6,300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से 3.15 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा




प्रदान कर रहा है। बंधन बैंक में कार्यरत कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 75,000 है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के दौरान बैंक ने अपनी जमा राशि में सालाना 12% की वृद्धि दर्ज की। बैंक की डिपॉजिट बुक बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इसी अवधि में कुल अग्रिम राशि 1.37 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात कुल जमा का 31.4% बना हुआ है जो एक अच्छा संकेत है। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात यानी कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो (सीएआर), जो वित्तीय स्थिरता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, 18.7% पर बना हुआ है जो नियामक मानदंड से कहीं अधिक है।

बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बैंक के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा बंधन बैंक का प्रदर्शन हमारी संतुलित रणनीति, सुदृढ़ गवर्नेंस और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है। 'बंधन बैंक 2.0' की ओर बढ़ते हुए हमारा ध्यान डिजिटलीकरण, वितरण विस्तार, परिसंपत्ति विविधीकरण और ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर करने पर केंद्रित है। ताकि दीर्घकालिक मूल्य और सतत वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

बैंक अपनी परिसंपत्ति संरचना के विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिसमें रिटेल पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर रणनीतिक जोर दिया जा रहा है। दक्षता बढ़ाने, उत्पादकता सुधारने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में तेजी लाना बैंक की प्राथमिकता है।

# महिलाओं की साक्षरता दर में हुई ऐतिहासिक वृद्धि : सुनील कुमार

## सरकार शारीरिक प्रशिक्षकों की मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सोमवार को कहा कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में महिलाओं की साक्षरता दर में ऐतिहासिक वृद्धि हुयी है। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी मौजूद थे। सुनील कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन स्थापित हुआ है और राज्य ने सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि खास कर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में ठोस सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विशेष रूप से महिलाओं की साक्षरता दर पहले जहां 34 प्रतिशत थी, अब बढ़कर लगभग 74 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पोशाक योजना, साइकिल योजना और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के चलते बालिकाओं की स्कूलों में उपस्थिति में भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे बालिका शिक्षा को नई मजबूती मिली है। इससे पहले जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने शारीरिक प्रशिक्षकों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी।

# राहुल गांधी के संघर्ष का परिणाम है जातिगत जनगणना की मंजूरी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जातिगत जनगणना पर कांग्रेस पार्टी और हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी लगातार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को जनसंख्या के आधार पर भागीदारी और हिस्सेदारी की बात समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन देर से ही सही केंद्र की मोदी सरकार ने आज कैबिनेट के फैसले में हमारे नेता राहुल गांधी के इस सुझाव को मानते हुए हमारे शीर्ष नेता के नीतियों का समर्थन किया और उनकी दूरदर्शिता के सामने घुटने टेकने का काम किया। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने आज केंद्र की मोदी सरकार के जातिगत जनगणना कराने की घोषणा के बाद



कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारे नेता राहुल गांधी लगातार अपनी जनसभाओं से इस बात को गंभीरता से उठाते रहे। विपक्ष के नेता बनने पर भी सदन में अपने पहली भाषण में उन्होंने कहा था कि सरकार को हम जातिगत जनगणना कराने को मजबूर कर देंगे और आज देश भर में उनके द्वारा इसके लिए जगाए गए अलख का परिणाम है कि सरकार बैक फुट पर आकर उनके इस मांग को मान ली। नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार कहते रहे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार इसे झुठलाती रही, लेकिन आज जनसंख्या के साथ जातिगत जनगणना को भी केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकार किया और निश्चित तौर पर इससे सभी वंचित समाज को वाजिब हक मिलेगा। हम इसके उचित रूप में लागू होने तक इसपर पैनी निगाह बनाकर रखेंगे ताकि मोदी सरकार का यह नया जुमला साबित न हो।

# सिर्फ गणना हो जाने से देश में सुधार नहीं होगा : प्रशांत किशोर

## गणना के नतीजों पर सरकार काम करेगी तब सुधार होगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना को मंजूरी दिये जाने पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि किसी प्रकार की गणना जिससे समाज के बारे में बेहतर जानकारी हो, इससे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ गणना हो जाने मात्र से देश में सुधार नहीं होगा। गणना के नतीजों पर सरकार काम करेगी तब सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना रिपोर्ट में गरीब परिवारों को 2 लाख रुपए रोजगार के लिए



देने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक नहीं मिला। प्रशांत किशोर ने कहा कि सिर्फ किताब खरीद लेने से आप विद्वान नहीं बन जाएंगे, किताब को पढ़कर समझना भी पड़ेगा।

# बिहार में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर तेजस्वी के आरोप राजनीति से प्रेरित : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बयानों को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि हम इतिहास के गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ना चाहते है, लेकिन जब तक तेजस्वी यादव अनाप-शनाप बोलते रहेंगे तो उन्हें आईना दिखाना पड़ेगा। उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि उनके माता एवं पिता के कार्यकाल में क्या-क्या भोगना पड़ा है। लोमहर्षक नरसंहारों, फिरौती के लिए अपहरण, जातीय सेनाओं एवं अतिवादी संगठनों के बीच संघर्ष



और इलाकाई समानांतर सरकारों तथा बाहुबलियों के कहर से त्रस्त राज्य नीतीश शासन में बदलने लगा। अराजकता के स्थान पर सुशासन की सरकार स्थापित हुई। थानों के जीर्णोद्धार, वैज्ञानिक अनुसंधान, फॉरेंसिक्स की बेहतरी, आधुनिक तकनीक एवं आग्नेयास्त्र एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सीधी मॉनिटरिंग के बदौलत बिहार प्रति लाख व्यक्तियों के आधार पर अपराध दर देश के ज्यादातर राज्यों से बहुत कम हुआ है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वहीं भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले तेजस्वी जमीन दो नौकरी लो के बहुचर्चित घोटाले में लगातार एजेंसियों के सामने खड़े हो रहे हैं और उनके पिता लालू प्रसाद कुख्यात चारा घोटाला के मामले में सजायफ्ता होते हुए भी राष्ट्रीय राजद के अध्यक्ष पद पर बने हुए हैं। राजद शासन घोटालों एवं भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका था।

# अक्षय तृतीया पर शक्तिधाम स्थित श्री दादीजी मंदिर में भव्य आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बैंक रोड शक्तिधाम स्थित दादी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण एक भव्य आयोजन संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस विशेष अवसर पर दादीजी का दिव्य श्रृंगार किया गया, छप्पन भोग अर्पित किया गया और आरती तथा भजनों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। शक्तिधाम महिला मंडल की शकुन्तला अग्रवाल, चंदा पोद्दार, रेखा मोदी, अनसुईया खेतान, सरिता बंका, सरोज बंका, इंदिरा खंडेलवाल, रिमझिम सर्राफ, रेणु बजाज, सीमा माखरिया, प्रियंका पोद्दार, प्रीति अग्रवाल एवं उपस्थित भक्तजनों द्वारा दादीजी के भजनों की सरिता बहाई गई जिससे सम्पूर्ण परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। अग्रवाल ने बताया कि इस पुण्य अवसर पर दादी भक्तों द्वारा नवनिर्मित आभूषण दादीजी को अर्पण किए गए जिससे उनकी प्रतिमा और भी दिव्य व आकर्षक प्रतीत हुई।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में हिंदी के प्रचार-प्रसार पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की द्वितीय क्षेत्रीय बैठक आज कोलकाता स्थित मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने की। बैठक में अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार, मुख्य अभियंता सुनील दास, मुख्य यांत्रिक अभियंता विजय शर्मा, मुख्य परिचालन प्रबंधक राकेश रंजन, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मीनाक्षी सिन्हा, मुख्य विद्युत इंजीनियर अरुण भौमिक, मुख्य सूचना अधिकारी देवाशीष डे, मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरजीत सिंह, मुख्य कार्मिक अधिकारी कविता मेहरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र




चौधरी, मुख्य लेखा अधिकारी विवेक तिवारी समेत सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके अलावा खड़गपुर मंडल के रेल प्रबंधक राजेश कुमार, रांची मंडल के अपर रेल प्रबंधक सुधीर कुमार, आद्रा मंडल के अपर रेल प्रबंधक नीरज वर्मा, चक्रधरपुर मंडल के सहायक मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण मिश्रा और खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष सिंह वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे में हो रहे राजभाषा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की दिशा तय की गई। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अहिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए न केवल मुख्यालय बल्कि मंडलों में भी हिंदी वाक प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और यह एक सकारात्मक प्रयास है। वाक्य प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें सतत प्रयास करते हुए न केवल राजभाषा कार्यान्वयन के लक्ष्यों को बनाए रखना है, बल्कि उन्हें और बेहतर करना है। बैठक के दौरान चक्रधरपुर मंडल के सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार ने 'सडन कार्डियक डेथ' विषय पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी जिसे सभी अधिकारियों ने सराहा। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अविनाश कुमार पाण्डेय, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (कोचिंग) ने किया।

# टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में मजदूर दिवस का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर रोड न. 6 के प्रांगण में मजदूर दिवस के उपलक्ष में समाज में काम करने वाले निम्न वर्ग के सहायक कर्मियों को समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के द्वारा कक्षा मोंटेसरी 2 से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे हमारे समाज के सहायक कर्मियों की वेश भूषा धारण कर आए जिसमें अंशिका, संजल, अर्निका, समृद्धि - सब्जी विक्रेता, नाव्या, मयांक, श्रेयशी - फल विक्रेता, मिस्बाह - मछुआरा, इस्माइल - मिल्कमैन, प्रत्यांश-माली, लक्ष्य - नाई, पुलिसमैन उत्कर्ष, आराध्या, तस्मिया - दर्जी, वैदिक - ड्राईवर के रूप में आए। विद्यालय के निर्देशक राजीव भार्गव और विद्यालय की प्रधानाचार्य शिवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हमारी सहायता करने वाले लोगों के प्रति आदर सम्मान की भावना जागृत करना था एवं यह सन्देश देना था कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता।

## संपादकीय

# सख्त फैसले लेते सरकार

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देश भर में आक्रोश के साथ अश्रु धारा है। पूरा देश सरकार के साथ है। इस दफा सरकार आतंकियों की पनाहगाह को मिट्टी मिलाने के लिए संकल्पित है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने साफ कहा है कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। हाईलेविल मीटिंग और सर्वदलीय बैठक के बाद ठोस निर्णय सरकार ले चुकी है। विश्व के तमाम देश भारत के साथ हैं और देशवासी भी सख्त बदले के लिए जुनून से भरे हुए है। सेना ने आतंकी आसिफ शेख के दक्षिण कश्मीर के मंगनहामा तराल स्थित घर पर सुरक्षाबलों ने दबिश दी। वहां उन्हें बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखा मिला। इसके बाद वे बम निरोधक दस्ते को सूचना देने बाहर निकले कि तभी धमाका हो गया। इस घटना में सुरक्षाबल बाल-बाल बच गए। इधर आतंकी हमले के बाद बीएसएफ और सेना ने सीमा पर सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इस बीच एलओसी के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग की है, बदले में भारतीय सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना पाकिस्तानी सैनिकों की हर हरकत पर नजर रखे हुए है। दूसरे मोर्चे पर आतंकी हमले के बाद सेना कश्मीर में अलग-अलग इलाकों में सर्चिंग कर रही है, इसी दौरान बांदीपोरा जिले के कुलनार बाजीपोरा इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। इसमें दो जवानों के घायल होने की सूचना भी है। सुरक्षाबलों का यहां पर आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आरएसएस सहित कई संगठन देशभर में प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के जतंर-मंतर पर संत भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। इधर दिल्ली में आज 700 से ज्यादा बाजार बंद रहेंगे। पहलगाम में धर्म के आधार पर की गई हत्याओं के खिलाफ पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन के क्रम में दानवी डॉ. हरि सिंह गौर की नगरी सागर में भी लोगों ने स्वेच्छा से बंद रखा और दिवंगतों को अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। दैनिक सागर दिनकर समाचार पत्र भी सभी जान गंवाने वाले देशवासियों को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुए सरकार के मिशन में साथ है।

**5 सितंबर, 1972 की बात है, जब जर्मनी में म्यूनिख ओलंपिक गेम्स चल रहे थे। इजरायल के एथलीट म्युनिख ओलंपिक गांव में अपने फ्लैट्स में सो रहे थे, जब पूरा अपार्टमेंट मशीनगनों की तड़तड़ाती गोलियों से गूंज उठा। ये हमला उस वक्त फिलिस्तीन के खूंखार आतंकी संगठन ''ब्लैक सितंबर'' के 8 लड़ाकों ने किया जो खिलाड़ियों की ड्रेस पहने अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। इस हमले में 11 इजरायली खिलाड़ी और 1 जर्मन पुलिसकर्मी को जान गंवानी पड़ी। बदले में तब इजरायल ने दो दिन बाद ही सीरिया और लेबनान में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन यानी पीएलओ के 10 ठिकानों पर बमबारी करके तबाह कर दिया।**

# क्या भारत अब 'मोसाद' की तरह आतंकियों का खात्मा करेगा!

**रामस्वरूप रावतसरे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बिहार में एक जनसभा में कहा-पहलगाम हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है. देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। मोदी के कल्पना से परे सजा का मतलब क्या है? आखिर क्या कहना चाह रहे हैं पीएम, उनका इस मामले में इरादा क्या है?

इस संबंध में डिफेंस एक्सपर्ट मेजर जनरल (रि.) पीके सहगल का कहना है कि पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार, भारतीय सेना क्या करेंगी, इस बारे में ज्यादा खुलासा नही किया जा सकता है क्योंकि इससे पाकिस्तान सतर्क हो सकता है और पाकिस्तानी आतंकी कुछ और तरीका भी अपना सकते हैं। सहगल ने कहा कि संभव है कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद की तर्ज पर भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ भी पाकिस्तानी आतंकियों को चुन-चुनकर मारे। डिफेंस एक्सपर्ट पीके सहगल के अनुसार मोसाद ने इजरायल के दुश्मनों को मारने के लिए करीब दो दशक तक ''रैथ ऑफ गॉड'' यानी ईश्वर का कहर नाम का खौफनाक ऑपरेशन चलाया जिसने म्यूनिख ओलंपिक में इजरायली खिलाड़ियों को मार डाला था।

5 सितंबर, 1972 की बात है, जब जर्मनी में म्यूनिख ओलंपिक गेम्स चल रहे थे। इजरायल के एथलीट म्युनिख ओलंपिक गांव में अपने फ्लैट्स में सो रहे थे, जब पूरा अपार्टमेंट मशीनगनों की तड़तड़ाती गोलियों से गूंज उठा। ये हमला उस वक्त फिलिस्तीन के खूंखार आतंकी संगठन ''ब्लैक सितंबर'' के 8 लड़ाकों ने किया जो खिलाड़ियों की ड्रेस पहने अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। इस हमले में 11 इजरायली खिलाड़ी और 1 जर्मन पुलिसकर्मी को जान गंवानी पड़ी। बदले में तब इजरायल ने दो दिन बाद ही सीरिया और लेबनान में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन यानी पीएलओ के 10 ठिकानों पर बमबारी करके तबाह कर दिया।

इस घटना के बाद इजरायल ने म्यूनिख में मारे गए अपने खिलाड़ियों की मौत का बदला लेने के लिए अपनी खूंखार सीक्रेट एजेंसी मोसाद को इस काम में लगाया जिसने उन्हें 20 साल में खोज-खोजकर मार डाला। बदले की पहली शुरुआत मोसाद ने 16 अक्टूबर, 1972 को तब कर दी जब इजरायली एजेंटों ने पीएलओ इटली के प्रतिनिधि अब्दल-वैल जावैतार को रोम में उसके घर में घुस कर गोलियां मारीं। 9 अप्रैल, 1973 को मोसाद ने बेरूत में एक संयुक्त अभियान शुरू किया जिसमें इजरायली कमांडो मिसाइल बोट और गश्ती नौकाओं से लेबनान के एक खाली समुद्री तट पर रात को पहुंचे। अगले दिन दोपहर तक ब्लैक सेप्टेम्बर चलाने वाली फतह के सीक्रेट चीफ मोहम्मद यूसुफ या अबू यूसुफ, कमल अदवान और पीएलओ प्रवक्ता कमल नासिर की उनके घरों में हत्या हो चुकी थी। इसके बाद मोसाद ने कई और दुश्मनों को खोजकर मारा।






मोसाद ने म्यूनिख के मास्टरमाइंड रेड प्रिंस के नाम से मशहूर अली हसन सलामे का पता मोसाद ने खोज ही निकाला। वह बेरूत में ही रह रहा था। एरिका मैरी चैम्बर्स नाम की मोसाद एजेंट ब्रिटिश पासपोर्ट पर लेबनान पहुंची। एरिका ने उसी गली में किराये पर कमरा लिया जिससे होकर सलामे आता-जाता था। कुछ वक?त में मोसाद के दो और एजेंट्स बेरूत पहुंच गए। गली में एक कार खड़ी कर दी गई। कार में विस्फोटक सामग्री भरी थी। कार को ऐसी जगह पर खड़ा किया गया था कि कमरे से दिख सके। 22 जनवरी, 1979 को जब सलामे और उसके बॉडीगार्ड्स कार में गली के भीतर दाखिल हुए तो विस?फोटकों वाली गाड़ी को मोसाद ने रेडियो डिवाइस से उड़ा दिया। आखि?कार मोसाद ने म?यूनिख के मास?टरमाइंड को ठिकाने लगा ही दिया।

डिफेंस एक्सपर्ट मेजर जनरल (रि.) पीके सहगल के अनुसार सरकार आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करेगी कि वो याद रखेंगे। वो दुनिया में कहीं भी छिप जाएं, उन्हें हमारी सरकार नहीं छोड़ेगी। आतंकियों और उनके आका हाफिज सईद या कोई और, वो जहां भी बैठे हैं, उनका पता लगाया जाएगा और उनका खात्मा किया जाएगा। यह ठीक उसी तर्ज पर होगा, जैसा म्यूनिख ओलंपिक में मारे गए अपने खिलाड़ियों का बदला इजरायल ने लिया था। प्रधानमंत्री का आतंकियों के खिलाफ संदेश तो यही है। सहगल की माने तो भारत कतई सीधे युद्ध में नहीं जाएगा और न ही जाना चाहेगा। वह कई और विकल्पों पर विचार कर सकता है। जैसे वह अपने मित्र देशों की मदद ले सकता है। रॉ के ऑपरेशंस तो हैं ही। पीएम मोदी ने जो यह कहा कि आतंकियों को ऐसी सजा मिलेगी जो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके मायने यही हैं कि अब आतंकियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्हें और उनके आकाओं को अंतिम अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

डिफेंस एक्सपर्ट लेफ्टिनेंट कर्नल (रि.) जेएस सोढ़ी भी यही कहते है कि भारत के पास एयरस्ट्राइक का भी विकल्प है। वह पाक के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के कैंपों को तबाह कर सकता है। साथ ही वह आतंकियों को शह देने वालों को भी निशाना बना सकता है। इस मामले में भारत ने कई विकल्प खोलकर रखे हुए हैं।

जेएस सोढ़ी के अनुसार 10 जनवरी, 1966 को ताशकंद समझौता हुआ। इस समझौते का एक प्रावधान यह था कि भारत और पाकिस्तान की सेनाओं को 5 अगस्त, 1965 से पहले की स्थिति में लौटना होगा। इस यथास्थिति में बहादुरी से जीते गए हाजी पीर दर्रे को वापस करना भी शामिल था। उस वक्त भारत ने पाकिस्तानी क्षेत्र के 1,920 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया था जिसमें मुख्य रूप से सियालकोट, लाहौर और कश्मीर क्षेत्रों की उपजाऊ भूमि शामिल थी। इसी में रणनीतिक हाजी पीर दर्रा भी शामिल था लेकिन इस जीते हुए भू भाग को वापिस कर दिया गया। बाद में 2002 में एक इंटरव्यू में खुद ले. जनरल दयाल ने कहा था कि यह दर्रा भारत को एक रणनीतिक फायदा देता...इसे वापस सौंपना एक बहुत बड़ी गलती थी। सोढ़ी ने बताया कि भारत की यह गलती एक बड़ी रणनीतिक चूक थी। अब मौजूदा हालात में शिमला समझौता तोड़ने के बाद पाकिस्तान ताशकंद समझौता भी तोड़ सकता है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कुछ कहा है उसे पूरा करने के लिए निश्चित ही सभी विकल्पों पर मंथन किया होगा। देश भी यही चाहता है कि अब बहुत हुआ, अब आगे नहीं।

# चिकित्सा का भविष्य : स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी में नए युग के करियर की खोज

**विजय गर्ग**

प्रौद्योगिकी भारत में स्वास्थ्य सेवा को फिर से आकार दे रही है, जो चिकित्सा, डेटा और नवाचार के चौराहे पर करियर में रुचि रखने वालों के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। एआई विशेषज्ञों से लेकर नैदानिक विश्लेषकों तक, भूमिकाओं की एक नई लहर उभर रही है।

नैदानिक अभ्यास, अनुसंधान और तकनीक में नई भूमिकाएं उभर रही हैं स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विशेषज्ञ डेटा टूल के साथ देखभाल का अनुकूलन करते हैं प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा का अभिसरण

> **नैदानिक अभ्यास, अनुसंधान और तकनीक में नई भूमिकाएं उभर रही हैं स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विशेषज्ञ डेटा टूल के साथ देखभाल का अनुकूलन करते हैं प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा का अभिसरण प्रभावित कर रहा है कि भारत में दवा कैसे वितरित की जाती है।**

प्रभावित कर रहा है कि भारत में दवा कैसे वितरित की जाती है। हेल्थकेयर एक प्रमुख परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में रुचि रखने वाले छात्रों और पेशेवरों के लिए विविध कैरियर के अवसरों को खोल रहा है।

जैसे ही हेल्थकेयर सिस्टम विकसित होता है, नैदानिक अभ्यास, अनुसंधान, डेटा प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के चौराहे पर नई भूमिकाएं उभरती हैं, जो पारंपरिक चिकित्सा व्यवसायों से परे विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करती हैं।

1. स्वास्थ्य सूचना विशेषज्ञ स्वास्थ्य सूचना विज्ञान को विज्ञान के अनुप्रयोग और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके स्वास्थ्य जानकारी से संबंधित डेटा मूल्यांकन और प्रबंधन की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। स्वास्थ्य सूचना विज्ञान विशेषज्ञ देखभाल प्रभावशीलता को अनुकूलित करने के लिए श्व॥त्रह्य, रोगी सूचना भंडार और विश्लेषिकी प्लेटफार्मों के साथ काम करते हैं। अस्पतालों, बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्टअप को सेवाओं को एकीकृत करने और स्वास्थ्य डेटा की समझ बनाने में मदद करने के लिए स्वास्थ्य सूचना विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है।

आवश्यक पृष्ठभूमिः स्वास्थ्य सूचना विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान या सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिग्री। यदि कोई डिग्री बाद के दो क्षेत्रों में है, तो चिकित्सा शर्तों और डेटा सिस्टम की अच्छी समझ सहायक है।

2. बायोमेडिकल इंजीनियर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग मुख्य रूप से चिकित्सा उपकरणों के डिजाइन, निर्माण और रखरखाव से संबंधित है, और भारत में बायोमेडिकल इंजीनियर उच्च मांग में हैं क्योंकि कम लागत, स्थानीय रूप से निर्मित चिकित्सा उपकरणों की मांग प्रोस्थेटिक्स, नैदानिक उपकरणों और पूरक उपकरणों में नवाचार के साथ बढ़ती है जो मानव डिजिटल स्वास्थ्य का पता लगाते हैं।

आवश्यक पृष्ठभूमि : बी। टेक या एम। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में टेक या कुछ जीव विज्ञान और कुछ इंजीनियरिंग एक्सपोजर के साथ एक प्रासंगिक क्षेत्र।

3ः नैदानिक डेटा विश्लेषण हेल्थकेयर के डिजिटल परिवर्तन ने बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य डेटा का उत्पादन किया है। नैदानिक डेटा विश्लेषक संगठनों को रोगियों के लिए उपचार में सुधार करने और रोगी के अनुभव को बढ़ाने के लिए वर्कफ़्लो दक्षता के लिए डेटा की समझ बनाने में मदद करते हैं। वे रुझानों का विश्लेषण करते हैं, उपचार प्रदर्शन का आकलन करते हैं, और नैदानिक परीक्षणों का समर्थन करते हैं।

आवश्यक पृष्ठभूमि : सांख्यिकी, डेटा विज्ञान, या जीवन विज्ञान में स्नातक और एसएएस, आर, या पायथन जैसे विश्लेषणात्मक सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अनुभव।

4ः डिजिटल स्वास्थ्य श्वहञ्ञत्रश्वक्काश्च-ह्यश्वत्रऋ॥ढ्ढक कई पेशेवर अपने करियर को आगे बढ़ा रहे हैं और फिटनेस अनुप्रयोगों, मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफार्मों या दूरस्थ निगरानी के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करके उद्यमशीलता की यात्रा शुरू कर रहे हैं। भारत एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में प्रगति कर रहा है जो राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन जैसी सरकारी नीतियों के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य

**मनोज कुमार अग्रवाल**

जम्मू कश्मीर के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों को जान गंवानी पड़ी। बीते कुछ वर्षों से जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। 2015 के 1.3 करोड़ से बढ़कर 2023 में वहां जाने वाले पर्यटकों की तादाद 2.1 करोड़ तक पहुंच गई थी। देश में यह भावना प्रबल हो चली थी कि कश्मीर में हालात सामान्य हो चुके हैं और अब घाटी में जाना सुरक्षित है। ऐसे में आतंकियों ने न केवल क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को चोट पहुंचाई है बल्कि सामान्य होते हालात को भी एक बार फिर अस्तव्यस्त कर दिया है। यह इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है और सरकार को कोशिश करनी चाहिए कि न्यूनतम क्षति हो। सरकार के लिए दूसरी बड़ी चुनौती है हमले की समुचित जांच करना और इसके जिम्मेदारों को तलाश करना। इसके लिए भी इस क्षेत्र में खुफिया और सुरक्षा तंत्र की कमियों को दूर करना होगा। एक तरह से देखें तो यह दशकों पुरानी समस्या है। उदाहरण के लिए पिछले साल ही आतंकियों ने कई हमले किए। उन्होंने एक पर्यटक जोड़े पर गोलीबारी की, तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोगों की जान चली गई क्योंकि बस खाई में गिर गई थी। एक सुरंग निर्माण स्थल के करीब उन्होंने गोलीबारी करके छह प्रवासी श्रमिकों और एक चिकित्सक की हत्या कर दी थी। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि आतंकियों ने अपने पारंपरिक दायरे का विस्तार घाटी से जम्मू तक कर लिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 2021 से 2024 के बीच जम्मू में 30 ऐसे हमले हुए जिनमें आतंकी शामिल थे। इनमें कई नागरिकों की मौत हुई। कुछ घटनाओं के चलते पर्यटकों के उफान वाले सीजन में खतरे का आकलन बढ़ा हुआ होना चाहिए था। इनमें से कुछ अमेरिका के साथ हमारी रणनीतिक करीबी से जुड़ी हैं जिनसे पाकिस्तान नाखुश होगा। कनाडाई-अमेरिकी तहव्वुर राणा का अमेरिका द्वारा भारत प्रत्यर्पण भी ऐसा ही एक मामला है। भारत में उस पर 26/11 के आतंकी हमले लिए मुकदमा चलाया जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा को भी उकसावे की एक वजह माना जा सकता है, खासकर यह देखते हुए कि वह वॉशिंगटन में असाधारण रूप से ताकत रखते हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने कुछ ही दिन पहले कहा था कि कश्मीर उनके देश की गर्दन की नस है। खुफिया एजेंसियों ने उनके बयान को आसन्न आतंकवादी हमले का संकेत माना। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत थी। आखिर में सोशल मीडिया और मुख्य धारा के मीडिया के माध्यम से जनता की नाराजगी को महसूस किया जा सकता है लेकिन सरकार को हालात से निपटने में संयम और तार्किकता से काम लेना चाहिए। ऐसी खबरें आईं कि आतंकियों ने लोगों की धार्मिक पहचान की जांच करने के बाद उन पर हमला किया। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि सरकार किसी तरह का सांप्रदायिक तनाव नहीं भड़कने दे। देश में इस समय ऐसा कुछ नहीं होने देना चाहिए जिससे राज्य की शांति व्यवस्था नए सिरे से भंग हो जाए। हमले को लेकर विभिन्न मोर्चों पर नपीतुली प्रतिक्रिया देनी होगी। फिलहाल प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि क्षेत्र में हालात सामान्य किए जाएं और आतंकियों को जल्द उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।

# पाकिस्तान की पीठ पर चीन का हाथ

**दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं, तो इसका एक बड़ा कारण कुछ देशों की आतंकवाद के प्रति दोहरी नीति है। इन देशों के द्वारा वैश्विक मंचों से तो आतंकवाद के प्रति निंदा की जाती है, मगर बात आतंकवाद पर कार्रवाई करने और अंकुश लगाने की आती है, तो ये देश आतंकी देशों का समर्थन करने से परहेज नहीं करते हैं। इसी का नतीजा है कि आज पूरी दुनिया में आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बना हुआ है और इसका खामियाजा भारत जैसे देशों को चुकाना पड़ रहा है।**



दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं, तो इसका एक बड़ा कारण कुछ देशों की आतंकवाद के प्रति दोहरी नीति है। इन देशों के द्वारा वैश्विक मंचों से तो आतंकवाद के प्रति निंदा की जाती है, मगर बात आतंकवाद पर कार्रवाई करने और अंकुश लगाने की आती है, तो ये देश आतंकी देशों का समर्थन करने से परहेज नहीं करते हैं। इसी का नतीजा है कि आज पूरी दुनिया में आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बना हुआ है और इसका खामियाजा भारत जैसे देशों को चुकाना पड़ रहा है। चीन भी एक ऐसा ही देश है, जो आतंकवाद को लेकर हमेशा से ही दोहरी नौति के तहत काम करता आया है। अपने मुल्क में इस्लामिक आतंकबाद का हवाला देकर उइ्गर मुस्लिमों पर अत्याचार कर रहा है, लेकिन भारत के दुश्मन आतंकियों को बचाने के लिए वह संयुक्त राष्ट में ढाल बनकर खड़ा हो जाता है। पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में पहले से अधिक तनाव की स्थिति बढ़ गयी है। भारत में हुए इस आतंकी हमले में जहां एक ओर अमेरिका रूस और ईरान जैसे देशों ने समर्थन दिया है, वहीं चीन ने एक बार फिर से आंतकवाद पर अपनी दोहरी नीति को उजागर करते हुए पहलगाम हमले के घावों पर नमक छिड़कते हुए पाकिस्तान के साथ अपने समर्थन को जाहिर किया है। चीन ने एक तरफ अपने आंतकवादी मित्र देश पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा हितों की रक्षा करने में उसके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और दूसरी तरफ दुनिया की नजरों में धूल झोंकने के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच किए जाने का आह्वान किया है। अपने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के साथ फोन पर बातचीत के दौरान चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि चीन पहलगाम हमले के चाद के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर बनाये हुए हैं। चीन ने अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान को उसकी संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा करने में समर्थन दिया है। पाकिस्तान ने इंटरनेशनल टीम से पहलगाम हमले की जांच कराने की मांग की है, जिसे अब चीन ने भी दोहराया है। संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद ने पहलगाम के अपराधियों को न्याय दिलाने की बात कही है। मगर जिस प्रकार से चीन पाकिस्तान को बचाने की कोशिश कर रहा है, इस बात की आशंका कम ही है कि वह संयुक्त राष्ट्र में भारत का साथ देगा। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है। वैसे भी पाकिस्तान को चीन का समर्थन कोई नई बात नहीं है और संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम वैश्विक मंचों पर वह आतंकियों की पनाहगाह बन चुके इस मुल्क का समर्थन करता आया है। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर पाकिस्तान में खुलेआम घूमता है, जो भारतीय संसद पर हमला, मुंबई अटैक और पुलवामा हमले का गुनहगार है। इसके अलावा चीन ने हाल ही में मसूद के भाई अब्दुल रऊफ अजहर को भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल और अलकायदा प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध किया था। रऊफ पर अमेरिका ने 2010 में प्रतिबंध लगाया था और अगस्त 2022 में भी चीन ने उसे अंतरराष्टीय आतंकी घोषित करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को बीटी लगाकर रोक दिया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव पर चीन ने वीटो का इस्तेमाल करते हुए रोक लगा दी थी। तल्हा सईद पर भारत सहित पश्चिमी देशों में जिहाद के नाम पर आतंक को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक प्रतिनिधियों ने उपायुक्त का जताया आभार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा के नेतृत्व में बुधवार को जिले के सेवानिवृत एवं कार्यरत माध्यमिक शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपयुक्त बोकारो विजया जाधव को गुलदस्ता देकर आभार एवं हर्ष प्रकट किया। शिक्षकों ने ऐसा पिछले दिनों



उपायुक्त की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जिले के *सेवानिवृत्ति एवं कार्यरत वरीय शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान की तीसरी सूची का प्रकाशन ( एन आई सी बोकारो) एवं 2010 से लंबित 189 शिक्षकों का सेवा संपुष्ट करने को लेकर किया। डीईओ ने बताया कि इसको लेकर सेवानिवृत एवं कार्यरत शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। वहीं, उन्होंने कहा कि, सेवा संपुष्टि हेतु आवश्यक अभिलेख 41 शिक्षकों के द्वारा उपलब्ध नहीं कराएं जाने की वजह से नहीं हो सका है। उन शिक्षकों को 15 दिनों का समय दिया गया है जिसे वह जिला कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### उपनिरीक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**टुण्डी /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टुंडी अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरक्षक जीतलाल मुर्मू की सेवानिवृत्ति के अवसर पर टुंडी सीओ जीतेन्द्र प्रसाद ने फुलमाला पहनाकर उनके निर्विवाद कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की। इसके अलावे अंचल कर्मियों ने शाल एवं उपहार देकर सम्मानित कर उन्हें भावविनि विदाई दी। राजस्व कर्मचारी जीतलाल मूर्मु मुलतह दक्षिणी टुण्डी के कटनिया पंचायत के मिजार्पुर गांव के निवासी है . इन्होने



अपने लगभग अठारह वर्षो के कार्यकाल मे टुण्डी के अलावे बलियापूर, गोविन्दपुर एवं झरिया अंचलो मे अपनी सेवा दी . मौके पर अंचल निरीक्षक इजहार खान, राजस्व उप निरीक्षक ओम प्रकाश गुप्ता , शहाबुद्दीन अंसारी, इजराइल अंसारी , भूनेश्वर प्रसाद ,नजीर पंकज कुमार, अमीन मेघलाल महातो, बैजु यादव, करण रजवार, आजित किस्कु, शहजाद अंसारी आदि थे।

### जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कर्मियों ने श्रमदान कर बनाए बोरी बांध

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार आज रनिया प्रखंड अंतर्गत बनई गांव में जल संरक्षण को बढ़ावा



देने हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर बोरी बांध निर्माण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ-साथ स्वयं प्रखंड प्रमुख, मुखिया समेत प्रखंड विकास पदाधिकारी, जल छाजन पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) समेत प्रखंड कार्यालय रनिया के कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक प्रयास से बोरी बांध का निर्माण सफलतापूर्वक किया गया, जो आने वाले समय में वर्षा जल के संचयन और कृषि कार्यों में सहायक सिद्ध होंगे। बोरी बांध निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस पहल से स्थानीय लोगों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। यह पहल जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय का एक सशक्त उदाहरण है, जो आने वाले दिनों में अन्य गांवों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। साथ हीं सामुहिक प्रयास से अन्य गांव में भी आवश्यकता अनुसार बोरी बांध का निर्माण किया जाएगा।

### राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर जागरूकता रैली

. राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर बुधवार को श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर सारण समाहरणालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य बाल श्रम के खिलाफ समाज में जागरूकता बढ़ाना और इसके समूल उन्मूलन के लिए जन सहयोग जुटाना रहा। रैली का नेतृत्व जिला श्रम अधीक्षक नीलम कुमारी ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि 30 अप्रैल से 8 मई तक जिले के दुकानदारों, कल-कारखानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में शपथ पत्र भरवाने का अभियान चलाया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं भी बाल श्रमिकों की नियुक्ति न हो। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में स्वयंसेवी संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। रैली में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुन्ना कुमार, अभिषेक कुमार, प्रियंका कुमारी, राजेश कुमार, अशोक कुमार सहित कई विभागीय कर्मचारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

# संपूर्ण विप्र समाज ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सम्पूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई द्वारा बुधवार, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सेक्टर 5 स्थित आशा लता परिसर के मानसरोवर गार्डन में हर साल की भांति विष्णु के छठे अवतार तथा विप्रों के आराध्य देव भगवान श्रीपरशुराम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।



सम्पूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र व महासचिव श्रवण कुमार झा के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में जन मानस के कल्याणार्थ दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना के बाद बड़ी संख्या में उपस्थित विप्रगणों द्वारा जय भगवान परशुराम तथा जय सनातन धर्म के जयकारे से सम्पूर्ण परिसर गुंजायमान हो गया। इसके पूर्व सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर के परशुराम मंडप में भगवान परशुराम की पूजा की गयी। आशा लता के मानसरोवर उत्सव मंडप में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई के सौजन्य से श्रीराम रचित मानस प्रचार संघ, बोकारो मानस मंडली के कलाकारों ने म्यूजिकल सुन्दरकाण्ड का पाठ कर सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम के उपरान्त पूरे बोकारो जिले के कोने-कोने से आए उपस्थित सभी विप्रों ने बोकारो वासियों, देश के सभी सनातन धर्मावलंबियों सहित पूरे विश्व में अमन.चैन, शांति, समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास हेतु भगवान परशुराम से सामूहिक प्रार्थना की। समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए संतोष पांडेय, भैया आर एन ओझा, मिथिलेश पांडेय, सत्येंद्र तिवारी एवं रवि चौबे को समाज के द्वारा अंग वस्त्र और भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई के संरक्षक पी एन पांडेय, जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे, महासचिव श्रवण कुमार झा, जिला सचिव अरुण पाठक, मृणाल मनीष पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, बिमलेश पांडेय, राजेश्वर द्विवेदी, गोपाल कृष्ण उपाध्याय, यु सी दुबे, संजय मिश्रा, द्वारिका तिवारी, नागेश तिवारी, हेमंत पाठक, अशोक मिश्रा, संजय पांडेय, सत्येन्द्र तिवारी, अजय कुमार चौबे, शशि नाथ मिश्र, देवमुनि तिवारी, अनूप चौबे, अशोक त्रिपाठी, सुनील झा, महिला इकाई की अध्यक्ष अर्चना चौबे, संगीता मिश्रा, मिली चौबे, रेखा झा, माया मिश्रा, अमिता त्रिपाठी सहित सैकड़ों विप्रश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

## परियोजना निदेशक आईटीडीए ने अड़की प्रखंड के विभिन्न कल्याणकारी संस्थानों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परियोजना निदेशक, आईटीडीए, खूँटी आलोक शिकारी कच्छप द्वारा अड़की प्रखंड अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, हूँठ, अड़की तथा सिटीजन फाउंडेशन ग्रामीण कल्याण अस्पताल, अड़की का स्थल भ्रमण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की व्यवस्था का जायजा लेते हुए श्री कच्छप ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि सभी छात्रों को निर्धारित मेन्यु के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर अध्यापन कार्य करें एवं शिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखें। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सिटीजन फाउंडेशन ग्रामीण कल्याण अस्पताल के संचालक को रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करने के निर्देश दिए। अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने अस्पताल संचालक को आवश्यक उपकरणों की सूची तैयार कर प्रस्ताव आईटीडीए कार्यालय खूँटी को भेजने का निर्देश दिया।

## बेटी के तिलक वाले दिन डाकघर अभिकर्ता से 3.12 लाख की लूट

### बाइक सवार अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े पिस्टल के बल पर डाकघर अभिकर्ता से लाखों रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। नकदी लूट यह घटना बुधवार को छपरा-सिवान मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे-531पर आमडाढ़ी गांव स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप हुई। मामले में पीड़ित द्वारा एकमा थाने में दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि पीड़ित रसूलपुर थाना क्षेत्र के बंशी छपरा गांव निवासी अरविंद सिंह ने एकमा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने संबंधी आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि वह डाकघर के कलेक्शन एजेंट/अभिकर्ता के रूप में कार्य करते हैं और क्षेत्र के लोगों से पैसा वसूल कर हर महीने डाकघर में जमा करते हैं। रसूलपुर व चनचौरा से कलेक्शन कर वह बुधवार की सुबह लगभग 10:00 बजे लगभग 3,12,734 रुपये से भरा बैग लेकर बाइक से एकमा बाजार स्थित मुख्य डाकघर जा रहे थे। इसी दौरान आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर चढ़ने ही वाले थे कि एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने डाक घर एजेंट अरविंद सिंह को हथियार के बल पर रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए अपराधियों ने पिस्टल सटा दी। इसके बाद उन्होंने बाइक की डिक्की व बैग में रखे लगभग 3.12 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री श्याम मंदिर का शिलान्यास

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्याम वाटिका कॉलोनी गोविंदपुर में बुधवार को श्री श्याम मंदिर का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समारोहपूर्वक हुआ। जिसमें नगर के पूरे मारवाड़ी समाज ने भाग लिया इसका निर्माण पूरे मारवाड़ी समाज की ओर से किया जाएगा मंदिर निर्माण के लिए 25 डिसमिल जमीन दान में देने वाले गोविंदपुर के रामकुमार मित्तल एवं झरिया के लोकराम अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने भूमि पूजन किया।

राजस्थान के खाटू श्याम जी से लाई गई पहली ईंट बुनियाद में रखी गई इसके बाद बारी-बारी से मंदिर के सभी ट्रस्टी ने बुनियाद में ईंट रखी श्री श्याम कीर्तन मंडल गोविंदपुर की टीम की देखरेख में आगामी 2 वर्षों में भव्य श्री श्याम मंदिर का निर्माण पूरा किया जाएगा श्री श्याम जी खाटू राजस्थान की देखरेख में सारे कार्य होंगे मंदिर में अखंड ज्योत अनवरत जलती रहेगी। इसके लिए खाटू श्याम जी से विधि-विधान के साथ ज्योत लाकर यहां स्थापित की जाएगी जयपुर के आर्किटेक्ट के पर्यवेक्षण में मंदिर का निर्माण मारवाड़ी समाज की ओर से किया जाएगा इसमें गोविंदपुर के अलावा बलियापुर, धनबाद व झरिया के भी मारवाड़ी समाज के लोग





सहयोग कर रहे हैं मंदिर निर्माण समिति में बलराम अग्रवाल अध्यक्ष, हरीश अग्रवाल सचिव एवं विवेक लोधा कोषाध्यक्ष हैं प्रस्तावित मंदिर के बगल में छठ तालाब किनारे जगत जननी मां दुर्गा मंदिर का निर्माण हाल ही में किया गया है।

ज्ञात हो कि गोविंदपुर में पिछले 40 वर्षों से हर वर्ष श्री श्याम सलोना महोत्सव का आयोजन किया जाता है यहां से श्रद्धालु निसान लेकर श्री श्याम मंदिर झरिया जाते हैं गोविंदपुर में श्री श्याम मंदिर का निर्माण हो जाने पर श्रद्धालु इसी मंदिर में निसान अर्पण करेंगे भूमि पूजन कार्यक्रम में जयप्रकाश मित्तल, किशन अग्रवाल, गोविंद दुदानी, गोपाल अग्रवाल, सीए अनिल अग्रवाल, सुरेश सरिया, पवन लोधा, राजेंद्र बंसल, सुभाष मित्तल, विनोद मित्तल, ललित केजरीवाल, अजय सरिया, मिठू सरिया, रमेश सरिया, अनिल सांवरिया, ओमप्रकाश बजाज, गगन दुदानी, आशीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, प्रमोद संघी, चंद्रशेखर गुप्ता, राजेश दुदानी अमित मित्तल, मनोज अग्रवाल, बुलबुल केजरीवाल आदि के साथ ही बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भी भाग लिया भूमि पूजन को लेकर पूरा समाज उत्साहित था।

## उपायुक्त ने कर्रा प्रखंड का किया दौरा

### विकास योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों समेत अन्य का निरीक्षण कर लिया जायजा, संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश





**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आज कर्रा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम, अनुमण्डल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी, सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री स्मिता नागेशिय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दौरे की शुरूआत में उपायुक्त ने कर्रा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र कर्रा का निरीक्षण किया और बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार, शिक्षा व्यवस्था एवं मेनू के अनुसार भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। सेविकाओं को निर्देशित किया गया कि वे पोषाहार के नियमित वितरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वीएचएसएनडी दिवस का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें, जिससे बच्चों के टीकाकरण एवं महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी लाभ सुलभ हो सके। उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत चल रहे आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजना, मिट्टी मोरम सड़क निर्माण एवं अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने इस दौरे में उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय कर्रा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सफलता हेतु कई प्रेरणादायक बातें एवं परीक्षा संबंधी मूल मंत्र दिए। उन्होंने छात्राओं को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उपायुक्त ने जन वितरण प्रणाली के तहत स्मार्ट पीडीएस डीलर के दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समय पर और निर्धारित मात्रा में लाभुकों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ हीं शत प्रतिशत लाभुकों का ेडंउ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा का भी उपायुक्त ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सेवाओं की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ हीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल के इंफ्रा स्ट्रक्चर को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त ने कर्रा के कुदलूम स्थित सोलर लिफ्ट इरिगेशन योजना के अंतर्गत किसानों को मिल रही सिंचाई सुविधा का जायजा लिया। लगभग 200 एकड़ भूमि पर किसानों द्वारा इस प्रणाली से खेती की जा रही है। किसानों ने इस पहल के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सिमडेगा के धर्मगुरुओं ने लिया संकल्प-नहीं होने देंगे बाल विवाह

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था द्वारा आज एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सिमडेगा जिले के विभिन्न धर्मगुरुओं के साथ समन्वय स्थापित कर बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता दिखाई गई। इस बैठक में हिंदू, मुस्लिम और क्रिश्चियन समुदाय के धर्मगुरुओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अपने स्तर से किसी भी बाल विवाह को नहीं होने देंगे और इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित इस पहल में सभी धर्मगुरुओं ने यह स्पष्ट किया कि वे कभी भी किसी नाबालिग लड़की या लड़के का विवाह नहीं करवाएंगे। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसमें उनका कोई सहयोग नहीं रहेगा। इसके विपरीत, वे इसे रोकने में पूरी मदद करेंगे और यदि कहीं से भी बच्चों की शादी की सूचना मिलती है, तो वे उस पर रोक लगाने के लिए कड़ा कदम उठाएंगे। धर्मगुरुओं ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिसमें सजा और जुमार्ना दोनों शामिल हों। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज में जागरूकता फैलाने के लिए धर्मगुरु अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाएंगे और समुदाय को शिक्षित करेंगे। छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने इस सहयोग के लिए सभी धर्मगुरुओं का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि इस सामूहिक प्रयास से सिमडेगा जल्द ही बाल विवाह मुक्त जिला बन सकेगा। बाल विवाह नहीं झ्र यह है हमारा संकल्प, चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया हमारा सपना।



# गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रहा है मॉडल टीकाकरण कॉर्नर

### गंभीर बीमारियों के प्रभाव से सुरक्षित रखने में टीकाकरण का महत्वपूर्ण योगदान

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि चेचक, खसरा, पोलियो, हैजा सहित कई अन्य जानलेवा बीमारियों के प्रभाव से आज हम खुद को पूरी तरह महफूज हैं. क्योंकि सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों यानि एसडीएच, रेफरल अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, एपीएचसी, एचएससी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर द्वारा प्रतिदिन प्रशिक्षित स्टाफ नर्स और एएनएम के द्वारा टीकाकरण कार्य को संपादित किया जाता है.क्योंकि गर्भवती माताएं और उनके होने वाले शिशुओं को कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के प्रभाव से मुक्त रखने में आज रोग रोधी टीकाकरण का महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के टीकों की स्वीकार्यता को बढ़ाते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य को पूरा कर इसकी उपयोगिता के संबंध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह 24 से 30 अप्रैल तक प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर पर टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाता है.



जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल परिसर स्थित मॉडल टीकाकरण कॉर्नर में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण, स्वच्छ और शांत वातारण में गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशुओं को प्रशिक्षित नर्स द्वारा टीकाकृत किया जाता है.जबकि इसके अलावा जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण मुक्त टीकाकरण का बेहतर इंतजाम किया गया है. ताकि बच्चों को संपूर्ण टीकाकरण कराने के बाद 12 तरह की बीमारियों से बचाया जा सके. जो सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सभी प्रकार की टीके प्रशिक्षित और अनुभवी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क दिया जाता हैं.क्योंकि बच्चों को विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में टीकाकरण कारगर साबित हो सकें.

#### टीकाकरण को लेकर सरकारी चिकित्सा संस्थान लोगों के लिए बेहतर विकल्प

यूनिसेफ के एसएमसी कामरान अहमद ने बताया कि नवजात शिशुओं को जन्म के बाद बीसीजी, ओरल पोलियो और हेपेटाइटस बी का टीका लगाया जाता है। वहीं जब बच्चे 06 सप्ताह की उम्र के होते हैं, तो उन्हें डीपीटी- 1, आइपीवी- 1, ओपीवी- 1, रोटावायरस- 1, न्यूमोकॉकल कॉन्जुगेट टीकाकरण किया जाता है। लेकिन 10 सप्ताह पूरे होने के बाद डीपीटी- 2, ओपीवी- 2 व रोटावायरस- 2 दिया जाता है। जबकि 14 सप्ताह के बाद डीपीटी- 3, ओपीवी- 3, रोटावायरस- 3, आइपीवी- 2 और पीसीवी- 2 दिया जाता है। वहीं 09 से 12 महीने के अंदर जेई - 1, आईपीवी का तीसरा टीका साथ ही विटामिन ए की पहली खुराक दी जाती है।

### बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरुओं ने उठाया कदम

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शादी-विवाह के मौसम व अक्षय तृतीया के मौके पर मशरक में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर धर्मगुरुओं ने कमान संभाली है। नारायणी सेवा संस्थान के नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें कई पुरोहितों और सामाजिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। राम-जानकी शिव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर दुमदुमा, डुमरसन व लखनपुर के महावीर मंदिर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अखिलेंद्र सिंह, भूपेंद्र प्रसाद सिंह, टुन्ना बाबा, सुमन बाबा, मनीष बाबा, राकेश कुमार समेत कई धर्मगुरु शामिल हुए। अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि बाल विवाह केवल कानूनी ही नहीं, सामाजिक रूप से भी गलत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत इसमें किसी भी तरह की सहभागिता रखने वाले-चाहे वह पंडित, मौलवी, डेकोरेटर, कैटरर या हॉल मालिक हों-अपराध के भागीदार माने जाएंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## हर बूथ पर दो प्रभारी नियुक्त करेगा जन सुराज, चुनावी रणनीति बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** जन सुराज पार्टी की बिहार चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को छपरा स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रभारी प्रियरंजन युवराज ने की। बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठन विस्तार और बूथ स्तर की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हर मतदान केंद्र पर दो प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। बैठक में समिति सदस्य एन. के. मंडल, पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रशांत आनंद, शांतनु जी, सारण और वैशाली जिले के सभी विधानसभा प्रभारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक समीक्षा प्रस्तुत की। इस दौरान सारण जिला अध्यक्ष बच्चा राय, कार्यालय प्रभारी राजीव चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को सशक्त करने और आगामी चुनाव में पार्टी की स्थिति को बेहतर बनाने को लेकर सुझाव दिए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रियरंजन युवराज ने कहा कि जन सुराज पार्टी सामाजिक न्याय, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पारदर्शी प्रशासन को प्राथमिकता देगी। उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता बदलाव के लिए तैयार है और जन सुराज पार्टी अब एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है। बैठक में राजीव रंजन, रामप्रकाश सिंह, कमलेश कुमार सिंह, उदय शंकर सिंह, इंद्र कुमार पांडेय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### मशरक में प्याऊ की व्यवस्था से राहगीरों को मिली राहत

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है। अस्पताल चौक, महावीर चौक, स्टेशन रोड सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर मटकों में ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया है, जिससे आम लोगों को राहत मिल रही है।

नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सोहन महतो ने बताया कि भीषण गर्मी से बचाव को लेकर नगर पंचायत की ओर से यह पहल की गई है, ताकि राहगीरों को प्यास बुझाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्याऊ जैसी व्यवस्थाएं सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण हैं, जो आज भी गरीब व जरूरतमंदों के लिए सहारा बनती हैं। हालांकि स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि प्याऊ पर नियमित पानी नहीं भरा जा रहा है और साफ-सफाई का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लोगों ने नगर पंचायत से निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

CMYK

# टायर बनाने वाली कंपनी का घट गया प्रॉफिट

## बावजूद हर शेयर पर 30 डिविडेंड देने का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टायर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सिएट ने आज मंगलवार को अपने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। मार्च तिमाही में टायर कंपनी का नेट प्रॉफिट 3 प्रतिशत घटकर 99 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का नेट प्रॉफिट वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 102 करोड़ रुपये रहा था। इसके अलावा, कंपनी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड मेंबर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 30 रुपये (300 प्रतिशत) का डिविडेंड देने की सिफारिश की है।



### क्या है डिटेल

सिएट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौथी तिमाही में परिचालन से होने वाली आय बढ़कर 3,421 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,992 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 471 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 635 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में परिचालन आय बढ़कर 13,218 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले 11,943 करोड़ रुपये थी।

**शेयरों के हाल-** सिएट के शेयर आज मंगलवार को मामूली तेजी के साथ 3,066 रुपये पर बंद हुए। इस साल अब तक यह शेयर 5 प्रतिशत तक टूट गए। महीनेभर में यह शेयर 6 प्रतिशत और छह महीने में 11 प्रतिशत तक चढ़ गए। सालभर में यह शेयर 22 प्रतिशत तक चढ़ गए। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 3,581.45 रुपये और 52 वीक लो प्राइस 2,211 रुपये है। इसका मार्केट कैप 12,383.39 करोड़ रुपये है।

## भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में जोरदार बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने के बीच विदेशी निवेशकों के नए प्रवाह से मार्च के मध्य में शुरू हुई बाजार में तेज तेजी के बाद भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति एक बार फिर 100 अरब डॉलर को पार कर




गई है. ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान अंबानी सबसे बड़े लाभार्थी के रूप में उभरे उनकी कुल संपत्ति मार्च के निम्नतम स्तर 81 बिलियन डॉलर से लगभग 20 बिलियन डॉलर बढ़कर 100 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई. इस उछाल ने उन्हें दुनिया भर के शीर्ष 16 सबसे धनी लोगों में शामिल कर दिया है. भारतीय बाजारों में उल्लेखनीय सुधार के बाद 4 मार्च को उनकी संपत्ति घटकर 81 बिलियन डॉलर रह गई.

### भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर हुए बंद तो केसर के दाम में लगी आग

# 5 लाख रुपये किलो पहुंचा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बॉर्डर बंद होने से केसर की कीमतों में भारी तेजी आई है। टॉप क्वालिटी के केसर के दाम पिछले चार दिनों में 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक अब ये लगभग 5 लाख प्रति किलोग्राम हो गया है। इसकी वजह है अटारी-वाघा बॉर्डर का बंद होना। इस बॉर्डर के बंद होने से अफगानिस्तान से केसर की सप्लाई रुक गई है। केसर दुनिया का सबसे महंगा मसाला है। भारत में केसर की सालाना मांग लगभग 55 टन है। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, कश्मीर में 6-7 टन केसर का उत्पादन होता है। बाकी केसर अफगानिस्तान और ईरान से आयात किया जाता है। ईरानी केसर भी महंगा हो गया है। इसकी कीमत में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

एक किलो केसर की कीमत 50 ग्राम सोने के बराबर है। अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से केसर की कीमत में उछाल आई है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार ने अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया है। ये बॉर्डर पाकिस्तान के साथ व्यापार का एकमात्र रास्ता था। चेन्नई की बेल केसर कंपनी के को-फाउंडर नीलेश मेहता ने कहा कि पहलगाम में हमले से पहले सबसे अच्छी क्वालिटी के केसर की कीमत 4.25 लाख से 4.50 लाख प्रति किलोग्राम थी। ये कंपनी कश्मीर से केसर खरीदती है और उसे देश के बाकी हिस्सों में बेचती है। उन्होंने बताया कि ईरानी केसर, कश्मीरी केसर से सस्ता होता है।



दक्षिण और पश्चिमी भारत में केसर की मांग अब भी बनी हुई है। लेकिन उत्तरी भारत के खरीदार पीछे हट रहे हैं। केसर उगाने वालों का कहना है कि उन्हें उत्तरी भारत से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई खरीदार अब केसर नहीं खरीद रहे हैं। पंपोर स्थित रिटेज एग्रो फार्म्स के मालिक फिरोज अहमद ने कहा कि हमें उत्तरी भारत से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। हमारे कई खरीदार पीछे हट रहे हैं। फिरोज अहमद की कंपनी केसर और सूखे मेवे उगाती है। पुलवामा स्थित मीर कश्मीर केसर के मालिक उमर मुख्तार भी इसी बात से सहमत हैं। भारत में केसर का ज्यादातर इस्तेमाल मिठाई बनाने वाले करते हैं। अहमद ने बताया कि मई और जून में शादियों की वजह से काफी काम होता है। इस दौरान केसर की मांग बढ़ जाती है क्योंकि इसका इस्तेमाल मिठाई और दूसरी डिशेज में होता है।

जम्मू और कश्मीर के कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक (एक्सटेंशन) सरताज अहमद शाह ने कहा कि इंडिया इंटरनेशनल कश्मीर केसर ट्रेडिंग सेंटर में केसर 3 लाख प्रति किलोग्राम के थोक भाव पर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी कीमत है। केसर का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। केसर उगाने वालों के मुताबिक, मौसम की खराबी की वजह से कश्मीर घाटी में केसर का उत्पादन कम हुआ है।

### उत्पादन पर असर

कुछ ट्रेड अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पंपोर में नई सीमेंट फैक्ट्रियां खुलने से केसर का उत्पादन कम हो गया है। उनका कहना है कि केसर के फूल बहुत नाजुक होते हैं। जब उन पर सीमेंट की धूल पड़ती है, तो वे मुरझा जाते हैं। इससे केसर की क्वालिटी और मात्रा दोनों पर असर पड़ता है। पंपोर के अलावा केसर बडगाम और श्रीनगर के बाहरी इलाकों और जम्मू के किश्तवाड़ जिले में भी उगाया जाता है। कश्मीर घाटी में केसर कई तरह का होता है। मोंगरा सबसे गहरा होता है और इसमें खुशबू और स्वाद भरपूर होता है। लाचा किस्म में लाल और पीले रंग के हिस्से होते हैं। जर्दा नाम का केसर फेस पैक और ब्यूटी क्रीम में इस्तेमाल होता है। केसर उगाना और काटना बहुत मेहनत का काम है। एक ग्राम केसर लगभग 160-180 फूलों से निकाला जाता है। केसर की फसल अक्टूबर के मध्य में शुरू होती है और एक महीने में खत्म हो जाती है।

### जापान कभी था आर्थिक महाशक्ति, कैलिफार्निया से पिछड़ा ही

# भारत से भी पिछड़ने वाला है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह बात सन 2004 की है। उस समय दुनिया की आर्थिक महाशक्ति जापान के मुकाबले अमेरिकी स्टेट कैलिफोर्निया की जीडीपी दुनिया महज एक तिहाई थी। दो दशक बाद, अब स्थिति यह है कि कैलिफ़ोर्निया ने जापान को पछाड़ दिया। अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। यह तो सिर्फ झांकी है। जापान को असली झटका तो इस साल के अंत में मिलेगा, जबकि भारत भी जापान से आगे बढ़ जाएगा। ऐसा अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जताया है।



### जापान को पछाड़ा कैलिफोर्निया ने

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और यू.एस. ब्यूरो ऑफ़ इकोनॉमिक एनालिसिस के आंकड़ों से पता चला है कि कैलिफ़ोर्निया का नॉमिनल जीडीपी 4.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। गार्डियन के अनुसार, इसने जापान के 4.02 ट्रिलियन डॉलर के नॉमिनल जीडीपी को पीछे छोड़ दिया है। अब यह राज्य एसए (29.18 ट्रिलियन डॉलर), चीन (18.74 ट्रिलियन डॉलर) और जर्मनी (4.65 ट्रिलियन डॉलर) के बाद चौथे स्थान पर है।

### क्यों आगे बढ़ा कैलिफोर्निया

अमेरिकी स्टेट कैलिफ़ोर्निया वहां के मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट का मुख्य केंद्र है। गार्डियन के अनुसार, यह देश का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक भी है। रिपोर्ट के अनुसार, यह राज्य अमेरिका का टेक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का कैपिटल भी है। कुल मिला कर कहें कि कैलिफ़ोर्निया अमेरिका के आर्थिक विकास में बड़ा योगदान देता है। न्यूज़ॉम के कार्यालय से गार्डियन को दिए गए एक बयान के अनुसार, यह संघीय सरकार को जितना पैसा भेजता है, उससे 83 बिलियन डॉलर अधिक प्राप्त करता है।

### अमेरिका, चीन, जर्मनी से भी ज्यादा है विकास दर


कैलिफ़ोर्निया की जीपीडी यों ही नहीं बढ़ रही है। वहां की अर्थव्यवस्था दुनिया के कुछ सबसे बड़े खिलाड़ियों से आगे निकल गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में इसकी विकास दर 6 प्रतिशत रही, जो अमेरिका की 5.3 प्रतिशत, चीन की 2.6 प्रतिशत और जर्मनी की 2.9 प्रतिशत से काफी आगे है। इस शानदार उछाल ने अब कैलिफ़ोर्निया को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। यह राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने सिर्फ छह साल पहले यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल किया था।

## चौथी तिमाही रिजल्ट से पहले अडानी पावर शेयर गिरा, लेकिन 806 तक पहुंच सकता है भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी पावर का शेयर बुधवार को चौथी तिमाही के रिजल्ट से पहले करीब 2 प्रतिशत गिर गया। अडानी ग्रुप के इस शेयर ने बड़ी गिरावट के साथ 541.50 रुपये प्रति शेयर का इंट्राडे लो बनाया। कंपनी 30 अप्रैल 2025 (बुधवार) को त्त4 और वित्तीय वर्ष 2024-25 के नतीजे घोषित करेगी। बोर्ड की बैठक के बाद 1 मई 2025 को निवेशकों के साथ कॉन्फ्रेंस कॉल भी होगी।

एनालिस्ट्स मान रहे हैं कि बिजली की बढ़ती मांग और बेहतर मार्जिन के चलते अडानी पावर के त्त4 नतीजे मजबूत रहेंगे। जनवरी-मार्च 2025 में भारत की बिजली मांग 416 क्र रही, जो पिछले साल के 400 क्र से अधिक है। अडानी पावर के पास गुजरात सहित कई राज्यों में 17,550 का थर्मल पावर प्लांट और 40 का सोलर प्रोजेक्ट है।

तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 7.4 प्रतिशत बढ़कर 2,940.07 करोड़ रुपये रहा, जबकि राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 14,833 करोड़ रुपये हुआ। बिजली बिक्री 23.3 क्ररही, जो पिछले साल के 21.5 क्रसे अधिक है।




**क्यों खरीदें यह शेयर-** वेंचुरा सिक्योरिटीज ने अडानी पावर शेयर पर खरीदें की सलाह दी है, जिसका टारगेट प्राइस 806 रुपये रखा गया है। पिछले 2 साल में यह शेयर 145 प्रतिशत और 5 साल में 1,619 प्रतिशत चढ़ा है। तकनीकी विश्लेषण के मुताबिक, शेयर 102 दिनों के राउंडिंग बॉटम पैटर्न में है। अगर यह 598 रुपये के स्तर से ऊपर टिकता है, तो 752.9 रुपये तक का उछाल संभव है।

**निवेशकों के लिए सलाह-** एनालिस्ट्स का मानना है कि अच्छे नतीजे शेयर में तेजी ला सकते हैं, लेकिन बाजार के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सतर्क निवेश की सलाह दी जाती है।

## 115 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा, 10 प्रतिशत उछलकर 118 रुपये के पार पहुंचे रिटेल कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। सुपरमार्केट चेन विशाल मेगा मार्ट के शेयर बुधवार को बीएसइ में करीब 10 प्रतिशत के उछाल के साथ 118.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल शानदार तिमाही नतीजों के बाद आया है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में विशाल मेगा मार्ट का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 88 पर्सेंट बढ़कर 115.1 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 126.85 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 96.05 रुपये है।

**2547 करोड़ रुपये रहा है कंपनी का रेवेन्यू-** विशाल मेगा मार्ट का रेवेन्यू मार्च 2025 तिमाही में सालाना आधार पर 23.2 पर्सेंट बढ़कर 2547.9 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 2068.9 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में रिटेल कंपनी के ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस में भी सुधार देखने को मिला है। कंपनी का इबिट्डा सालाना आधार पर 42.6 पर्सेंट उछलकर 357 करोड़ रुपये पहुंच




गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 250.5 करोड़ रुपये था। मार्च 2025 तिमाही में कंपनी का इबिट्डा मार्जिन बढ़कर 14 पर्सेंट जा पहुंचा है।

**पूरे साल में कंपनी को 632 करोड़ रुपये का मुनाफा-** पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 36.8 पर्सेंट बढ़कर 631.97 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वहीं, कंपनी का रेवेन्यू 20.2 पर्सेंट बढ़कर 10,716.35 करोड़ रुपये जा पहुंचा है। 31 दिसंबर 2024 तक के डेटा के मुताबिक, विशाल मेगा मार्ट अलग-अलग शहरों में 668 स्टोर्स ऑपरेट कर रहा है।

**78 रुपये पर आया था कंपनी का आईपीओ-** विशाल मेगा मार्ट के आईपीओ में शेयर का दाम 78 रुपये था। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 11 दिसंबर 2024 को खुला था और यह 13 दिसंबर 2024 तक ओपन रहा। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर 2024 को 110 रुपये पर लिस्ट हुए थे।

## सरकार की नई स्कीम: वाहन जितनी दूरी चलेगा, उसी का टोल भरना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्सप्रेसवे और हाईवे पर टोल प्लाजा के जाम से जल्द छुटकारा मिल सकता है। सरकार एक नई टोल नीति ला रही है, जहां आपको सिर्फ उतना ही टोल देना होगा, जितनी दूरी आपने तय की है। लेकिन, यहां सावधानी बरतने वाली बात ये है कि अगर आपने टोल का पेमेंट समय पर नहीं किया, तो न सिर्फ भारी जुर्माना लगेगा, बल्कि आपका स्कोर भी गिरेगा। इससे आगे चलकर लोन या क्रेडिट कार्ड लेने में दिक्कत हो सकती है। सरकार, और बैंक इस नई व्यवस्था पर फाइनल डिस्कशन में जुटे हैं। जल्द ही इसे लागू किया जा सकता है। तो अगर आप हाईवे पर अक्सर चलते हैं। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय दूरी के आधार पर टोल वसूली की व्यवस्था को लाने की दिशा में काम कर रहा है। ऐसी में जीपीएस मैपिंग के आधार पर टोल का निर्धारण किया जाएगा। नई व्यवस्था में वाहन जितनी दूरी तक नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर चलेगा, उसी का टोल भरना होगा। यह व्यवस्था उन लोगों के लिए फायदेमंद होगी, जो कम दूरी (40-50 किलोमीटर) की यात्रा करते हैं लेकिन बीच में टोल पड़ने के कारण उन्हें अभी तक 150-200 रुपये का टोल भरना पड़ता है। टोल की वसूली को लेकर लाई जा रही नई व्यवस्था पर गहनता से चर्चा चल रही है। फास्टैग के ब्लैकलिस्ट होने संबंधी रिकॉर्ड को व्यक्ति के सिबिल स्कोर से जोड़ने के लिए एनपीसीआई और आरबीआई के साथ चर्चा चल रही है। सूत्रों का कहना है कि सिबिल स्कोर से जोड़ने को लेकर लगभग सहमति है। क्योंकि फास्टैग का सारा रिकॉर्ड भारतीय भुगतान निगम लिमिटेड और बैंकों के पास उपलब्ध है। लिखित सहमति बनने के बाद उसे आसानी से व्यक्ति के सिबिल स्कोर के साथ अपडेट किया जा सकेगा।




# आज से बदलेंगे नियम: एटीएम से पैसे निकालना होगा महंगा, एलपीजी के रेट होंगे अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 1 मई को एलपीजी सिलेंडर के रेट से लेकर एफडी और बचत खातों के ब्याज में बदलाव देखने को मिल सकता है। रेलवे टिकट की बुकिंग से जुड़े हुए नियम बदलेंगे तो एटीएम से पैसे निकालना महंगा पड़ेगा। आइए देखें कि 1 मई से क्या-क्या बदलाव होने वाले हैंज

**रेलवे टिकट बुकिंग से जुड़े हुए नियम बदलेंगे-** रेलवे भी एक मई से टिकट बुकिंग के नियम बदलेगा। अब स्लीपर और एसी कोच में प्रतीक्षा टिकट मान्य नहीं होगा। सिर्फ जनरल कोच में ही प्रतीक्षा टिकट से यात्रा हो सकेगी। टिकट बुकिंग का समय 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दिया गया है। इसके अलावा, किराया और रिफंड शुल्क भी बढ़ सकते हैं।

**एलपीजी के रेट होंगे अपडेट-** हमेशा की तरह महीने की पहली तारीख को एलपीजी के रेट अपडेट होंगे। अप्रैल में सरकार ने 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 50 बढ़ा दी थी। यह बढ़ोतरी लगभग एक साल बाद हुई। अब दिल्ली में सिलेंडर 853 और कोलकाता में 879 तक पहुंच गया है। ऐसे में अब कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में बदलाव देखने को मिल सकता है।




**एफडी और बचत खातों के ब्याज में बदलाव-** बदलावों में ब्याज दरें भी शामिल हो सकती हैं। गौरतलब है कि आरबीआई ने पिछले महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दरों को घटाने का ऐलान किया था। इसके बाद बैंक लगातार अपनी ब्याज दरों में इस कटौती को समायोजित कर रहे हैं। कर्ज, जमा और बचत बैंक इस तीनों खातों पर ब्याज दरें घटाई जा रही हैं। कुछ बैंक अभी और कटौती कर सकते हैं।

**निर्धारित सीमा के बाद लेन-देन पर शुल्क बढ़ेगा-** भारतीय रिजर्व बैंक ने एटीएम से पैसे निकालने के शुल्क को बढ़ाने का ऐलान किया है। अगर आप एटीएम के जरिए नकदी निकाल रहे हैं, जमा कर रहे हैं या अपना बैलेंस चेक कर रहे हैं, तो निर्धारित सीमा के बाद लगने वाले शुल्क में वृद्धि की गई है। एक मई से एटीएम से निशुल्क रकम निकासी की सीमा पार करने के बाद हर निकासी पर 23 रुपये देने होंगे।

यह अभी शुल्क 21 रुपये है। हर महीने बैंक के एटीएम से पांच और दूसरे बैंक के एटीएम से मेट्रो शहरों में तीन या गैर-मेट्रो शहरों में पांच मुफ्त निकासी मिलती हैं। यह शुल्क बढ़ोतरी एटीएम चलाने की लागत बढ़ने के कारण की गई है।

**प्रवाह पोर्टल से बैंकों का काम होगा सरल-** भारतीय रिजर्व बैंक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 1 मई से सभी बैंकों, वित्तीय कंपनियों और अन्य विनियमित संस्थाओं को प्राधिकरण, लाइसेंस और अनुमोदन के लिए कोई भी आवेदन जमा करने के लिए प्रवाह पोर्टल का उपयोग करना होगा।


पोर्टल में उपलब्ध आवेदन पत्रों का उपयोग करके नियामक प्राधिकरण, लाइसेंस, अनुमोदन के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्रवाह का उपयोग करना होगा।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 30-04-2025 22:03 Page 1



## शांभवी आईसीएसई में शत प्रतिशत अंक लाकर बनी नेशनल टॉपर

### पेंटिंग में रुचि, इंजीनियर बनने का सपना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की होनहार बेटी शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। लोयोला स्कूल की इस मेधावी छात्रा ने सेल्फ स्टडी के दम पर न केवल झारखंड, बल्कि पूरे भारत को गर्व का पल दिया। शांभवी के पिता अभिषेक जायसवाल, मेहर बाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट हैं, और मां ओजस्वी शंकर, मणिपाल हॉस्पिटल कॉलेज में वरिष्ठ गायनोकोलॉजिस्ट हैं।

शांभवी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने साबित कर दिया कि सच्ची लगन और मेहनत के आगे कोई मंजिल असंभव नहीं। वह भविष्य में कंप्यूटर साइंस इंजीनियर बनना चाहती हैं और पेंटिंग में भी उनकी गहरी रुचि है।

शांभवी की सफलता का राज उनकी कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और समय का सही उपयोग है। उन्होंने हर विषय को गहराई से पढ़ा, नियमित अभ्यास किया और अपनी कमियों को सुधारा। बिना किसी कोचिंग या अतिरिक्त क्लास के, शांभवी ने घर पर ही सेल्फ स्टडी के बल पर यह मुकाम हासिल किया।

उनकी मां ओजस्वी शंकर ने पढ़ाई के दौरान उनके हर सवाल का जवाब दिया और उनका हौसला बढ़ाया। शांभवी कहती हैं, मम्मी ने मेरे हर डाउट को आसान बनाया। उनकी वजह से मैं बिना रुके आगे बढ़ी।

शांभवी के माता-पिता दोनों ही डॉक्टर हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अपनी मिसाल है। पिता अभिषेक जायसवाल, मेहर बाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विभाग में प्रमुख हैं, जबकि मां ओजस्वी शंकर, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

पिता अभिषेक ने बताया, जब हमें पता चला कि शांभवी ने पूरे देश में टॉप किया है, तो पहले यकीन नहीं हुआ। वह स्कूल में हमेशा अव्वल रही, लेकिन देश में पहला स्थान हासिल करना सपने जैसा है। हम भगवान से उसकी तरक्की की प्रार्थना करते हैं। घर का शैक्षणिक माहौल और माता-पिता का मार्गदर्शन शांभवी के लिए सबसे बड़ा सहारा रहा।

जब आईसीएसई के परिणाम घोषित हुए और शांभवी का नाम नेशनल टॉपर के रूप में गूंजा, तो लोयोला स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षकों, सहपाठियों और स्कूल प्रशासन ने तालियों के साथ शांभवी का स्वागत किया।

स्कूल के प्रिंसिपल ने इसे लोयोला के इतिहास का सबसे गौरवशाली क्षण बताया। स्कूल के शिक्षकों ने कहा, शांभवी की मेहनत और लगन हर छात्र के लिए प्रेरणा है। उसने हमें गर्व से सिर ऊंचा करने का मौका दिया।

शांभवी पढ़ाई के साथ-साथ पेंटिंग में भी माहिर हैं। कैनवास पर रंगों के साथ समय बिताना उन्हें सुकून देता है। भविष्य में वह कंप्यूटर साइंस में इंजीनियर बनकर देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय वह अपनी मां, शिक्षकों और अपने आत्मविश्वास को देती हैं।

शांभवी कहती हैं, मैंने हर दिन छोटे-छोटे लक्ष्य बनाए और उन्हें पूरा किया। मेरी मम्मी और मेरे स्कूल ने मुझमें यह विश्वास जगाया कि मैं कुछ भी कर सकती हूं।

शांभवी की यह उपलब्धि उन लाखों छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो बड़े सपने देखते हैं। उन्होंने दिखा दिया कि कोचिंग या महंगे संसाधनों के बिना भी मेहनत और लगन से शिखर तक पहुंचा जा सकता है। उनकी कहानी सिखाती है कि अगर मन में ठान लिया जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी इस उपलब्धि ने साबित किया कि छोटे शहरों से भी ऐसी प्रतिभाएं निकल सकती हैं, जो विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ें। सही मार्गदर्शन, परिवार का साथ और मेहनत के दम पर शांभवी ने नया इतिहास रच दिया। जमशेदपुर और झारखंड के लिए यह गर्व का पल है, और शांभवी जैसी बेटियां देश का भविष्य हैं।

## मौसम ने तोड़ी किसानों की कमर

रांची। झारखंड में आज फिर से बारिश होने वाली है। मौसम विभाग इसे लेकर लगातार चेतावनी जारी कर रहा है। बता दें बीते दिन मौसम विभाग ने 6 दिन लगातार बारिश का अलर्ट जारी किया था। वहीं इस बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। कई जगह फसल बर्बाद होने की खबर सामने आ रही है। दोपहर अचानक आए आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और मूसलधार बारिश ने किसानों पर कहर बरपाया। इस अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा से दारु प्रखंड के दर्जनों किसानों को करीब 1 करोड़ रुपये की फसलों का नुकसान हुआ है। तरबूज, खीरा, गेहूं, टमाटर, करैला, भिंडी, लहसुन और प्याज जैसी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसान बुरी तरह से आहत और संकट में हैं। प्रभावित किसानों ने सीओ को आवेदन सौंपते हुए तत्काल मुआवजे की मांग की। इरगा निवासी विकास कुमार ने बताया कि उन्होंने बैंक और महाजन से कर्ज लेकर 15 एकड़ में तरबूज की खेती की थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है।

# मरीजों का पूरा पैसा खत्म कर रिम्स रेफर कर देते हैं निजी अस्पताल : मंत्री

### स्वास्थ्य मंत्री का निजी अस्पतालों पर गंभीर आरोप

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*रांची। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि निजी अस्पताल पैसों के लिए मरीजों को भर्ती तो कर लेते हैं, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर रिम्स को रेफर कर देते हैं। पैसा निजी अस्पताल कमाते हैं लेकिन दाग रिम्स पर लगता है, क्योंकि इससे रिम्स में मरीजों की होनेवाली मौत की दर बढ़ जाती है।*

*उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निजी अस्पताल मरीजों के इलाज में 10 से 15 लाख वसूल लेते हैं और जब मरीज के पास पैसा खत्म हो जाता है तो उसे रिम्स रेफर कर देते हैं। मंत्री मंगलवार को बीएनआर चाणक्या में ""आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना"" तथा ""मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना"" से संबंधित कार्यशाला में अस्पताल प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।*

*इसमें शहरी क्षेत्र के 50 बेड से कम तथा ग्रामीण क्षेत्र के 30 बेड से कम क्षमता वाले अस्पतालों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।*

*निजी अस्पतालों की व्यवस्था में उक्त खामियों पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि अब ऐसा नहीं चलेगा। निजी अस्पताल किसी मरीज को भर्ती करते हैं तो उनका पूरा इलाज भी करना होगा। मरीज को ठीक करने की भी जिम्मेदारी उनकी है। अगर इलाज संभव नहीं है तो शुरू में ही कह दें कि रिम्स या किसी दूसरे अस्पताल ले जाएं। पैसा खत्म होने पर रेफर करने की व्यवस्था को वे बंद करना चाहते हैं।*

*उन्होंने कार्यशाला में भाग नहीं लेनेवाले अस्पतालों को चेतावनी के लहजे में कहा कि अगली बार नहीं पहुंचे तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।*

*उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में काम कर रहे झारखंड के कई चिकित्सक झारखंड लौटना चाहते हैं। हम अहमदाबाद में मिलनेवाले वेतन से दोगुना वेतन उन्हें देंगे।*

*आयुष्मान से जुड़ने के लिए शहरी क्षेत्र में 50 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 30 बेड अनिवार्य*

*आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना"" तथा ""मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना"" के लिए राज्य सरकार ने शहरी क्षेत्र में न्यूनतम 50 बेड तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 बेड को अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए अस्पतालों को छह माह का समय दिया गया है।*

*स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने सोच-समझकर यह व्यवस्था लागू की है। अस्पताल चला रहे हैं तो बेहतर ढंग से चलाएं। उन्होंने अपने निरीक्षण के क्रम में आई खामियों का जिक्र करते हुए कहा कि दो, तीन, चार बेड का अस्पताल खोलकर भी आयुष्मान का लाभ लिया जा रहा था।*

*पश्चिम बंगाल से आकर लोग भाड़े के मकान में ऐसे अस्पताल चला रहे थे। कार्यशाला में झारखंड आरोग्य सोसाइटी के निदेशक अबु इमरान ने इस वर्ष फरवरी माह से आयुष्मान भारत योजना में लागू नई व्यवस्थाओं को निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।*

*स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कार्यशाला में झारखंड में बेड और चिकित्सकों की संख्या की कमी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार, एक हजार की आबादी पर कम से कम एक चिकित्सक होना चाहिए।*

*लेकिन झारखंड में साढ़े पांच हजार आबादी पर एक चिकित्सक उपलब्ध है। इसी तरह, झारखंड के अस्पतालों में 31 हजार बेड ही हैं, जबकि एक लाख 13 हजार बेड होना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों की तरह निजी अस्पतालों को भी बेड बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इसमें राज्य सरकार भी सहयोग प्रदान करेगी।*

# धनबाद-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को मिली मंजूरी

### यात्रियों को मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** दक्षिण भारत जानेवाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने धनबाद से कोयंबटूर के लिए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को मंजूरी दी है। कोयंबटूर से दो से 23 मई प्रत्येक शुक्रवार तथा धनबाद से पांच से 26 मई तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी।


दक्षिण भारत जानेवाली ट्रेनों के स्लीपर श्रेणी में लंबी प्रतीक्षा सूची के मद्देनजर रेलवे ने इस ट्रेन को केवल स्लीपर कोच के साथ चलाने की घोषणा की है।

बुधवार से टिकटों की बुकिंग शुरू होने की संभावना है। इस ट्रेन से कामगार व कम आय वर्ग वाले यात्रियों के साथ-साथ इलाज कराने वेल्लूर जानेवाले मरीजों को भी साप्ताहिक ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी।

धनबाद से कोयंबटूर के बीच चलने वाली ट्रेन का ठहराव बोकारो, मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगड़ा, संबलपुर, टिटलागढ़, मुनीगुड़ा, रायगढ़, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, दुव्वाड़ा, राजमुंदरी, ताडेपल्लीगुडेम, एलुरू, विजयवाड़ा, ओंगुल, नेल्लोर, गुडूर, पेरंबूर, काटपाडी, जोलारपेट्टई, सेलम, इरोड व तिरुप्पुर में होगा।

27 मई तक चलेगी बरौनी-पोत्तनूर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

मंगलवार से बरौनी-पोत्तनूर कोयंबटूर समर स्पेशल ट्रेन की सेवा बहाल हो गई। 06056 बरौनी-पोत्तनूर साप्ताहिक समर स्पेशल



प्रत्येक मंगलवार को 27 मई तक चलेगी। 06055 पोत्तनूर-बरौनी समर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को 24 मई तक चलेगी।

बरौनी से रात 11:45 पर खुल कर सुबह 5:50 पर धनबाद, सुबह 7:35 पर बोकारो तथा शुक्रवार अलसुबह 3:45 पर पोत्तनूर पहुंचेगी। वापसी में पोत्तनूर से शनिवार दिन में 11:50 पर रवाना होकर सोमवार सुबह 5:50 पर बोकारो, सुबह 7:05 पर धनबाद तथा दोपहर 2:30 पर बरौनी पहुंचेगी।

## प्रोन्नति के बाद रिम्स के 13 डाक्टर बने प्रोफेसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची में लंबे समय से प्रोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे डॉक्टरों के लिए राहत की खबर है। निदेशक डॉ. राजकुमार ने पद पर दोबारा योगदान देने के साथ ही डॉक्टरों की प्रोन्नति सूची जारी कर दी। कुल 81 डॉक्टरों को प्रोन्नति दी गई है।

इनमें 13 डॉक्टरों को प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नत किया गया है, जिनमें तीन डॉक्टर डेंटल विभाग से हैं। इसके अलावा, 28 डॉक्टरों को एडिशनल प्रोफेसर और 40 डॉक्टरों को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति दी गई है।

इनमें से कुल 41 डॉक्टरों को एक जुलाई 2024 से प्रोन्नति दी गई है, जबकि 33 डॉक्टरों को एक जुलाई 2023 से प्रोन्नति मिली है। सात डॉक्टरों को एक जुलाई 2022 से प्रोन्नति मिली है। डॉक्टरों ने निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया है।

जिन डॉक्टरों ने बैचलर्स आफ कम्युनिटी मेडिकल सर्विसेज (बीसीएमई) और बायोमेडिकल रिसर्च में बेसिक कोर्स (बीसीबीआर) की परीक्षा उत्तीर्ण की है लेकिन अब तक इसका प्रमाण पत्र जमा नहीं किए हैं उनकी प्रोन्नति अभी लंबित है। प्रमाण पत्र जमा होने के बाद ही इनका रिजल्ट जारी किया जाएगा।

मेडिकल में बीसीएमई और बीसीबीआर दोनों ही महत्वपूर्ण कोर्स हैं। जिसे पूरा करने के बाद ही प्रोन्नति मिल सकती है। बीसीएमई सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में एक स्नातक स्तर का कोर्स है जो सामुदायिक चिकित्सा और आवश्यक दवाओं के बारे में ज्ञान प्रदान करता है और बीसीबीआर बायोमेडिकल रिसर्च में एक बेसिक कोर्स है जो चिकित्सा शोध के सिद्धांतों और तरीकों को सिखाता है।

एनएमसी के अनुसार स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य विषय है। इन्हीं कोर्स के प्रमाण पत्र अभी तक इन छह डॉक्टरों द्वारा जमा नहीं किया गया है।

# पलामू को बाल विवाह मुक्त करने में सभी करें सहयोग : डीडीसी

### बाल विवाह की रोकथाम को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर बाल विवाह की रोकथाम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बाल विवाह की शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की बातें कही। उन्होंने सभी से 2025 तक पलामू जिले को बाल विवाह मुक्त करने के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करने की अपील की। कार्यशाला के दौरान बाल विवाह रोकने हेतु उपाय पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें पदाधिकारी एवं विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्य एवं प्रयासों के अनुभवों को साझा किया। कार्यशाला



में मुख्य रूप से शादी के लिए मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य दस्तावेज के रूप में रखने, सभी बच्चियों एवं उनके अभिभावक की शपथ पत्र लेने, पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव विवाह पंजी संधारित करने, पंचायत में होने वाली शादियों की जानकारी देने, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अन्य सभी स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने, होटल, धर्मशाला, धार्मिक स्कलों के प्रधानों के साथ संयुक्त बैठक कर बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूक करने, सभी विभागों के आपसी समन्वय से बाल विवाह की रोकथाम का प्रयास करने, बाल विवाह की शिकायत पर कानूनी कार्रवाई करने आदि का निर्णय लिया गया। कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, बीडीओ सह जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सीओ, सीडीपीओ जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक, डीपीए व विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## नाइजर में अपहृत मजदूरों की वापसी के लिए सोरेन सरकार सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नाइजर में अपहृत पांच प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय को ईमेल भेजकर मजदूरों की सकुशल रिहाई के लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया है।

दरअसल, 27 अप्रैल को पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने सूचना दी थी कि गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के दो गांवों दोन्दलो और मुंडरो के पांच मजदूर नाइजर में लापता हो गए हैं। सभी मजदूर नाइजर में ट्रांसमिशन लाइन के काम में लगी एक कंपनी के प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। 25 अप्रैल को कुछ हथियारबंद लोगों ने इन्हें तेलाबारी क्षेत्र से अगवा कर लिया था। तब से इनका कोई पता नहीं चल पाया है, जिससे परिजनों में भारी चिंता है।

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी के प्रोजेक्ट हेड और कंट्री मैनेजर से संपर्क कर पूरी जानकारी ली। बताया गया कि मजदूर साइट से 25झ30 किलोमीटर दूर कार्य कर रहे थे, तभी यह हमला हुआ। इस हमले में कुल 26 स्थानीय मजदूर और 12 अन्य देशों के मजदूर शामिल थे। दुखद खबर यह भी है कि इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद से कंपनी, स्थानीय प्रशासन, भारतीय राजदूत और दूतावास लगातार सक्रिय हैं।

प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने 28 अप्रैल को औपचारिक सत्यापन के बाद रांची स्थित प्रवासी श्रमिकों के प्रोटेक्टर, भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय को आवश्यक कार्रवाई के लिए ईमेल भेजा है। आज भारतीय दूतावास और कंपनी ने फिर से राज्य नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर जानकारी दी है कि भारतीय दूतावास ने नाइजर के अधिकारियों से बात शुरू कर दी है और हमारे नागरिकों की सुरक्षित व जल्द रिहाई के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## अमन साहू एनकाउंटर मामले में नया मोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ में अमन साहू एनकाउंटर की सीबीआइ जांच की मांग और डीजीपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में अमन साहू की मां किरन देवी को सारे तथ्यों के साथ नई हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अमन साहू की मां किरन देवी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी और फोटो उपलब्ध कराया था।जिसपर संज्ञान लेते हुए अदालत मामला दर्ज करते हुए सुनवाई कर रही है। इसी मामले में किरण देवी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई, जिसमें कहा गया है कि घटना से पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अमन साहू को एनकाउंटर में मारने की धमकी थी। बाद में घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार सिकरवार ने अदालत को बताया कि मामले में अमन साहू की मां ने डीजीपी अनुराग गुप्ता, रांची एसएससी चंदन कुमार सिन्हा, एटीएस एसपी ऋषभ झा और इंस्पेक्टर पीके सिंह के खिलाफ नामजद ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

उनकी ओर से ललिता कुमारी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञेय मामले में प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य किया है।

इसके अलावा उनकी ओर से एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया है, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी मामले में पुलिस के वरीय अधिकारी शामिल हैं, तो उनके खिलाफ जांच सीबीआइ करेगी, क्योंकि एक दारोगा डीजीपी या अन्य वरीय अधिकारी के खिलाफ जांच नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि मामले की जांच सीआइडी कर रही है।

प्रार्थी की ओर से कहा गया कि पुलिस की ओर से दर्ज मामले की सीआइडी जांच की जा रही है, अभी तो किरन देवी के आनलाइन आवेदन पर पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। इसके बाद अदालत ने प्रार्थी को सारे तथ्यों के साथ नई हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

मंडल रेल प्रबंधक, आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-25-25, दिनांक 01.04.2025** में संशोधन। प्रशासनिक कारणवश ऊपरोक्त निविदा के **बंद होने** की निर्धारित तारीख 30.04.2025 को पुनर्निर्धारित कर दिनांक **15.05.2025** कर दी गई है। मूल निविदा सूचना के अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। **(PR-101/C)**

# मनायी गयी दो- दो विभूतियों की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने महारानी अहिल्याबाई होलकर एवं संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेदकर के जीवन से प्रेरणा लेने पर जोर देते हुए कहा कि उन महान विभुतियों के बारे में समाज एवं अपनी आने वाली पीढ़ी को बताने की जरूरत है।

दोनों ने विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़ते हुए समाज एवं देश के लिए बहुत कुछ किया। वे आरएसएस के सामाजिक समरसता गतिविधि की ओर से महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं एवं बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में किया गया था। गोपाल शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई कठिन परिस्थितियों में मालवा सामाज्य की शासक बनी। उस समय तीन लाख से ज्यादा मंदिरों को मुगलों ने ध्वस्त कर दिया था, जो मंदिर कभी सेवा, संस्कार एवं सहयोग के केंद्र हुआ करते थे। अहिल्याबाई ने हजारों मंदिरों का निर्माण करवाया। नदियों व तालाबों के किनारे घाट बनवाने के साथ-साथ शिक्षण संस्थान बनवाने का भी काम की। परंतु इतिहास में उनके बारे में सही जानकारी नहीं दी गई है। जब उनके बारे में पढ़ेंगे तो पता चलेगा की पिछड़े वर्ग से आने के बाद भी समाज के लिए सेवा के कितने कार्य किए हैं। उन्होंने शिवाजी महाराज, गुरु तेगबहादुर व महाराणा प्रताप के जीवन से भी प्रेरणा लेने पर जोर दिया।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की चर्चा करते हुए कहा उनके नाम पर आज देश को बांटने की साजिश चल रही है। उससे सतर्क रहते हुए समाज को जागृत करना है। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजिक समरसता गतिविधि के प्रांत संयोजक दिनेश मंडल ने 'हम सब हिंदू एक हैं' का भाव लोगों में जगाने का काम किया।

### केंद्रीय मंत्री से दीपिका पांडेय ने की मुलाकात

# मनरेगा भुगतान और मजदूरी दरों पर की चर्चा

## मजदूरी मद में 150 करोड़ रुपये का है बकाया भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में झारखंड सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में झारखंड राज्य में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित लंबित भुगतान, संसाधन आवंटन और नीति-संशोधन के मुद्दों पर राज्य सरकार ने ठोस मांग रखी।

राज्य सरकार की ओर से मंत्री से आग्रह किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास लंबित 747 करोड़ की राशि को जल्द से जल्द राज्य में जारी किया जाए। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि जिन कार्यों से संबंधित बिल के पहले ही मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं, उनकी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

राज्य के लाखों श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु मनरेगा की मजदूरी मद में केंद्र सरकार से 150 करोड़ की लंबित राशि तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य में मनरेगा प्रशासनिक मद के अंतर्गत कार्यरत लगभग 5400 से अधिक कर्मियों का वेतन एवं संचालन गत खर्च तीन माह से लंबित है। इस कारण योजना संचालन प्रभावित हो रही है। प्रशासनिक मद की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई। भारत सरकार द्वारा पूर्व में झारखंड राज्य को 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन इससे संबंधित राशि अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है। प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए राज्य सरकार ने तत्काल राशि जारी करने की मांग की।

झारखंड की मनरेगा मजदूरी दर वर्तमान में 255 प्रतिदिन है, जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है। राज्य सरकार ने आग्रह किया कि इसे बढ़ाकर न्यूनतम 405 प्रतिदिन किया जाए, ताकि श्रमिकों को न्यायसंगत पारिश्रमिक मिल सके और योजना की प्रभाव शीलता बनी रहे। झारखंड के पठारी और कठोर मिट्टी वाले भूभाग में कुएं की खुदाई जैसे कार्य अत्यंत कठिन होते हैं। वर्तमान दरें इस कार्यभार के अनुरूप नहीं हैं। राज्य सरकार ने रउक्र दरों की अन्य पठारी राज्यों की तर्ज. पर पुनरीक्षण की अनुमति देने की मांग की।

एक वर्ष से अधिक समय से सामग्री और श्रम से संबंधित कई ऋ्छड लंबित हैं, जिससे श्रमिकों एवं आपूर्तिकताओं को कठिनाई हो रही है। लंबित भुगतान में 7.06 करोड़ मजदूरी मद में और 43 लाख सामग्री मद में हैं। मनरेगा में कार्यरत श्रमिकों का 2.86 करोड़ का मानदेय पिछले तीन महीनों से लंबित है। यह राशि जल्द से जल्द जारी किए जाने की मांग की गई।

झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना में प्रति लाभार्थी दो लाख की राशि स्वीकृत की जाती है, जबकि केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में यह राशि मात्र 1.20 लाख है। राज्य ने प्रस्ताव दिया कि केंद्र की योजना को भी अबुआ आवास के अनुरूप बनाते हुए प्रति यूनिट राशि दो लाख की जाए, ताकि ग्रामीण परिवारों को मजबूत, सुरक्षित और गरिमामयी आवास मिल सके। झारखंड सरकार ने सभी बिंदुओं पर केंद्र सरकार से शीघ्र निर्णय एवं वित्तीय सहायता का अनुरोध किया, जिससे राज्य में गरीबों, श्रमिकों और ग्रामीण नागरिकों की जीवन स्थितियों में सुधार हो और योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी**

"पूर्व रेलवे के हावड़ा और आसनसोल मंडल के हावड़ा-प्रधानखूंटा (छोड़कर) खंड पर 160 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढ़ाने के कार्य के संबंध में कवच कार्य के निष्पादन अर्थात 2x24 फाइबर ओएफसी बैकबोन सहित कवच के प्रावधान के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति" के कार्य के लिए इस कार्यालय के मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा सूचना संख्या: एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54ए, दिनांक 09.04.2025** के लिए **संशोधनी संख्या 1**। उपर्युक्त प्रकाशित **ई-निविदा सूचना संख्या: एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-54ए, दिनांक 09.04.2025** में, निम्नलिखित संशोधन जारी किया गया है: **संशोधनी संख्या 1: 25.04.2025 को आईआरईपीएस में प्रकाशित**। निविदा के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। संशोधनी संख्या 1 के साथ ई-निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(CON-06/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# इस लड़की के घर में रहने पहुंचे युजवेंद्र चहल, रह चुकी है मिस वर्ल्ड इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युजवेंद्र चहल पहले धनश्री से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में थे. फिर उनका नाम आरजे महवश से जुड़ा . लेकिन फिलहाल वो खबरों में हैं मुंबई में अपने नए ठिकाने को लेकर. दरअसल, मायानगरी में युजवेंद्र चहल उस लड़की के घर में रहने वाले हैं, जो मिस वर्ल्ड इंडिया रह चुकी है, जो एक एक्ट्रेस भी है और सुपर मॉडल भी. हम बात कर रहे हैं नताशा सूरी की, जिनका अपार्टमेंट युजवेंद्र चहल ने रहने के लिए किराए पर लिया है. युजवेंद्र चहल ने मुंबई में रहने के लिए पूर्व मिस वर्ल्ड इंडिया रह चुकी नताशा सूरी का अपार्टमेंट 3 लाख रुपये प्रति महीने के किराए पर लिया है. इसके लिए उन्होंने 4 फरवरी 2025 को एग्रीमेंट साइन किया था. नताशा सूरी के अपार्टमेंट को किराए पर लेने के लिए चहल ने 10 लाख रुपये की सिक्योरिटी मनी भी जमा की है. फिलहाल दोनों के बीच ये एग्रीमेंट 2 साल का हुआ है. रेंटल एग्रीमेंट में एक साल बाद 5 फीसद किराए में बढ़ोत्तरी की भी बात है.युजवेंद्र चहल ने जो अपार्टमेंट किराए पर लिया है, वो अंधेरी वेस्ट में है और उसका एरिया 1399 स्क्वॉयर फीट का है. हालांकि, ये बात समझ से परे है कि जिस बात को धनश्री के साथ तलाक की वजह माना गया, चहल उसे ही करते क्यों दिखे? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चहल औन धनश्री का तलाक मुंबई में रहने और ना रहने के सवाल पर ही हुआ था. धनश्री ये चाहती थीं कि वो मुंबई में रहें. मगर चहल की तब दलील थी कि वो हरियाणा से बाहर शिफ्ट नहीं होना चाहते, ताकि अपने माता-पिता के साथ रह सकें. चहल के इस कदम को लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग रिएक्शन आ रहे है. लोग ये सवाल कर रहे हैं कि जब धनश्री कह रही थी तब क्यों नहीं आए मुंबई रहने? वहीं एक दूसरे मीडिया यूजर्स ने पूछा कि क्या लड़की का चक्कर है बाबू भइया? एक यूजर्स ने लिखा कि इस कदम से तो यही लगता है कि धनश्री से तलाक की वजह फिर कुछ और थी?

# तेंदुए से हुआ सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी का सामना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी का तेंदुए से सामना हुआ है. ऐसा जयपुर में हुआ. दरअसल, मुंबई इंडियंस की टीम अपने अगले आईपीएल मैच को लेकर जयपुर में है, जहां उसे 1 मई को राजस्थान रॉयल्स की चुनौती का सामना करना है. मगर उस मुकाबले से सूर्यकुमार यादव, पत्नी के साथ घूमने निकले और इसी दौरान उनका सामना तेंदुए से हुआ. तेंदुए के साथ सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी की मुलाकात का वीडियो भी सामने आ गया है, जो वाकई रोमांचित करता है. सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी को घूमते हुए तेंदुआ बीच सड़क पर नहीं मिला. बल्कि, तेंदए के साथ इन दोनों का एनकाउंडर तब हुआ जब ये उसके इलाके में यानी कि झलाना लेपर्ड सफारी घूमने पहुंचे. उन्होंने वहां तेंदुए का जबरदस्त मूवमेंट देखा. उन्होंने उसे पानी पीते हुए सूट किया. उसकी चाल को फिल्माया. उसे आराम करते हुए भी सूट किया. और, वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया.किसी भी जंगली जानवर को इतने करीब से देखना, उसे कैमरे में कैद करना, मुश्किल भरा काम है. इस काम में खतरा है. क्योंकि कई बार जंगली जानवर ऐसा करने से चिढ़कर हमला बोल देते है. मगर सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी ने जिस तरह से बिना लेपर्ड को परेशान किए उसकी तस्वीरों को कैमरे में कैद किया, उसका वीडियो बनाया, वो अपने आप में काबिलेतारीफ रहा.

# मैच खत्म होते ही कुलदीप यादव ने रिंकू सिंह को मारे कईं चांटे

**आईपीएल में फिर बवाल**





**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को आईपीएल 2025 के 48वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रनों से हराया. अरुण जेटली स्टेडियम में हुए इस मैच के बाद जब प्लेयर्स आपस में बातचीत कर रहे थे, उस समय का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. वीडियो में कुलदीप यादव रिंकू सिंह को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं, जिसके बाद रिंकू गुस्से में भी दिख रहे हैं.

कुलदीप यादव दिल्ली कैपिटल्स में जबकि रिंकू सिंह कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं. वीडियो मैच के बाद का है, इसमें दोनों टीमों के प्लेयर्स आपस में बात कर रहे हैं जैसा हर मैच के बाद खिलाड़ी करते हैं. तभी कुलदीप यादव किसी बात पर रिंकू सिंह को थप्पड़ मारते हैं, और कुछ बोलते हैं. रिंकू बचते हुए हंसते हैं लेकिन फिर शायद उनकी बात सुनकर चुप हो जाते हैं. एक बार फिर कुलदीप ऐसा करते हैं तो रिंकू सिंह का चेहरा गुस्से में लाल ही हो जाता है. वह उन्हें घूरते हैं.

सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें तरह तरह के रिएक्शन आ रहे हैं. लोग हैरान हैं कि आखिर किस बात पर ऐसा हुआ. एक यूजर ने बीसीसीआई, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर को टैग करते हुए लिखा कि देखो क्या मामला है. तो एक अन्य यूजर ने लिखा, जैसे लग रहा है कि बुरा मान गया. एक दूसरे यूजर ने लिखा, कुलदीप का व्यवहार बहुत बुरा. एक यूजर ने लिखा कि, भाई सीरियस लग रहा है, पूरी वीडियो नहीं है क्या लास्ट में शायद रिंकू ने गाली भी दी थी. तो इसके जवाब में जिस हैंडल से वीडियो शेयर किया गया उसने जवाब दिया, नहीं, इसके बाद दोनों इंटरव्यू के लिए चले गए थे.

## कोलकाता ने प्लेऑफ की उम्मीदों को रखा जिंदा

कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रन बनाए थे. दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी लेकिन एक समय पर टीम जीत के करीब पहुंच गई थी, जब फाफ डुप्लेसिस सेट हो गए थे. उन्होंने 45 गेंदों में 2 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 62 रन बनाए. अक्षर पटेल ने भी 23 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी खेली. विपराज निगम ने अंत तक संघर्ष किया, उन्होंने 19 गेंदों में 38 रन बनाए लेकिन टीम लक्ष्य से 15 रन दूर रह गई.

केकेआर जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, हालांकि इस मैच के बाद अंक तालिका में टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ. दिल्ली कैपिटल्स 12 अंकों के साथ चौथे और कोलकाता 9 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है.



**आईपीएल इतिहास में कोई आज तक नहीं कर सका ऐसा**

# नरेन ने की बड़े विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के लिए खेल रहे सुनील नरेन टी20 क्रिकेट पुरुष में इतिहास रचने की दहलीज पर हैं। नरेन इस सीजन में अगर एक और विकेट लेते हैं तो वह पुरुष टी-20 क्रिकेट में एक टीम के लिए खेलते हुए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। सुनील ने समित पटेल के 208 विकेट की बराबरी कर ली है। समित ने नॉटिंघमशायर के लिए टी20 क्रिकेट खेलते हुए 208 विकेट चटकाए हैं। सुनील नरेन भी केकेआर के लिए खेलते हुए 208 विकेट पूरे कर चुके हैं। तीसरे नंबर पर क्रिस वुड हैं जो हैम्पशायर के लिए खेलते हुए तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए 195 विकेट लिए हैं। सुनील नरेन ने आईपीएल के इतिहास में 190 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने केकेआर के लिए चैंपियंस लीग टी20 भी खेला है। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच 48वां मैच में सुनील नरेन ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। सुनील ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के सामने शानदार बल्लेबाजी का भी प्रदर्शन किया और 16 गेंदों पर 27 रन बनाए। नरेन के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर केकेआर ने दिल्ली कैपिटल्स को महत्वपूर्ण मुकाबले में हराया। केकेआर के बल्लेबाजों ने शानदार स्ट्राइक रेट से ताबड़तोड़ पारियां खेलकर बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 204/9 का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए उपकप्तान फाफ डु प्लेसिस (62) और कप्तान अक्षर पटेल ने (43) रन की पारी खेली। दोनों के बीच 76 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली क मैच में बनी हुई थी। दोनों बल्लेबाजों की ओर से शानदार शॉट्स खेले जा रहे थे। इसी बीच नरेन ने उपकप्तान फाफ डु प्लेसिस और कप्तान अक्षर पटेल का विकेट लेकर डीसी की कमर तोड़ दी। इस बीच क्रीज पर आए ट्रिस्टन स्टब्स अभी कुछ समझ पाते कि नरेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। देखते ही देखते डीसी की बल्लेबाजी ताश के पत्ते की तरह ढह गई।

**आईपीएल पर सट्टेबाजी का साया**

# 8.5 लाख करोड़ दांव पर, टूट रहे परिवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे आईपीएल का जुनून देश को अपनी चपेट में ले रहा है, मैदान के बाहर एक खतरनाक ट्रेंड उभर रहा है। भारत में सट्टेबाजी ने इस साल 8.5 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर को छू लिया है। टूटी जिंदगियां, बिखरे परिवार और आर्थिक बर्बादी जैसे घटनाक्रम स्टेडियम की तालियों और फैंटेसी लीग के शोर के पीछे दब रहे हैं। हाल की खबरें दिल दहलाने वाली हैं। कर्नाटक में एक व्यक्ति ने सट्टेबाजी में 1 करोड़ रुपये गंवाए, जिसके बाद उनकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली। मैसूर में कई परिवार इस जाल में फंसकर तबाह हो चुके हैं। खेल के प्रति जुनून और सट्टेबाजी का नशा अब महज अटकलें नहीं, बल्कि एक बढ़ती महामारी बन चुका है।इसके खिलाफ जागरूकता की एक नई लहर उठ रही है। एंजल वन की पहल फाइनवन.क्लब पर 24,000 से अधिक लोग क्विट बैटिंग का संकल्प ले चुके हैं, जो खासतौर पर जेन जैड को वित्तीय समझदारी की राह दिखा रहा है। यह अभियान सिर्फ एक कैंपेन नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता की लड़ाई में एक समुदाय का निर्माण है। सट्टेबाजी को भले ही आकर्षक दिखाया जाए, लेकिन इसके परिणाम बहुत बुरे होते हैं। इस आईपीएल सीजन इससे दूर रहना ही शायद असली जीत होगी।

# लगातार तीन मैच हारने के बाद जोकोविच ने लिया बड़ा फैसला, इटालियन ओपन से नाम वापस लिया




**रोम, एजेंसी।** जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैच हारने के बाद बड़ा फैसला लिया है। अपने 100वें खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। रोम में अगले महीने क्ले कोर्ट पर यह टूर्नामेंट खेला जाना है। इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने लिखा, अगले साल मिलते हैं, नोल। मालूम हो कि जोकोविच को नोल नाम से भी बुलाया जाता है। सर्बिया का 37 वर्षीय यह स्टार टेनिस खिलाड़ी इस सीजन संघर्ष कर रहा है। जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 12-6 है। स्पेन में मातेओ आर्नाल्डी से हारने के बाद जोकोविच ने कहा था, यह 20 से ज्यादा वर्षों के पेशेवर टेनिस के अनुभव से बिलकुल अलग है। कोर्ट पर इस तरह की संवेदनाओं का सामना करना मेरे लिए मानसिक रूप से एक चुनौती है, अब नियमित रूप से टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो रहा हूं।

## फ्रेंच ओपन पर नजरें

जोकोविच लंबे समय तक एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे हैं, लेकिन वह फिलहाल पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कार्लोस अल्कारेज को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। जोकोविच लगातार यह कहते आए हैं कि वह बड़े टूर्नामेंटों में जीत दर्ज करना चाहते हैं और अगला बड़ा टूर्नामेंट पेरिस में 25 मई से शुरू होगा। जोकोविच घुटने में चोट के कारण पिछले साल रोलां गैरों में हिस्सा नहीं ले सके थे क्योंकि उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।

# निशानेबाजी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल मनु भाकर और कुसाले, म्यूनिख में बिखेरेंगे चमक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। मालूम हो कि कुसाले और मनु ने पिछले साल ओलंपिक में पदक जीते थे। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप से लौटी है। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे आईपीएल 2025 के बाद जाएंगे इंग्लैंड दौरे पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और 17 साल के आयुष महात्रे ने अब तक काफी प्रभावित किया है। वैभव राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं जबकि वैभव चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। ये दोनों खिलाड़ी अभी वयस्क नहीं हैं, लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि प्रतिभा को मौका मिले तब क्या कुछ हो सकता है। दोनों को भारतीय क्रिकेट के भविष्य के रूप में देखा जा रहा है।

## इंग्लैंड दौरे पर जाएंगे वैभव-आयुष

वैभव ने तो गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 35 गेंदों पर शतक लगाकर दुनिया की सबसे बेहतरीन टी20 लीग के मंच पर तूफान मचा दिया तो वहीं आयुष ने भी पिछले दो मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की है। आयुष को सीएसके टीम में चोटिल नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में जगह दी गई थी। आईपीएल 2025 में इन दोनों खिलाड़ियों का एक्शन क्रिकेट फैंस देख रहे हैं, लेकिन इसके बाद ये दोनों इंग्लैंड दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम के लिए खेलेंगे। भारतीय अंडर-19 टीम जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जबकि सीनियर टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वहां जाएगी।

## इंग्लैंड में खेली जाएगी टेस्ट और वनडे सीरीज

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जूनियर टीम इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी और टीम जून के अंत में इंग्लैंड पहुंचेगी। सीनियर और अंडर-19 पुरुष टीमों के साथ-साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम और मिश्रित दिव्यांग टीम भी उस समय इंग्लैंड में होगी। भारतीय अंडर-19 टीम पिछले साल अंडर-19 एशिया कप के बाद पहल बार विदेशी दौरे पर जाएगी। अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारत को हार मिली थी। वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे दोनों ही अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे और पारी की शुरुआत करते थे। आयुष ने उस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय अंडर-19 टीम के लिए डेब्यू किया था, हालांकि उन्होंने अब तक लाल गेंद के प्रारूप में नहीं खेला है। वहीं वैभव ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में डेब्यू किया था और जूनियर नेशनल टीम के लिए दो टेस्ट और तीन वनडे खेले हैं। इंग्लैंड के दौरे से भारतीय अंडर-19 टीम को 2026 अंडर-19 विश्व कप की तैयारी करने का मौका मिलेगा जो अगले साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।

# दिल्ली में कैसे बढ़ेगी स्कूलों की फीस, क्या-क्या लगाम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने कैबिनेट बैठक में नए बिल के मसौदे को मंजूरी दे दी। इस बिल के अनुसार, फीस वृद्धि से पहले अनुमति लेनी होगी। तीन स्तर पर कमेटी फीस बढ़ोतरी तय करेगी। मनमानी करने वाले स्कूलों पर 10 लाख रुपये तक जुर्माना लगेगा। यह बिल अगले सत्र में पेश किया जाएगा। दिल्ली सरकार मनमानी फीस बढ़ोतरी और इसे लेकर अभिभावकों-छात्रों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ सख्त कानून लाने जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इससे जुड़े बिल ट्रांसपेरेंसीइन फिक्ससेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025 के मसौदे को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि फीस तय करने में अभिभावकों की भी भूमिका होगी। शिक्षा मंत्री अशीष सूद ने बताया कि नए कानून के अनुसार तीन स्तर पर कमेटी फीस तय करेगी। पहली समिति स्कूल स्तर पर होगी। स्कूल प्रबंधन प्रतिनिधि की अध्यक्षता में गठित इस समिति में प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक और पांच अभिभावक होंगे। यह कमेटी हर साल 31 जुलाई को गठित की जाएगी। कमेटी को 30 दिन में रिपोर्ट देनी होगी। समिति में फीस बढ़ोतरी पर सहमत नहीं है तो मामला जिला शुल्क अपील समिति के पास जाएगा। समिति में सीए, जोनल उपनिदेश, क्षेत्रीय लेखाधिकारी, शिक्षक और अभिभावक प्रतिनिधि होंगे। इस समिति को 45 दिन में रिपोर्ट देनी होगी। अगर यह समिति फीस नहीं तय कर पाती है तो शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनी इसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, सीए, लेखा नियंत्रक, निजी स्कूल प्रतिनिधि और अभिभावक प्रतिनिधि होंगे। तीन वर्ष में एक बार रेटिंग से तय होगी बढ़ोतरी बिल में बताया गया है कि स्कूल फीस तय करने का आधार क्या होगा। मसलन स्कूल की पढ़ाई कैसी है। उनकी वित्तीय स्थिति क्या है। स्कूल में क्या सुविधाएं मिल रही हैं। परिणाम क्या आ रहे हैं, इन तथ्यों को आधार बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री अशीष सूद ने बताया कि एक बार तय फीस अगले तीन अकादमिक वर्षों तक लागू रहेगी। इससे अभिभावकों को राहत मिलेगी और अनिश्चितता कम होगी। राजधानी दिल्ली में मनमानी फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों पर दिल्ली सरकार कई तरह से नकेल कसने वाली है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि स्कूल अगर समितियों की ओर से तय फीस को नहीं मानते हैं तो उनपर एक से दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर स्कूल का लाइसेंस रद्द करने के साथ उसे टेकओवर भी किया जा सकता है। बच्चों के साथ फीस न देने पर किसी छात्र का नाम काटना, परिणाम रोकना, कक्षा या गतिविधियों से वंचित करना, सार्वजनिक रूप से अपमान करने पर स्कूल पर प्रति बच्चा 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान कानून में किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर नई मुसीबत, 2000 करोड़ के एक और घोटाले में एफआईआर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कथित शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग केस में लंबे समय तक जेल में रह चुके दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन नई मुसीबत में घिर गए हैं। आम आदमी पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेताओं पर अब कथित क्लासरूम घोटाले में केस दर्ज गिया गया है।

### दिल्ली के कॉलेज के ऐसे हाल, क्लास के दौरान महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के सिर पर गिरा पंखा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज में सोमवार को हुए एक हादसे में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर बाल-बाल बच गई। दरअसल क्लास के दौरान वहां लगा सीलिंग फैन अचानक गिर गया, जिसके चलते वहां मौजूद महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के सिर में चोट लग गई। इस घटना के बाद का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रोफेसर दर्द से कराहती हुई अपना सिर पकड़े बैठी हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि टूटा हुआ पंखा फर्श पर पड़ा है। कॉलेज प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि, यह दुर्घटना शैक्षणिक ब्लॉक के कमरा नंबर 32 में हुई। हम प्रोफेसर को तुरंत अस्पताल ले गए। अब उनकी हालत स्थिर है। आगे उन्होंने कहा, इस घटना के बाद हमने इमारत में लगे सभी सीलिंग फैन का निरीक्षण और मरम्मत शुरू करवा दी है, इसके साथ ही कॉलेज भवन का स्ट्रक्चरल ऑडिट भी चल रहा है। उधर पंखा गिरने की इस घटना के बाद छात्रों में आक्रोश फैल गया है। जिसके बाद कालिंदी कॉलेज छात्र संघ ने मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपकर बुनियादी ढांचे के पूर्ण ऑडिट और तत्काल मरम्मत की मांग की। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (ष्ठस्) के अध्यक्ष रौनक खत्री ने इस घटना को लेकर एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने इसकी कड़ी निंदा की और विश्वविद्यालय प्रशासन से तीन महीने के भीतर जर्जर कॉलेज भवनों की पहचान करने और उनकी मरम्मत करने के लिए एक समिति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने ऑडिट निष्कर्षों को सार्वजनिक करने की मांग भी की।

### इमरजेंसी और आतंकी हमले से निपटने को दिल्ली एयरपोर्ट तैयार, बनेगा कमांड सेंटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट पर किसी भी आतंकी घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए उपराज्यपाल की तरफ से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इसके लिए एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर स्थान दिया गया है। एयरपोर्ट पर आतंकी हमला, केमिकल हमला, विमान क्रैश और भूकंप जैसी स्थिति से निपटने के लिए यह कमांड सेंटर काम करेगा। आपात स्थितियों से निपटने के लिए एयरपोर्ट के प्रत्येक कर्मचारी को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट देश के सबसे सुरक्षित एयरपोर्ट में शामिल है। यहां किसी प्रकार का आतंकी हमला, केमिकल हमला, तेज भूकंप, बाढ़ या विमान क्रैश होता है तो उससे निपटने के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार की तरफ से एयरपोर्ट पर इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मौजूद अधिकारी एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ, पुलिस, डायल कर्मचारी, दुकानदार, सुरक्षाकर्मी, लोडर, एयरलाइंस कर्मचारी आदि को आपातकाल स्थिति के लिए प्रशिक्षण देंगे। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सभी एजेंसियां सुरक्षा से लेकर यात्रियों की सहायता करने में बेहतर कार्य कर रही हैं।

## तुम्हारे बुरे दिन शुरू हैं, अगर ये काम 24 घंटे में बंद नहीं किया...; रेखा के मंत्री ने किसे दी चेतावनी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की रेखा सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि नटवरलाल केजरीवाल जी इस पूरी दिल्ली में अव्यवस्था फैलाकर गए थे। उनके द्वारा फैलाई गंदगी को मैं एक-एक करके साफ करता जा रहा हूं। झुग्गियों में रहने वाले लोगों के लिए शौचालय बनाने की बात करते हुए इल्लीगल ढाबे वालों को चेतावनी दी है। सिरसा ने कहा कि तुम्हारे बुरे दिन शुरू हो गए हैं।

सिरसा ने कहा कि झुग्गियों में रह रहे लोग सम्मान से शौचालय जा सकें इसके लिए उन्हें आज नया शौचालय दिया है। इस इलाके में गैरकानूनी ढाबों को बंद करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया था जिसमें 90त्न लोग इन्हें बंद करके चले गए। लेकिन, अभी भी जो लोग गैरकानूनी काम कर रहे हैं, कोई नशे का काम करता है, कोई शराब बेचता है, कोई सट्टा चलाता है। मैं इन लोगों को बताना चाहता हूं कि तुम्हारे बुरे दिन शुरू हैं।

मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि जितनी जल्दी इस धंधे को बंद करके अपने काम में आ जाओगे, बच जाओगे। अगर काबू में नहीं आओगे, तो बचने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। सिरसा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस देश में कानून के साथ रहना होगा। दिल्ली के अंदर कानून के साथ रहना होगा। 10 साल तुम लोगों ने बहुत बदमाशी कर ली। अब वो सब काम खत्म हो गया है। अगर तुम लोगों ने ये काम मेरे इलाके से 24 घंटे में बंद नहीं किया तो अपना हश्र देखना क्या होगा।

## वीजा वाले भेजे गए पाकिस्तान, क्यों बची हुई है सीमा हैदर; कहां फंस रहा पेच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर उन्हें वापस भेजने का आदेश दिया। यूपी समेत देशभर से अब तक सैकड़ों ऐसे लोगों को वापस पाकिस्तान भेजा जा चुका है। लेकिन भारत में अवैध रूप से आई सीमा हैदर की पाकिस्तान वापसी पर असमंजस बरकरार है। कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने सीमा हैदर को लेकर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) से सीमा हैदर के दस्तावेज सत्यापन संबंधी जवाब नहीं आए हैं। ऐसे में न्यायालय में अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक सीमा हैदर को लेकर कोई नया निर्देश फिलहाल नहीं आया है। सीमा हैदर के भारत में नागरिकता के लिए आवेदन करने और विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) दस्तावेज सत्यापन की रिपोर्ट नहीं मिलने से सीमा हैदर के खिलाफ कोई निर्णय नहीं हो सका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीमा का मामला अलग तरीके का है और न्यायालय में विचाराधीन है। जैसा आदेश मिलेगा, आगे वैसा ही किया जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को तय समय के भीतर वतन वापस भेजने का निर्णय लिया गया है। सैकड़ों पाकिस्तानी नागरिक लौट चुके हैं। इन सब में सीमा हैदर का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सीमा की तरफ से कहा गया है कि वह भारत में ही रहना चाहती है, क्योंकि अब उसकी जिंदगी यहां बस चुकी है। वहीं, सीमा हैदर के वकील एपी सिंह का कहना है कि सीमा ने हिंदू धर्म अपनाकर सचिन मीणा से विवाह किया है।

## दिल्ली पुलिस चेकिंग में दो बदमाश गिरफ्तार, चलती गाड़ी से कूदे नीचे; चोट लगने से एक की मौत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर ने रुकने की बजाय भागने की कोशिश की। जिसे थोड़ी दूर पीछा करके पकड़ लिया गया। पुलिस को बाइक सवार एक आरोपी के पास से देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बाइक को भी जब्त कर लिया गया। इसके बाद जब पुलिस उन्हें थाने ले जा रही थी तो दोनों चलती गाड़ी से कूद गए जिसमें उन्हें चोटे आई। पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान एक बदमाश की मौत हो गई।

घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे नियमित मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग के दौरान, हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह और कांस्टेबल नितेश ने मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या ष्ठरुस्क्क7699) पर सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध व्यवहार करते देखा। जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया, तो दोनों ने भागने की कोशिश की। लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों की पहचान 28 साल के विकास उर्फ ??मजनू पुत्र महेश्वर मंडल निवासी समालका, नई दिल्ली और रवि साहनी उर्फ ??रवि कालिया, पुत्र सुशील दास साहनी निवासी समालका, नई दिल्ली उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। व्यक्तिगत तलाशी लेने पर आरोपी विकास उर्फ ??मजनू के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। यह चोरी की बाइक थी जिसे लेकर मोटर व्हीकल ऐक्ट की धारा 317(2) बीएनएस पीएस पालम गांव में चोरी का मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच की गई और उन्हें सरकारी वाहन में पीएस वसंत कुंज उत्तर के पुलिस लॉक-अप में ले जाया जा रहा था। ट्रांजिट के दौरान, वसंत कुंज उत्तर पुलिस स्टेशन के पास, दोनों धीमी गति से चल रहे वाहन से नीचे कूद गए और उन्हें चोटें आईं। उन्हें तुरंत आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां रवि साहनी उर्फ ??रवि कालिया को मृत घोषित कर दिया गया। मामले पर कानूनी प्रक्रिया (न्यायिक जांच) के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## आईएसपीआर के डीजी ने पाकिस्तान में भारत प्रायोजित आतंकवाद के सबूत पेश किए

### पहलगाम हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच पाक सेना की मीडिया विंग की अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर.सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ;आईएसपीआरद्ध के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत द्वारा पाकिस्तान में किए जा रहे ष्राज्य प्रायोजित आतंकवादष् के सबूत पेश किए। कहा गया कि पाकिस्तान के पास भारत द्वारा देश में फैलाए जा रहे आतंकवाद के सबूत हैं लेकिन भारत जो पहलगाम हमले का आरोप पाक पर लगा रहा हैए उसके समर्थन में वह कोई ठोस प्रमाण नहीं दे सका है।

पत्रकार वार्ता की शुरुआत में जनरल चौधरी ने कहा कि यह ब्रीफिंग विशेष रूप से एक अहम मसले पर स्थानीय और विदेशी मीडिया को पाकिस्तान का पक्ष स्पष्ट करने के लिए बुलाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत सीमा पार आतंकवाद में संलिप्त है और पाकिस्तान की संप्रभुता को कमजोर करने के लिए आतंकी नेटवर्कों का संचालन कर रहा है।

आईएसपीआर के डीजी ने बताया कि भारत पाकिस्तान के अंदर बारूदी सुरंगें ;आईईडीद्धए विस्फोटक सामग्री और अन्य हथियार पहुंचाकर आतंकवादियों को सुरक्षा बलों और आम नागरिकों पर हमले के लिए उकसा रहा है। उन्होंने कहा कि ये सबूत भारत की लंबे समय से चली आ रही पाकिस्तान.विरोधी नीति का हिस्सा हैंए जो राज्य प्रायोजित आतंकवाद के रूप में सामने आ रही है।

## सऊदी अरब ने अनधिकृत हज यात्रियों के लिए दंडात्मक व्यवस्था 28 अप्रैल से लागू

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय ने हज परमिट नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों और उनके मददगारों के लिए दंड की घोषणा की है। मंत्रालय ने कहा कि यह दंडात्मक व्यवस्था 28 अप्रैल से लागू कर दी गई है। यह 10 जून तक प्रभावी रहेगी। बिना परमिट के हज करने या कराने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर सऊदी रियाल 20 हजार ;5ए331ण्43 अमेरिकी डॉलरद्ध तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

अरब न्यूज अखबार के अनुसार आंतरिक मंत्रालय ने साफ किया है कि विजिट वीजा के लिए आवेदन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर एक लाख सऊदी रियाल तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह आर्थिक दंड उन सभी लोगों पर लागू होगाए जो यात्रा वीजा धारकों को निर्दिष्ट अवधि के दौरान मक्का शहर और पवित्र स्थलों पर ले जाते हैं या ले जाने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों को होटलए अपार्टमेंटए निजी आवासए आश्रय या आवास स्थलों सहित किसी भी आवास में आश्रय देने वालों से भी यह आर्थिक दंड वसूला जाएगा। विशेष मामलों में आर्थिक दंड को और भी बढ़ाया जा सकता है।

मंत्रालय ने कहा कि संबंधित अदालत से अनुरोध किया जाएगा कि वह निर्दिष्ट अवधि के दौरान मक्का शहर और पवित्र स्थलों तक यात्रा वीजा धारकों के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों को जब्त कर लेए यदि उनका स्वामित्व ट्रांसपोर्टरए सुविधाकर्ता या किसी सहयोगी के पास है।

# इजरायल के बाद एक और शक्तिशाली देश ने किया भारत के समर्थन का ऐलान

### संसद में की कई पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

**लंदन, एजेंसी।** इजरायल के बाद अब यूनाइटेड किंगडम ने पहलगाम आतंकी हमले में भारत का साथ देने का ऐलान कर दिया है। जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है। ब्रिटेन की सरकार ने देश की संसद में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकियों के खिलाफकार्रवाई में हम भारत के साथ हैं। ब्रिटिश सरकार ने देश की संसद में बताया है कि ष्पहलगाम आतंकी हमले के अपराधियों को पकड़ने में भारत को हमारा पूरा समर्थन हैष्। उसने यह भी कहा कि ष्भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए ब्रिटेन ष्अपनी पूरी राजनयिक भूमिका निभाना चाहता हैष्। आपको बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का असर लंदन की सड़कों पर भी दिख रहा हैए जहां भारत और पाकिस्तान मूल के नागरिक बार बार सड़कों पर आ रहे है।

हाउस ऑफकॉमन्स में विदेश कार्यालय के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने कहा कि ष्यह जरूरी है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस मामले की ठीक से जांच करें और अपराधियों पर फोकस करें।ष् ब्रिटिश सरकार ने कहा कि ष्यह बहुत जरूरी है कि ब्रिटेन में हम सभीए जो समुदाय के स्तर पर प्रभावशाली पदों पर हैंए यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करें कि यह तनाव ब्रिटिश सड़कों पर न फैले। एक भयानक आतंकवादी हमला हुआ हैण्ण्ण् हम पाकिस्तानियों से आग्रह करते हैं कि वे जांच में भारतीय सरकार का पूरा सहयोग करें।फाल्कनरए पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले पर एक बहस के दौरान बोल रहे थे। यह बहस लेबर पार्टी के सांसद गुरिंदर सिंह जोसन के एक सवाल के बाद शुरू हुई थी। जिसमें उन्होंने पूछा था कि इस आतंकी हमले को लेकर ब्रिटिश सरकार का स्टैंड क्या हैघ् इस पर फाल्कनर ने कहा कि ष्दोनों देश आपस में बात कर रहे हैंए जो अच्छी बात है। भारत को अपनी सुरक्षा की चिंता होना स्वाभाविक हैए क्योंकि यह एक भयानक घटना है। भारत



इस घटना के तथ्यों को स्थापित करने की पूरी कोशिश कर रहा है और उसे इसमें ब्रिटेन का समर्थन मिलेगा।ष् हालांकि फाल्कनर ने यह बताने से इनकार कर दिया कि ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसियों को इस बारे में अभी तक क्या पता है कि हमलों के पीछे कौन है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के उच्चायोगों को ष्ब्रिटेन सरकार से पूरी सुरक्षा मिलेगी ताकि वे सुरक्षित रहें। वहीं जम्मू और कश्मीर में जन्मे एक शख्सए जिसका नाम अंकित लव हैए उसपर रविवार को पाकिस्तान के उच्चायोग में खिड़कियां तोड़ने का आरोप लगा हैए जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। उसे सोमवार को अदालत में पेश किया गया। आपको बता दें कि अंकित लव पर भारतीय सरकार ने 2022 में भारतीय उच्चायोग पर अंडे और पत्थर फेंकने के आरोप में ब्लैकलिस्ट कर दिया था। फाल्कनर ने ब्रिटेन की संसद में सांसदों को बताया कि उन्हें एक पाकिस्तानी राजनयिक के गले काटने के इशारे वाले वीडियो के बारे में पता है। फाल्कनर ने कहाए ष्मेट्रोपॉलिटन पुलिस इसकी जांच कर रही हैए इसलिए मैं इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगाए।

संक्षिप्त समाचार

## बैठक में विधायक ने सुनीं कॉलेजों की समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र स्थित डिग्री और इंटर कॉलेजों के शासी निकाय की एक आवश्यक बैठक परिसदन में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने की। इस बैठक में क्षेत्र के सभी कॉलेजों के प्राचार्य और सचिव उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य कॉलेजों में विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं की समीक्षा और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना था। विधायक श्वेता सिंह ने बताया कि



कॉलेजों को मिलने वाली अनुदान राशि के सही और पारदर्शी वितरण पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा, कॉलेज परिसरों में पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, तथा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने के उपायों पर भी विचार किया गया। बैठक के दौरान प्राचार्यों और सचिवों ने कॉलेज की वर्तमान स्थिति, छात्रों की समस्याएं जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और शिक्षकों की कमी जैसे मुद्दों को सामने रखा। विधायक ने आश्वस्त किया कि शासी निकाय इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास करेगा और विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

## मृत कर्मचारी आश्रित संघ ने की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात मृत कर्मचारी आश्रित संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक टू टैंक गार्डन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सन्नी देवल और संचालन शकील अहमद ने किया। बैठक में विगत 28 अप्रैल को बोकारो स्टील प्रबंधन और महाप्रबंधक (एच.आर) के साथ संघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक का ज़िक्र किया गया, जिसमें स्थायी नियोजन, आवास, चिकित्सा और वैधानिक सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार यह वार्ता सकारात्मक रही। इसके बाद 29 अप्रैल को मुख्य महाप्रबंधक (एच.आर) हरिमोहन झा के साथ दूसरी बैठक हुई, जिसमें प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि आश्रितों के नियोजन को लेकर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। संघ ने बताया कि अगली बैठक 07 मई को प्रस्तावित है, जिसमें इन चार सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय की उम्मीद की जा रही है। इसी सकारात्मक माहौल को देखते हुए 01 मई को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। हालांकि संघ ने साफ कहा है कि अगर आगामी बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे 'करो या मरो' आंदोलन की राह पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

## रेड क्रास आयोजित कर रहा है रक्तदान शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा पूरे जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 22 अप्रैल से शुरू किए गए इस अभियान में अब तक 98 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया है, जिसे जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध भी कराया जा रहा है। रेडक्रास द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर आगामी 21 जुलाई तक जारी रहेगा। कैलेंडर अनुरूप जिले के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने आमजनों से आगे बढ़ कर रक्त दान करने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है, जो कि पूरी तरह से गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि रक्त दान करने से शरीर और भी ऊर्जावान होता है। रक्तदान कई मायने में शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने का बेहतर उपाय है। रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है। रक्तदान सही मायने में जीवनदान देने जैसा है। जिंदगी में हम कई बार समय पर खून नहीं मिलने की समस्या से प्रभावित होते हैं, ऐसे में *हम सभी स्वस्थ लोगों का दायित्व बनता है कि समय-समय पर रक्तदान करते रहें ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके।

## उपायुक्त एवं एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण


**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी चार मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल देने के उद्देश्य से आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी



मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एच पी जनार्दनन ने धनबाद जिला अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं एसएसपी ने स्कूल के प्राचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, समुचित विद्युत व्यवस्था, पेयजल व शौचालय की सफाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में परीक्षा पूरी होगी। दोपहर दो बजे से पांच बजे तक परीक्षा संचालित होगी, केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के समय पुरुष व महिला सभी परीक्षार्थियों की जांच होगी। परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखनी है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजित कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्अभिषेक कुमार झा, एन टी ए सिटी कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह मौजूद रहें।

## बसंत महतो ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**टुंडी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज टुंडी प्रखंड अंतर्गत कमारडीह पंचायत के भोजूडीह में 100kv का ट्रांसफार्मा टुंडी के लोकप्रिय विधायक सह सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक माननीय मथुरा प्रसाद महतो जी के अनुज श्री बसंत कुमार महतो ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से उक्त गांव में



ट्रांसफार्मर खराब रहने से अंधेरा छाया था, इस पर माननीय विधायक जी ने पहल करते हुए पर विभाग से नया ट्रांसफार्मर दिलाया। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के वरिष्ठ नेता अनवर अंसारी,मुखिया जय नारायण मंडल,गिरधारी महतो, सिद्दिक अंसारी,गगन साव,बीरु सिंह,मनोज निषाद,राजेंद्र पासी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कदाचार रहित शांतिपूर्ण माहौल में नीट यूजी परीक्षा का करें आयोजन : उपायुक्त

## परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में तैनात रहेंगे वरीय पदाधिकारी व दंडाधिकारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संयुक्त रूप से आगामी 04 मई को आयोजित होने वाले नीट (यूजी) परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक की। मौके पर डीपीएलआर निदेशक सह नोडल पदाधिकारी मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, क्षेत्रीय उप निदेशक बियाडा मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, सिटी कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार समेत सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, संबंधित बीडीओ - सीओ, केंद्राधीक्षक आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नीट (यूजी) परीक्षा 2025 का संचालन कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना जिला प्रशासन का दायित्व हैं और इसको सही से निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए) द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन संबंधित सभी पदाधिकारी -कर्मियों को सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए शिक्षा विभाग, बिजली विभाग और यातायात विभाग आदि को कई जिम्मेदारियां सौंपी। इसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर दिव्यांग परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए व्हील चेयर व सहायकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही केंद्रों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कार्यपालक अभियंता को परीक्षा से एक दिन पूर्व ही विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी परीक्षा केंद्रों में जरनेटर की व्यवस्था केंद्राधीक्षक को करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को परीक्षा के सीटी कार्डिनेटर सह प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय नंबर वन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर की व्यवस्था को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति के सदस्यों को सभी परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण परीक्षा की तिथि के पूर्व करते हुये सभी आवश्यक तैयारियां कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने जिले के परीक्षा केंद्रों में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों से अपील किया है कि वह भी एनटीए के गाइडलाइन का अनुपालन करें। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 04 मई को पूर्वाह्न 11.00 बजे से शुरू हो जाएगा, जो अपराह्न 1.30 बजे तक जारी रहेगा। अपराह्न 1.30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल परीक्षा का एडमिट कार्ड,पासपोर्ट साइज फोटो एवं कोई भी एक पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) साथ लाएंगें। परीक्षार्थी अपने साथ लिखने के लिए कलम (पेन) भी नहीं लाएंगे। परीक्षा कक्ष में ही उन्हें एन.टी.ए. द्वारा उपलब्ध कलम (पेन) उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल रहेंगे। एचएचएमडी (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के साथ परीक्षार्थियों की फिस्कींग के लिए भी अलग झ्र अलग टीम तैनात रहेगी। परीक्षा की पूर्व संध्या से ही सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी - पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति होगी। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार - विमर्श कर जरूरी दिशा निर्देश द्वय पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। मौके पर सिटी कार्डिनेटर सह केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर 04 बोकारो के प्राचार्य मनोज कुमार ने नीट (यूजी) परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन/ तैयारियों के संबंध में बिंदुवार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक आदि को बताया। बैठक में डीटीओ वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

**परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र के अंदर निम्नलिखित वस्तुओं को ले जाने की अनुमति नहीं हैः-**

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामिति/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, कैलकुलेटर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि। कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन,माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि। अन्य आइटम जैसे वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, कॉप आदि। कोई भी घड़ी/कलाई घड़ी, ब्रेसलेट, कैमरा, आदि। कोई भी आभूषण। कोई भी खुली या पैक की हुई खाद्य सामग्री आदि। कोई अन्य वस्तु जिसका अनुचित साधनों के लिए उपयोग किया जा सकता है, संचार उपकरण जैसे माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को छिपाकर।

यदि किसी उम्मीदवार के पास केंद्र के अंदर कोई भी प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है, तो इसे अनुचित साधनों का उपयोग माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, परीक्षा केंद्र/केंद्राधीक्षक परीक्षार्थियों द्वारा लाएं गए किसी भी सामान की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। जानकारी हो कि, नीट परीक्षा को लेकर जिले में 08 परीक्षा केंद्र क्रमशः पीएमश्री पंचान्न राजबाला प्लस टू हाई स्कूल सतनपुर, डिस्ट्रिक्ट रामरूद्रा सीएम एसओई चास बोकारो, केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर फोर, महावीर जी प्लस टू हाई स्कूल बिजुलिया, केंद्रीय विद्यालय सीटीपीएस चंद्रपुरा बोकारो, अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लकरखंदा, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 03 एवं प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री बचकानी बातें छोड़ युद्ध की घोषणा करें : श्वेता सिंह



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने प्रधानमंत्री की हालिया टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 'बचकानी बातें' कर रहे हैं और सेना को खुली छूट देने जैसी 'डबल मीनिंग' वाली बयानबाजी कर रहे हैं। श्वेता सिंह का मानना है कि अगर वास्तव में ठोस कार्रवाई करनी है तो सरकार को सीधे तौर पर युद्ध की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, पूरा देश एकजुट है, प्रधानमंत्री को हिम्मत दिखानी चाहिए। एक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आतंकी घटनाओं को सुरक्षा में चूक का नतीजा बताता है तो उसे 'देशद्रोही' करार दे दिया जाता है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले देश की सीमाएं सुरक्षित की जाएं, उसके बाद आतंकियों के खिलाफ घर में घुसकर कार्रवाई हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को प्रतीकात्मक कार्रवाई की जगह ठोस रणनीति अपनानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने विशेष सत्र बुलाकर सभी दलों को विश्वास में लेने और सामूहिक सहमति से युद्ध की घोषणा करने का सुझाव दिया।

# एमएसएमई फामेर्लाइजेशन शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के लगभग पचास महिला उद्यमियों का बुधवार को उद्यम पंजीकरण किया गया। इसके साथ ही ये महिला उद्यमी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेन की पात्र हो गई हैं। ये सभी उद्यमी जन शिक्षण संस्थान बोकारो से प्रशिक्षित हैं। जिला उद्योग केंद्र की ओर से जन शिक्षण संस्थान के चास स्थित सभागार में आयोजित एक दिवसीय एमएसएमई फामेर्लाइजेशन कैंप सह जागरूकता कार्यक्रम में उद्यम पंजीकरण किया गया।

मौके पर जन शिक्षण संस्थान, बोकारो से प्रशिक्षित बड़ी संख्या में महिला उद्यमी मौजूद थीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जिला उद्योग केंद्र, धनबाद के महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने महिला उद्यमियों को पीएम विश्वकर्मा, पीएमईजीपी और पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण) आदि योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए लघु एवं सूक्ष्म उद्यम की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि उद्यम पंजीकरण हो जाने के बाद उद्यमी किस प्रकार के लाभ के पात्र बन जाते हैं। मौके पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक फिलमोन बिलुंग ने कहा कि उद्यमिता विकास में नबार्ड की भूमिकाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण लेने की सार्थकता इसी में है कि सभी प्रशिक्षणार्थी स्वरोजगार से जुड़ जाएं। खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में जन शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित महिलाएं किसी न किसी उद्यम से जुड़ी हुई हैं और अपना आजीविका चला रही हैं। उम्मीद है कि उद्यम पंजीकरण के बाद सभी महिला उद्यमियों के व्यापार का फलक विस्तार होगा। जन शिक्षण संस्थान की निदेशक नेहा पराशर ने जन शिक्षण संस्थान, बोकारो की भूमिकाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा है भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित यह संस्थान अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए समर्पित है, जिसका नेटवर्क सुदूर गांवों तक है। उन्होंने कहा कि जिला उद्योग केंद्र हो या नबार्ड प्रकारांतर से सबका उद्देश्य एक ही है कि जिले के साधनविहीन लोगों को आजीविका का अवसर प्रदान करना। इसलिए एमएसएमई फामेर्लाइजेशन कैंप सह जागरूकता कार्यक्रम बड़े काम के होते हैं। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र बोकारो के विकास प्रकाश, किशोर रजक, सुमित कुमार, मोहन प्रसाद, मोहम्मद अब्दुल्ला कमर, राजेश कुमार महतो के अलावा जन शिक्षण संस्थान, बोकारो की कार्यक्रम पदाधिकारी विद्या कुमारी आदि मौजूद थे।

# कार्यशाला आयोजित कर नशामुक्ति के लिए करें जागरूक : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बुधवार को एनकोर्ड (नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन) की जिला स्तरीय समिति की बैठक किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा शालिनी खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सीटी डीएसपी आलोक कुमार, ड्रग निरीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद अंसारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने जिला में नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में नशा करनेवालों द्वारा नशे के विभिन्न तरीकों के इस्तेमाल व उनकी उपलब्धता पर चर्चा की गई और नशीली चीजों पर रोक लगाने हेतु आवश्यक अभियान चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया गया। उन्होंने नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता को लेकर वृहद कार्यशाला आगामी 06 मई 2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) सभागार में आयोजित करने को कहा। जिसमें प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ, विभिन्न विद्यालयों के बच्चें, जन प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी आदि शामिल होंगें। उपायुक्त ने नशीली वस्तुओं के बिक्री पर नियंत्रण लगाने हेतु आवश्यक निदेश सिविल सर्जन प्रतिनिधि एवं ड्रग इंस्पेक्टर को दिया गया। इसके लिए क्षेत्र में अभियान चलाने को कहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी - जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति आवश्यक रूप से जागरूक करने, कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों के आंतरिक सूचना तंत्र को विकसित करने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने, नशीले पदार्थों की खेती नहीं होने को लेकर सतर्कता बढ़ाने को कहा।

## जिला गंगा समिति की हुई बैठक, नदियों को स्वच्छ रखने पर हुई चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला गंगा समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त विजया जाधव ने किया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार, क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में नदियों को स्वच्छ रखने के दिशा में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों द्वारा किए गए कार्यो- प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इकाईयों द्वारा ठोस कचड़ा प्रबंधन उपचार (एसडब्ल्यूएमटी) प्लांट अधिष्ठापन के दिशा में क्रमवार जानकारी ली। इस दौरान बीएसएल, सीटीपीएस, बीटीपेस, बीपीएससीएल एवं बियाडा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक इकाईयों को एसडब्ल्यूएमटी प्लांट का अधिष्ठापन अविलंब करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी को निरीक्षण कर विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का कचड़ा निस्तारण की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने को कहा। उसका फोटोग्राफी कराने को कहा। पूर्व में जिन्हें नोटिस दिया गया, उनके जवाब का अध्ययन कर अग्रेतर कार्रवाई को कहा।

# कतरास कॉलेज में वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी



**कतरासगढ़ (धनबाद)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में लोगों को जागरूक तथा इसकी उपलब्धि को लेकर बुधवार को बाघमारा विधानसभा अंतर्गत कतरास कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता कतरास कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने संबोधित कर युवाओं को एक राष्ट्रीय चुनाव की आवश्यकता उसके दूरगामी लाभ एवं राजनीति भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उपस्थित धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन में कहा एक देश एक चुनाव होने से आमजनों को मतदान में करने में सहूलियत होगी। राजस्व खर्च कम होगा।प्रधानमंत्री मोदी नरेंद्र के कार्यकाल में विगत वर्षों में देश की संसद में अनेक ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं जिसमें प्रगतिशील परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच राष्ट्रहित में है और इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम लगातार विकसित भारत के निर्माण की ओर बढ़ रहे हैं एक देश एक चुनाव का निर्णय भी निश्चित ही राष्ट्रीयहित में साबित होगा इससे न केवल देश को आर्थिक लाभ होगी बल्कि सरकारों और जनप्रतिनिधियों को भी जनता की सेवा करने का अधिक समय मिलेगा जो बार-बार चुनाव होने से बाधित होता है। भाजपा जिला महामंत्री मानस प्रसून्न ने कहा बार-बार चुनाव करवाने से न केवल आर्थिक संसाधनों की बबार्दी होती है बल्कि प्रशासनिक कार्यो और विकास योजनाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारतीय जनता युवा के प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन देश के चुनाव प्रणाली सरल बनाएगी बल्कि बार-बार आचार संहिता से रुकने वाली विकास कार्यो को गति मिलेगी। स्कूली बच्चों एवं विद्यार्थियों को पठन-पाठन में बार बार व्यवधान से मुक्ति मिलेगी।

# बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल'2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा एवं मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री हरिमोहन झा उपस्थित रहे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री हरिमोहन झा ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया. सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री सी. आर. महापात्रा ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की.

उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए. अप्रैल'2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 07 अधिशासी एवं 38 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. समारोह के अंत में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक सी. आर. महापात्रा तथा मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) हरिमोहन झा ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया. मुख्य महाप्रबंधक (एम आर डी तथा अतिरिक्त प्रभार एस एम एस -न्यू) राजीव धवन के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. निदेशक प्रभारी, तिवारी ने राजीव धवन को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# संविधान रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जायेगी : उमेश प्रसाद गुप्ता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी की अहम बैठक परिसदन में जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कहा गया कि आगामी 6 मई को राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली में बोकारो जिला से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में तैयारी हेतु जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए रणनीति तय की गई। मौक पर श्री गुप्ता ने कहा कि संविधान रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी।आगामी 6 मई को पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा राँची में आयोजित रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ,संगठन प्रभारी सह महासचिव केसी वेणुगोपाल,छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश वेघल, झारखण्ड प्रभारी के राजू शामिल होंगे। झारखंड में संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगा। नेताओं -कार्यकताओं सहित आम जनता में उत्साह हैं।अपने अधिकारों के प्रति जनता जागरुक है।साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के तानाशाही से लोकतंत्र और संविधान को सुरक्षित रखने का अभियान जारी रहेगा। मौके पर अशोक मिश्रा, इंद्रदेव पासवान, नागेंद्र चौधरी, नजीर अहमद, महावीर सिंह चौधरी, मुख्तार अंसारी, गौरव राय, बैजनाथ जायसवाल,शहीद राजा, राजाराम गुप्ता, कृष्ण यादव,आलम भाई, रमेश राय, अजय शर्मा, सुधीर जायसवाल, कासिम भाई, पूनम यादव, नेहा यादव,निरा सिंह,जीवन मंडल, राजीव सिंह, अमानत हुसैन समेत जिले के ऊजार्वान कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com